हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

शुक्ल पक्ष त्रयोदशी विक्रम संवत 2080 • औरंगाबाद • बुधवार • 21 फरवरी 2024 • वर्ष 26 • अंक 72 • पृष्ठ

मूल्य ₹ 2.00



## संक्षिप्त समाचार

### समेकित कृषि प्रणाली को लेकर किसानों का चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**कौआकोल।** प्रखण्ड के जेपी आश्रम परिसर अवस्थित राजेन्द्र भवन में कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा,नवादा के बैनर तले शेखपुरा जिला के किसानों का चार दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। समेकित कृषि प्रणाली विषयक आयोजित इस प्रशिक्षण में आत्मा,शेखपुरा के 20 चयनित प्रगतिशील किसानों ने हिस्सा लिया। कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० रंजन कुमार सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के कोर्स कॉर्डिनेटर डॉ० शशांक शेखर सिंह ने समेकित कृषि प्रणाली के कई आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा इस कृषि प्रणाली से किसानों की आमदनी को दुगना करने सहित विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में वैज्ञानिक डॉ० धनंजय कुमार,डॉ० जयवंत कुमार सिंह,डॉ० अनुज्ञा भारती,रविकांत चौबे,सुमिताप रंजन,अनिल कुमार मौजूद थे।

### प्याज के खेत में काम कर रहे बुजुर्ग की पिटाई,थाने दिया आवेदन



**रजौली।** थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव में प्याज की खेत में काम कर रहे 60 वर्षीय बुजुर्ग हरिचन्द्र पासवान को गांव के ही कुछ लोगों मारपीट किया गया।जिसको लेकर पीडित बुजुर्ग ने थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।बुजुर्ग ने कहा कि वे मंगलवार की सुबह 9:30 देवेंद्र सिंह के बेटे बब्लू सिंह के प्याज की खेत में काम कर रहे थे।इसी बीच गांव के ही ईश्वरी प्रसाद के पुत्र दिवाकर प्रसाद,जगदेव प्रसाद के पुत्र रामवृक्ष प्रसाद,अरुण प्रसाद व ईश्वरी प्रसाद,रामवृक्ष प्रसाद की बेटी नीलम कुमारी एवं ईश्वरी प्रसाद को बेटी तरुण कुमारी लाठी-डंडा लेकर अचानक मारपीट करने लगे एवं खेत में रोपे हुए प्याज को उखाड़ने लगे।मेरे द्वारा मना किये जाने पर उक्त लोगों द्वारा जातिसूचक गालियां दी जाने लगी।साथ ही कहा कि तुम बाभन का खेत कैसे जोत रहा है।यहां से भाग जाओ नहीं तो जान से मारने की धमकी दी।इस बीच बचाव में खेत मालिक बब्लू सिंह आये तो उन्हें भी भद्दी-भद्दी गालियां दी गई।इस बाबत पर अपर थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार ने कहा कि मामले को लेकर लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है।पुलिस पदाधिकारी को जांच हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।जांचोपरांत उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित किये जाने की बात कही।

### लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नवादा एवं कोडरमा उत्पाद बलों द्वारा की गई संयुक्त कार्रवाई

**रजौली।** आगामी लोकसभा का आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर मद्य निषेध टीम नवादा और कोडरमा उत्पाद टीम तथा सतगावा थाना बल के साथ संयुक्त रूप से कोडरमा जिला अंतर्गत सीमावर्ती इलाकों में सतगामा थाना अंतर्गत राजाबर गांव के समीप रहुआ पहाड़, कौवाकोल पहाड़,चरखी पहाड़ के क्षेत्र में छापामारी कर 4 अवैध शराब निर्माण केंद्र को विनष्ट किया गया।इस दौरान चार अभियोग दर्ज किया गया,जिसमें दो फरार और दो अज्ञात है।वहीं 8000 किलोग्राम जावा महुआ का किण्वित घोल विनष्ट करते हुए 200 लीटर तैयार महुआ शराब बरामद किया गया है। छापामारी दल में सतगावा थाना में प्रतिनियुक्ति प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक दिवाकर कुमार,इसी थाना से सहायक अवर निरीक्षक पुलिस निषाद कुमार,कोडरमा उत्पाद टीम के अवर निरीक्षक शिवसागर,निखिल चंद्र और सुभाष बेसरा शामिल रहे।इस छापेमारी में राजाबर पुलिस विकेट के प्रभारी ने भी हिस्सा लिया।उत्पाद विभाग नवादा से अवर निरीक्षक सन्नी कुमार,रूपेश कुमार,राजेश पटेल,रहमत जमा और सहायक अवर निरीक्षक अर्चना कुमारी,सुष्मिता कुमारी एवं सैफ बल तथा बिहार गृह रक्षक के जवानों ने भाग लिया। इस संयुक्त छापामारी में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी।दो के विरुद्ध फरारी नामजद अभियोग दर्ज किया गया है एवं दो का नाम अभी अज्ञात है।जिसमें अनुसंधान के उपरांत कोडरमा उत्पाद द्वारा कार्रवाई की जाएगी।बताते चलें कि उत्पाद अधीक्षक कोडरमा और उत्पाद अधीक्षक नवादा एवं अधीनस्थ पदाधिकारी के बीच कोडरमा उत्पाद कार्यालय में 13 फरवरी को संयुक्त बैठक की गई थी,जिसमें इस छापामारी की योजना तैयार की गई थी।वहीं दोनों पक्षों ने आपसी सूचना साझा करते हुए पुलिस के सहयोग से आज इस छापामारी को अंजाम दिया है।उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रखी जाएगी।

### पासोपुर गांव में नौ दिवसीय सीताराम नाम महासंकीर्तन महायज्ञ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुई शुरू

**भगवानपुर बेगुसराय।** भगवानपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दामोदरपुर पंचायत के पासोपुर गांव में नौ दिवसीय सीताराम नाम महासंकीर्तन महायज्ञ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मंगलवार से शुरू हुई। श्री सीताराम नाम के उदघोष से पासोपुर गांव सहित आसपास के गांवों में भक्तिमय का माहौल बन गया। वहीं उक्त संकीर्तन में पुरूष के साथ-साथ गांव के महिलाओं की टोली भी जूट गए। भक्ति का ऐसा समां लोगों में समाया कि लोग सब कुछ भूल सीताराम में रम गए। इसको लेकर बच्चों में भी उत्साह का माहौल देखा गया। बताते चलें कि उक्त गांव में विगत 49 वर्षों से लगातार नौ दिवसीय सीताराम नाम महा संकीर्तन यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन को सफल बनाने में ग्रामीण रामयतन राय, राधेश्याम राय, मुनेश्वर राय, सत्यनारायण राय, सत्यनारायण पोद्दार, अनील राय, फौदार राय सहित दर्जनों युवाओं की टोली दिन रात जुटे हुए हैं.

### लूटपाट व रंगदारी मांगने मामले के एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**बछवाड़ा ( बेगूसराय )।** बछवाड़ा थाना क्षेत्र के रुदौली पंचायत के भरौल गांव में छापेमारी कर बछवाड़ा थाना पुलिस ने लूटपाट व रंगदारी मांगने मामले के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है । मामले को लेकर थानाध्यक्ष बछवाड़ा अमित कुमार कांत ने बताया कि रुदौली पंचायत के भरौल गांव निवासी रामाकांत ईश्वर के पुत्र मणिकांत ईश्वर को गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार व्यक्ति बछवाड़ा थाना का नामजद प्राथमिकी अभियुक्त है । उक्त व्यक्ति के विरुद्ध बछवाड़ा थाना में अपने ही ग्रामीण के खेत में लगी फसल लूटने व रंगदारी मांगने का मामला दर्ज है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति को पूछताछ के उपरांत न्यायिक हिरासत बेगूसराय भेज दिया गया है ।

### चिमनी मालिक से मांगा गया रंगदारी

**चेरियाबरियारपुर बेगुसराय।** चेरियाबरियारपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुंभी पंचायत में अवस्थित शिवा ब्रिक्स एवं नाज़ ब्रिक्स के नाम से संचालित ईंट चिमनी मालिक से रंगदारी मांगने का मामला प्रकाश में आया है. इस संबंध में चिमनी के मालिक ने जय जय राम सिंह एवं मोहम्मद अली ने संयुक्त रूप से थाने में एक आवेदन दिया है. जिसमें देर रात 8 से 10 की संख्या में अज्ञात अपराधियों के द्वारा चिमनी पर पहुंचे. तथा गाली गलौज करने लगे. इसके उपरांत सभी मजदूरों को लाइन में खड़ा करके मारपीट करने का भी आरोप लगाया गया है. मारपीट के क्रम में महिला मजदूरों के साथ अभद्र व्यवहार करने की बात भी कही गई है. साथ ही कल तक मालिक को 10 लाख रुपया रंगदारी देने अन्यथा सभी को जान से मार देने की धमकी देने का आरोप भी लगाया गया है. पीड़ित के द्वारा आवेदन की प्रति अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं जिला पुलिस कप्तान को भी प्रेषित किया गया है.

# जिला पार्षद उपाध्यक्ष से जनहित की समस्याओं को निदान करने की मांग

निज संवाददाता। **नारदीगंज**



प्रखंड में स्थित पेंशनर भवन में मंगलवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पार्षद उपाध्यक्ष निशा कुमारी को पेंशनर समाज के लोगों ने पुष्प माला व शाल देकर सम्मानित किया। अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। इस मौके पर जिला पार्षद उपाध्यक्ष ने पेंशनर भवन के मरम्मती कार्य का लोकार्पण किया। इस भवन का मरम्मती कार्य जिला पार्षद द्वारा अनुशंसित योजना, मद छठी राज्य वित्त आयोग की राशि से किया गया है, जिसका प्राक्कलित राशि दो लाख 58 हजार 500 रुपये हैं। योजना संख्या 189/23-24 है। इस मौके पर पेंशनर समाज के सचिव श्रीकांत सिंह समेत अन्य पेंशनरों ने जिला पार्षद उपाध्यक्ष के उज्जवल भविष्य की कामना करते कई जनहित की समस्याओं को निदान करने के लिए मांग पत्र दिए। पेंशनर समाज सचिव ने कहा कि पेंशनर भवन के समीप एक पहाड़ी चापाकल,नारदीगंज के स्टेडियम के दक्षिण तरफ जाने वाले सड़क को पीसीसी करने,नारदीगंज सीएचसी में महिला चिकित्सक की पदस्थापना समेत अन्य मांग को रखे।मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला पार्षद उपाध्यक्ष ने समस्याओं को निदान करने का भरोसा दिलाया।मौके पर कमाता प्रसाद सिंह, चन्द्रिका प्रसाद सिंह,बलिराम सिंह, सियाशरण दास, रामशरण सिंह,मंटू सिंह, मनोज सिंह (धनवा) मिठू चौधरी समेत अन्य शमिल रहे। कई सरकारी कार्यालयों का जिप उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण संवाद सूत्र,नारदीगंजः जिला पार्षद उपाध्यक्ष निशा कुमारी ने मंगलवार को नारदीगंज प्रखंड के कई सरकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अंचल कार्यालय, पंचायतीराज विभाग कार्यालय, आपूर्ति कार्यालय, सीएचसी, गोदाम का निरीक्षण कर सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं की जानकारी लिया, तदोपरांत ससमय निपटारा करने समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों व कर्मियों को दिया।

## तेजस्वी की जन विश्वास यात्रा को लेकर राजद कार्यकर्ताओं की बैठक



निज संवाददाता। **कौआकोल**

प्रखण्ड के बिझो गांव अवस्थित राजद कार्यालय में मंगलवार को राजद कार्यकर्ताओं की बैठक प्रखण्ड राजद अध्यक्ष कैलाश प्रसाद यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में 24 फरवरी को नवादा के आईटीआई मैदान में आयोजित होने वाली बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की जन विश्वास यात्रा की सफलता को लेकर चर्चा किया गया। प्रखण्ड राजद अध्यक्ष ने बताया कि गोविंदपुर के विधायक मोहम्मद कामरान के नेतृत्व में कौआकोल प्रखण्ड से दो हजार से अधिक कार्यकर्ता इस ऐतिहासिक यात्रा में भाग लेंगे। जिसको लेकर विस्तार से समीक्षा किया गया। राजद कार्यकर्ताओं ने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री के इस यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। मौके पर मुखिया सूरज पासवान समेत दर्जनों राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

## हाई बीपी और शुगर से आंगनबाड़ी सेविका का निधन,परिजनों में शोक

निज संवाददाता। **रजौली**




प्रखण्ड क्षेत्र के रामपुर स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 95 की आंगनबाड़ी सेविका वैदेही देवी का निधन अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई।सेविका के निधन से परिजनों में शोक व्याप्त है।मृतका के पति धनंजय प्रसाद ने कहा कि मेरी पत्नी विगत कई माह से हाई बीपी और शुगर की मरीज थी।जिसका इलाज रजौली,नवादा एवं पावापुरी अस्पताल में कराया गया था।वहीं बीते कुछ दिनों से गैस से परेशान रहा करती थी।मंगलवार की शाम लगभग 4 बजे पत्नी की तबियत अचानक बिगड़ गई।जिसके बाद इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ प्रियंका भारती ने सेविका का प्राथमिक उपचार किया।अस्पताल में ड्यूटी में रहे दूसरे चिकित्सक श्यामनन्दन प्रसाद ने कहा कि सेविका को मंगलवार को शाम में 4:25 बजे इलाज में भर्ती कराया गया था।उस समय सेविका का बीपी 150/139 एवं रैंडम ब्लड शुगर 538 था।जिसका प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु शाम में 5:30 बजे एम्बुलेंस द्वारा नवादा सदर अस्पताल रेफर किया गया था।वहीं लगभग 15 मिनट बाद एम्बुलेंस से सेविका को परिजनों द्वारा वापस लाया गया।जांच किये जाने पर सेविका का नब्ज एवं धड़कन बिल्कुल शून्य था।वहीं अन्य जांच में सेविका मृत पाई गई।सेविका के मृत की खबर सुनते ही पुत्र एवं पुत्रवधु अस्पताल परिसर में रोने-बिलखने लगे।वहीं मृतका के पति ने कहा कि रजौली अस्पताल से नदी पुल ही पार किया था कि पत्नी का शरीर एकदम शिथिल पड़ गया था।जिसके बाद वे एम्बुलेंस को वापस अस्पताल लाये।जहां चिकित्सक ने उन्हें मरा हुआ घोषित कर दिया।

## अनियंत्रित बोलेरो झोपड़पट्टीनुमा होटल में घुसा,होटल संचालिका गम्भीर रूप से घायल,रेफर

निज संवाददाता। **रजौली**



अनुमण्डल कार्यालय के समीप एक झोपड़पट्टीनुमा होटल में मंगलवार को एक अनियंत्रित बोलेरो घुस गया।जिससे होटल संचालिका गम्भीर रूप से घायल हो गई।घायल होटल संचालिका को स्थानीय लोगों की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया है।अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक ने कहा कि घायल महिला की पहचान हरदिया गांव निवासी की पत्नी संगीता देवी के रूप में हुई है।चिकित्सक नर कहा कि शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई है।जिसका प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया है।वहीं प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मंगलवार के दिन लगभग 11 बजे परीक्षा दिलाने आये वाहन बोलेरो संख्या बीआर27बी1967 खाना खाकर आने के क्रम में झोपड़पट्टीनुमा होटल में चूल्हा आदि तोड़ते हुए जा घुसा।जिससे होटल के अंदर बर्तन मांज रही होटल संचालिका संगीता देवी को लगभग पांच फीट तक घसीटते हुए जा रुका।इस दौरान होटल संचालिका के पैर और कमर में गम्भीर चोटें आई है।वहीं घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच बोलेरो को कब्जे में लेकर घायल महिला को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया।साथ ही लोगों ने कहा कि बोलेरो चालक की एक गलती से होटल संचालिका मरते-मरते बची है।इस बाबत पर अपर थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार ने कहा कि बोलेरो को पुलिस द्वारा जब्त किया गया है।वहीं पीड़िता को लिखित आवेदन देने को कहा गया है।आवेदन दिए जाने के बाद अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## आपसी विवाद में जमकर मारपीट


निज संवाददाता। **छोराही बेगुसराय**



आपसी रंजिश में जमकर हुई मारपीट दर्जनों महिला घायल पीएचसी में चल रहा इलाज थाना क्षेत्र के पंचायत सिहमा वार्ड संख्या 4 से जबरन घर में घुसकर धारदार हथियार एवं पिस्टल के कुंड से मारपीट का मामला सामने आया है। जानकारी देते उक्त गांव निवासी रोशनी खातून उम्र 65 वर्ष पति मोहम्मद याकूब ने बताया कि मंगलवार तकरीबन 11:00 बजे दिन में एक गए व्यापारी के हाथ बचा मेरा पड़ोसी अपराध प्रवृति के मोहम्मद करीमन मोहम्मद इसराइल मोहम्मद आलम मोहम्मद ताहिर ताहिर मोहम्मद दर्जनों की संख्या में गाली गलौज करते मेरे घर में घुस गया और बोला रुपया लो मना करने पर करीम के आदेश पर सभी दर्जनों आरोपी धारदार हथियार लिए मुझे मरने लगे मोहम्मद इसराइल हाथ में पिस्टल लिए कुंडा से मेरे सिर पर प्रहार कर घायल कर दिया और अपने सहयोगियों के साथ मेरे परिवार के दर्जनों महिला जो मुझे बचाने आई उसे पीठ पीठ कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। नूरजहां खातून पति मोहम्मद मुस्तकीम का बाय पाओ पिस्टल के कुंडा से पीट कर फ्रैक्चर कर दिया है इसकी सूचना पुलिस को दिया ग्रामीणों के सहयोग से जान बची और इलाज के लिए पीएचसी छौराही लाया गया जहां इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि 6000 नगद रुपया और मोबाइल एवं एमप्लीफायर मशीन दो मोहम्मद इसराइल लूट कर ले गया है। थाना अध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन मिला है घटना की तफसीश कार्यवाही की जाएगी।

# शिक्षा को सशक्त बनाना: बेगूसराय से दो छात्रों को विशिष्ट विश्वविद्यालयों में प्रवेश मिला

निज संवाददाता। **बेगुसराय**





बिहार के बेगूसराय जिले से आरती कुमारी और जेबा की यह उपलब्धि विशेष उपयोग के कदम की ओर एक महत्वपूर्ण चिन्ह है। इन दो छात्रों ने अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय (एपीयू) द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षाओं में सफलतापूर्वक चयनित होकर प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश प्राप्त किया है। यह खबर उनके अपने घरों में आनंद और उत्साह की लहरें उत्पन्न कर रही है। जेबा परवीन , बरियारपुर बरौनी से हैं, और उन्होंने अपने समुदाय में शिक्षा को समर्थन देने के लिए एक एडू-लीडर के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने एपीएसएम कॉलेज, बरौनी से मनोविज्ञान में स्नातक की पढ़ाई की है, और अब वे एम० ए० डेवलपमेंट के लिए ए०पी०यू०, बैंगलोर में प्रवेश लेने के लिए तैयार हैं। जेबा की आकांक्षा है की पढाई के बाद वापस आ के अपने समाज में सकारात्मक परिवर्तन में योगदान कर सके, अपने अध्ययन के बाद समाज सेवक बनने की इच्छा रखती हैं। आरती कुमारी, बेगूसराय के बरौनी ब्लॉक के गोविंदपुर गांव की निवासी हैं। उन्होंने अपने गांव में शिक्षा के माध्यम से सकारात्मक परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए एडू-लीडर के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रही है। उन्होंने भौतिक विज्ञान में स्नातक की पढ़ाई की है, और अब वे (एजुकेशन) शिक्षा में एम० ए० के लिए ए० पी० यू०, भोपाल जा रही है, जिससे पुरे परिवार में एक आनंद और उत्साह का माहोल है। आरती ने मास्टर्स कार्यक्रम के बाद समाज में लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने और समान अवसरों की आवाज़ उठाने का निर्धारण किया है।इन दो उज्ज्वल छात्रों का चयन न केवल उनके प्रयासों का परिणाम है, बल्कि यह भी शिक्षा के समाज में व्यक्तिगत और समुदायिक परिवर्तन में शिक्षा के परिणामों को उज्ज्वल करता है। बिहार के बेगूसराय जिल्ला में i-Saksham संस्था के प्रयासों से और इंडसइंड बैंक की सहायता से चल रहे IBL CSR फ्लैगशिप कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण योगदान है। यह कार्यक्रम अपने मुख्य उद्देश्य के रूप में बेगूसराय जिले में महिलाओं के शिक्षा सेवा में सकारात्मक परिवर्तन को प्रोत्साहित करने का प्रयास कर रहा है।

# पोषण ट्रेकर पर सेविकाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण

निज संवाददाता। **बेगुसराय**



जिले में बच्चों और गर्भवती महिलाओं के पोषण का ध्यान पोषण ट्रैकर की मदद से रखा जायेगा।पोषण ट्रैकर एप के जरिए पोषण संबंधी सभी जरुरी आंकड़ो का आसानी से संकलन हो सकेगा। पोषण ट्रैकर एप के माध्यम से कुपोषित और अतिकुपोषित शिशुओं और माताओं की ट्रैकिंग कर नियमित अंतराल में उनकी देखभाल की व्यवस्था की जा सकेगी। इसी कड़ी में बेगुसराय सदर परियोजना की सभी सेविकाओ का पोषण ट्रैकर पर मंगलवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण के दौरान जिला परियोजना सहायक अश्वनी कौशिक ने बताया कि शिशु पोषण की निगरानी एवं समुदाय तक समेकित बाल विकास सेवाओं की महत्ता एवं गुणवत्ता में इजाफा करने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण जिले के सभी सेविकाओं को दिया जा रहा है।आईसीडीएस की सेवाओं के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों पर हर सप्ताह नामांकित बच्चों की वृद्धि निगरानी कि जाती है जिससे उम्र के अनुपात में उनकी वृद्धि दर्ज की जाती है। प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य वृद्धि निगरानी एवं पोषण ट्रैकर के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण डाटा संकलन है, प्रखंड समन्वयक मृत्युंजय कुमार ने बताया कि आइसीडीएस की सेवाओं को लगातार पारदर्शी तरीके से संचालित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसमें पोषण ट्रैकर एप की महत्वपूर्ण भूमिका है जिसमें दी जा रही सभी सेवाओं की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जाती है। साथ ही उन्होंने सेविका को विशेष रुप से सेविकाओं के प्रोत्साहन को लेकर बताया कि अगर सेविकाओं द्वारा पोषण ट्रैकर एप्लीकेशन में 21 दिन आंगनबाड़ी केंद्र का ओपनिंग करते हैं और 90% सभी गतिविधियों को एंट्री करते हैं तो प्रत्येक माह 500 सहायिका को 250 रुपए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

## बिहार केसरी श्री कृष्णा सिंह को भारत रत्न मिले, की मांग विधानसभा में बेगूसराय के विधायक कुंदन सिंह ने उठाई

निज संवाददाता। **बेगुसराय**



बिहार विधानसभा के एकादश सत्र में बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री स्वर्गीय श्री कृष्णा सिंह को भारत रत्न देने की मांग, बेगूसराय के स्थानीय विधायक कुंदन सिंह ने जोर- शोर से उठाई। विधायक के द्वारा सदन में शून्य काल के दौरान माग रखा गया। विधायक द्वारा बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री स्वर्गीय श्री कृष्णा सिंह को भारत रत्न देने के लिए केंद्र सरकार को अपने माध्यम से अनुशंसा करने की मांग की। विधायक के अनुसार स्वर्गीय श्री बाबू के नाम से चर्चित बिहार केसरी दलित एवं गरीबों के सामाजिक समरसता के बराबरी के लिए अथक प्रयास किया था। देवघर के प्रख्यात शिव मंदिर में जब दलितों का प्रवेश वर्जित था, तब श्री बाबू ने उक्त मंदिर में दलितों के प्रवेश के लिए संघर्ष किया था। काफी संघर्ष के बाद दलितों के लिए देवघर का दरवाजा दलितों के लिए खोल दिया गया था। श्री बाबू ने बेगूसराय जिले में उसी वक्त रिफाइनरी एवं फर्टिलाइजर जैसे बड़ी कल- कारखाने एवं छोटे-मोटे कल कारखानों को बिहार के बेगूसराय एवं अन्य जगहों पर स्थापित कर उद्योगिक नगरी के रूप में विकसित करने का कार्य किया। जिस कारण आज लाखों लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ। और बिहार सरकार को टैक्स की प्राप्ति और आसपास के क्षेत्र में विकास भी संभव हुआ। उन दिनों सरकार के मुखिया को प्रधानमंत्री कहा जाता था। बिहार भी वैसे प्रातो में से एक था। बिहार केसरी श्री बाबू 20 जुलाई 1937 को बिहार के प्रधानमंत्री बने। स्वतंत्र भारत में भारत का अपना संविधान बना। और 1950 में जब पहली बार चुनाव हुए तो प्रांतो में बनने वाली सरकार के मुखिया को मुख्यमंत्री का पहचान दिया गया। और बाबू श्री कृष्णा सिंह आजाद भारत में बिहार का प्रथम मुख्यमंत्री बने। 1930 के नमक सत्याग्रह आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी के आह्वान पर मुंगेर से 100 किलोमीटर गंगा पार कर गढपुरा तक पदयात्रा किया। उनके ऊपर नमक का खोलता हुआ पानी डाला गया, जुल्म की गई, जेल भेजी गई। उसके बाद भी श्री बाबू, आजादी की लड़ाई में डटे रहे। अपने मुख्यमंत्री के काल में श्री बाबू ने जमींदारी प्रथा को खत्म करने वाला देश का प्रथम राज्य बनाया।

इसके अलावा विधायक ने विधानसभा में निवेदन के माध्यम से बेगूसराय प्रखंड के कैथ पंचायत के दमदमा चौहरमल स्थान से सागो कोठी गांव तक लगभग 15 किलोमीटर सड़क निर्माण का मुद्दा भी उठाया। जहां सड़क के बगैर आम जनों को घोर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

Page 11



खेल

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 09



देश

मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष त्रयोदशी विक्रम संवत 2080

• औरंगाबाद • बुधवार • 21 फरवरी 2024 • वर्ष 26 • अंक 72 • पृष्ठ 12




भारत और इंग्लैंड टेस्ट सीरीज : केएल राहुल की होगी एंट्री, बुमराह होंगे बाहर

मुख्यमंत्री ने अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ श्रीराम मंदिर मे पूजा अर्चना कर देश प्रदेश...


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 62, 560 | ₹75,500 |



## आज का इतिहास

- 1948 : स्वतंत्र भारत के संविधान का ड्राफ्ट संविधान सभा के अध्यक्ष को पेश किया गया।
- 1913 : भारत के हैदराबाद में सिलसिलेवार बम धमाकों में 17 लोगों की मौत हुई और 119 घायल हुए।

## न्यूज बाइट्स

### रांची पहुंची भारत और इंग्लैंड की टीम, 23 फरवरी से शुरू होगा मुकाबला

**रांची (नि.सं.)।** भारत और इंग्लैंड की टीम 23 फरवरी से रांची के जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में चौथे टेस्ट के लिए एक दूसरे से भिड़ेंगी। दोनों टीमें रांची पहुंच चुकी हैं। रांची में टीम का पारंपरिक अंदाज में स्वागत किया गया। खिलाड़ी दो अलग-अलग बसों में एयरपोर्ट से रेडिशन ब्लू होटल चले गए। खिलाड़ी आज आराम करेंगे। 21 और 22 फरवरी को अलग-अलग सेशन में दोनों टीमें जेएससीए स्टेडियम में अभ्यास करेंगी। भारत ने तीन मुकाबलों में अब तक दो जीत हासिल की है और सीरीज में 2-1 से आगे है। इससे पहले राजकोट टेस्ट में भारत ने अंग्रेजों पर 434 रनों के विशाल और रिकॉर्ड अंतर से जीत दर्ज की है। यह रनों के मामले में भारत का किसी भी टीम पर सबसे बड़ी जीत है।

### 10 जोड़ी ट्रेनें 25 फरवरी तक रद्द

**समस्तीपुर (नि.सं.)।** समस्तीपुर रेलवे मंडल के नरकटियागंज-मुजफ्फरपुर रेलखंड पर जारी दोहरीकरण कार्य को लेकर महबल, मोतीपुर और पिपराहा स्टेशन पर 21 फरवरी से शुरू हो रहे एनआई कार्य को देखते हुए 10 जोड़ी ट्रेनों का परिचालन 25 फरवरी तक रद्द कर दिया गया है। रेलवे के द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति में कहा गया है कि 21 से 24 फरवरी तक महवल स्टेशन पर एनआई कार्य होगा। जबकि, मोतीपुर स्टेशन से 20 फरवरी से 24 फरवरी तक, पिपराहा में 20 से 22 फरवरी एनआई कार्य किया जाना है, जिस कारण इस रूट की दस ट्रेनों को रद्द किया गया है। जबकि 10 जोड़ी ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट किया गया है।

### पटना में पहली बार 'द मोदी कॉन्क्लेव' का होगा आयोजन

**पटना (नि.सं.)।** बिहार भाजपा एनआरआई सेल की ओर से बुधवार 21 फरवरी को पटना में (द मोदी कॉन्क्लेव) का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह समेत पार्टी के कई बड़े नेता मौजूद रहेंगे। इस दौरान केंद्र सरकार के 10 साल की उपलब्धियों पर चर्चा होगी। इस बात की जानकारी भाजपा एनआरआई सेल के अध्यक्ष मनीष सिन्हा ने प्रेस वार्ता करके दी।


### सदर अस्पताल में एड्स पीड़ितों की हुई शादी

**समस्तीपुर (नि.सं.)।** समस्तीपुर सदर अस्पताल में सोमवार को अनोखी शादी हुई, जहां एचआईवी संक्रमित युवक और महिला की शादी कराई गई। इस शादी में बाराती और सराती की भूमिका में डॉक्टर, सिविल सर्जन और एचआईवी परापर्श केंद्र के कर्मी रहे। एड्स पीड़ित दुल्हन दरभंगा जिले की रहने वाली है, जबकि लड़का समस्तीपुर का रहने वाला है। दोनों की सहमति के बाद डॉक्टरों ने अस्पताल परिसर में ही शादी कराई, जिसमें काउंसलर विजय मंडल ने अहम भूमिका निभाई है। लड़की पहले से शादीशुदा थी।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विद्यालयों की संचालन अवधि में की तत्काल सुधार करने की घोषणा

# बिहार में स्कूलों का बदला समय

- सीएम ने कहा कि सुबह 9 बजे से 5 बजे तक का तरीका ठीक नहीं है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव को विधानसभा में अपने चेंबर में बुलाया
- शिक्षक 10 बजे से 4 बजे शाम तक स्कूल में रहेंगे



**निज संवाददाता | पटना**

बिहार शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के फैसले को लेकर बिहार विधानसभा में मंगलवार को हंगामा हो गया। बजट सत्र की कार्यवाही के दौरान सदन में विपक्षी सदस्यों ने शिक्षकों के मुद्दे को लेकर प्रदर्शन किया। विपक्षी विधायक शिक्षक वेल में आ गए और नीतीश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। उन्होंने नियोजित शिक्षकों की छुट्टियों, सक्षमता परीक्षा के पैटर्न के साथ ही स्कूलों के समय में बदलाव के मुद्दे पर नीतीश सरकार को घेरा। आरजेडी विधायकों ने कहा कि स्कूलों का समय सुबह 9 से शाम 5 बजे किया गया है, जिसे बदला जाए। इसके बाद सीएम नीतीश कुमार अपनी सीट पर खड़े हुए और उन्होंने कहा कि अगर ऐसा है तो वे केके पाठक को आज ही बुलाकर स्कूलों का समय बदलवाएंगे। उन्होंने सदन में स्कूल का समय पहले की तरह सुबह 10 से शाम 4 बजे तक करने की घोषणा की। दरअसल, केके पाठक ने पिछले महीने स्कूल टाइमिंग में बदलाव किया था। शिक्षकों को सुबह 9 से शाम पांच बजे तक स्कूल में ही रहकर बच्चों की पढ़ाई समेत अन्य कार्य करने को कहा गया। राज्यभर में शिक्षकों ने इसका विरोध जताया। मंगलवार को विधानसभा में भी यह मुद्दा गूंजा। आरजेडी विधायकों के हंगामे के बीच सीएम नीतीश कुमार अपनी सीट से खड़े हुए और उन्होंने कहा कि स्कूलों का समय सुबह 10 से शाम 4 बजे होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने केके पाठक को इस बारे में निर्देश दे दिए हैं। अगर फिर भी यह बात नहीं मानी गई है तो उन्हें आज फिर बुलाकर कह देंगे। नीतीश ने आरजेडी पर हमला बोलते हुए कहा कि पहले उनकी पार्टी के पास ही यह विभाग था। जब आप लोग देख रहे थे तो कहना चाहिए था कि बात नहीं मानी गई है। उसी समय हम बुलाकर बात करते। नीतीश कुमार ने केके पाठक की स्कूल टाइमिंग पर सवाल भी उठाए।

उन्होंने सदन में कहा कि जब वह पढ़ाई करते थे, तब भी सुबह 9 से 5 बजे तक पढ़ाने का कोई तरीका नहीं था। यह ठीक नहीं है। यह गलत किया गया है तो उसमें तुरंत सुधार करवा देते हैं। सीएम ने आरजेडी विधायकों का आभार जताया कि उन्होंने यह मुद्दा विधानसभा में उठाया।

## अगले तीन महीने में नौ लाख परिवारों को देंगे अबुआ आवास योजना का लाभ : चम्पाई सोरेन

**निज संवाददाता | रांची**

झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि आज हमारी सरकार गिरिडीह की धरती पर 'अबुआ आवास योजना' का लाभ जरूरतमंद परिवारों को देने पहुंची है आज तीन जिला बोकारो, धनबाद और गिरिडीह के 35 हजार से ज्यादा आवासविहीन परिवारों को अबुआ आवास योजना का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने आज गिरिडीह स्टेडियम में आयोजित 'अबुआ आवास योजना' के अंतर्गत स्वीकृत पत्र वितरण समारोह में अपने सम्बोधन में कहा कि यह झारखंड वासियों के लिए विडंबना है कि यहां का कोयला देश को रोशन कर रहा है लेकिन इन जिलों के ग्रामीण क्षेत्र में लोग आज भी कच्चे मकान अथवा झुग्गी-झोपड़ी में रहने के लिए मजबूर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड के आदिवासी, मूलवासी, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग-समुदाय के बीच जाकर उनकी स्थिति और रहन-सहन को समझने



का प्रयास किया है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के सोच और किए गए विकास कार्यों को आगे बढ़ाते हुए इन सभी वर्ग-समुदायों के आर्थिक, शैक्षणिक, सामाजिक व्यवस्था को हमारी सरकार मजबूत करने का पूरा प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की इस पावन भूमि पर कोयला, सोना, यूरेनियम, तांबा, लोहा, पत्थर सहित कई महत्वपूर्ण खनिज-संपदा प्रचुर मात्रा में मौजूद है परंतु इन खनिज संपदाओं का लाभ यहां की बुनियादी व्यवस्थाओं को नहीं मिल पाया। आज हमारी सरकार सभी मूलभूत सुविधाओं और व्यवस्थाओं को सुदृढ़ और मजबूत करने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने अगले तीन महीना में 9 लाख जरूरतमंद आवासविहीन परिवारों को अबुआ आवास योजना का लाभ देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले 3 महीने के भीतर 9 लाख गरीब परिवारों को एक साथ अबुआ आवास योजना का लाभ देंगे, इसकी पूरी तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन यापन करने वाले लोगों के दुःख दर्द को नजदीक से समझने का कार्य किया है। हम विकास की राह में खड़े अंतिम पायदान के व्यक्ति तक राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचने का कार्य करेंगे। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत प्रखंड एवं जिला मुख्यालय के पदाधिकारी ने ग्राम-पंचायत तथा घर-घर पहुंचकर लोगों के समस्याओं का निराकरण करने का कार्य किया है। हमारी सरकार का प्रयास है कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से जोड़कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत की जाए।

## प्रधानमंत्री ने आईआईटी के नवनिर्मित भवनों का किया वर्चुअल उद्घाटन

- कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, दोनों उप मुख्यमंत्री तथा विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री भी हुए शामिल

**निज संवाददाता | पटना**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को आईआईटी पटना के नवनिर्मित 24 भवनों, आईआईएम बोधगया के स्थायी भवन तथा भागलपुर ट्रिपल आईटी के नये स्थायी भवन का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी बिहार विधानसभा के विस्तारित भवन स्थित अपने कक्ष से जुड़े।

ध्यातव्य है कि 466 करोड़ रुपये की लागत से बने आईआईटी पटना में 24 भवनों के निर्माण होने से अकादमिक ब्लॉक, केंद्रीय पुस्तकालय, छात्रावास, सेंट्रल लेक्चर हॉल और स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर सहित अन्य सुविधाएं छात्रों को मिलने लगी। कल मुख्यमंत्री ने बिहटा स्थित आईआईटी परिसर पहुंचकर नवनिर्मित भवनों का जायजा लिया था और वहां की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली थी। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2007 में भारत सरकार से पटना में आईआईटी की स्थापना के लिए आग्रह किया था और वर्ष 2008 में पटना में इसकी स्थापना हुई थी। राज्य सरकार द्वारा पटना के बिहटा में उसके लिए 500 एकड़ भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराई गई थी। मूलभूत शैक्षणिक एवं प्रशासनिक भवनों का निर्माण होने पर वर्ष 2012 में यह संस्थान बिहटा के स्थायी परिसर में हस्तांतरित हो गया। आज नवनिर्मित भवनों का प्रधानमंत्री द्वारा लोकार्पण किए जाने से अब यहां पठन-पाठन का कार्य और बेहतर ढंग से संचालित हो सकेगा।

आईआईएम, बोधगया के भवन के उद्घाटन होने से इस परिसर में छात्रों को अत्याधुनिक स्मार्ट कक्षाएं और पुस्तकालय आदि की और बेहतर सुविधाएं मिलने लगी हैं। 128 करोड़ रुपये की लागत से भागलपुर में ट्रिपल आईटी भवन के उद्घाटन से छात्र-छात्राओं को भी सुविधाएं मिलने लगी है। कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ उप मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा तथा विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह भी जुड़े हुए थे।

## सीएम ने कृषि विभाग में चयनित 1028 अभ्यर्थियों को प्रदान किया नियुक्ति पत्र

**निज संवाददाता | पटना**

कृषि विभाग के अंतर्गत चयनित 1028 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया है। सीएम सचिवालय स्थित 'संवाद' में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप से 10 नवनियुक्त सहायक प्राध्यापक सह कनीय वैज्ञानिकों को ज्वाइनिंग लेटर दिया। साथ ही मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग के विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा और मंत्री विजय कुमार चौधरी मौजूद रहे।

सीएम नीतीश कुमार ने रिमोट के माध्यम से 14 करोड़ रुपए की लागत से कृषि विश्वविद्यालय सबौर (भागलपुर) में 800 क्षमता वाले नवनिर्मित सभागार का उद्घाटन किया। तीन कृषि अभियंत्रण महाविद्यालयों में 145 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होनेवाले कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय, भोजपुर (आरा), 123 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होनेवाले कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय, पटना एवं 28 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले पोषक अनाज मूल्य श्रृंखला के लिए गुणवत्तावर्द्धन केन्द्र, टनकुप्पा (गया) का भी शिलान्यास किया।



**इन्हें मिला नियुक्ति पत्र**

सीएम ने दिव्या महतो, देवेन्द्र मंडल, प्रियंका, पंकज कुमार, अपर्णा पांडेय, शाहीना परवीन, मुन्ना यादव, नेहा पांडेय, गायत्री कुमारी, अवधेश कुमार, अंकिता देवी और काव्या विश्वास को ज्वाइनिंग लेटर दिया। समारोह में बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर के अधीन 239 सहायक प्राध्यापक एवं विषय-वस्तु विशेषज्ञों और कृषि विभाग अंतर्गत 789 प्रखंड स्तरीय तकनीकी प्रबंधक, लेखापाल आदि सहित कुल 1028 अभ्यर्थियों को नियुक्त पत्र दिया गया।

## पूर्वोत्तर के बिना भारत की संस्कृति अधूरी : धनखड़

**नयी दिल्ली (ए.)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि पूर्वोत्तर के बिना भारत की संस्कृति अधूरी है और क्षेत्र में हो रहा तीव्र-समग्र विकास देश की प्रगति को दर्शाता है। श्री धनखड़ ने अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में राज्य स्थापना दिवस के समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का सांस्कृतिक ताना-बाना पूर्वोत्तर के बिना अधूरा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बुनियादी ढांचे और सड़क, रेल, हवाई संपर्क में वृद्धि 'भारत के बदलते चेहरे' और सहकारी संघवाद की भावना का प्रतीक है। समारोह में अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल कैवल्य त्रिविक्रम परनायक (सेवानिवृत्त), अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, अरुणाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री चौना मीन, राज्यसभा सांसद एस फांगनोन कोन्याक, अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष पासंग दोरजी सोना और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के लिए भी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड से मिलेगा लोन

**निज संवाददाता | पटना**

कॉलेज और विश्वविद्यालयों से चार वर्षीय सामान्य स्नातक (बीए, बीएससी और बीकॉम) पाठ्यक्रम में नामांकन लेने वाले छात्र-छात्राओं के लिए राहत भरी खबर है। नई शिक्षा नीति के तहत इस वर्ष से शुरू होनेवाली चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के लिए भी उन्हें बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड से लोन मिलेगा। अलग-अलग शहरों में इसके तहत पढ़ाई के लिए अलग-अलग राशि तय की गई है। इच्छुक छात्र-छात्राएं लोन के लिए जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र (डीआरसीसी) में संपर्क कर सकते हैं। राज्य से बाहर रहकर सामान्य स्नातक कोर्स करने वाले छात्रों के लिए भी यह सुविधा उपलब्ध होगी। राज्य सरकार की ओर से चार वर्षीय कोर्स के लिए स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की सुविधा देने के निर्णय के बाद बिहार राज्य वित्त निगम ने डीआरसीसी को पत्र भेज दिया है। पटना डीआरसीसी की प्रबंधक पूनम पाल ने बताया कि इसके लिए छज्जूबाग स्थित डीआरसीसी सेंटर पर जानकारी के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। वैसे तो इस योजना से चार लाख रुपये लोन लेने की सुविधा है, लेकिन सामान्य कोर्स का फीस कम होता है इसीलिए उसे शहर के अनुसार लोन देने की सुविधा दी गई है।

## आज बिहार राज्य प्रदूषण बोर्ड द्वारा व्याख्यान का होगा आयोजन

**पटना (नि.सं.)।** बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा माह जुलाई, 2022 से प्रत्येक माह एक वैज्ञानिक व्याख्यान-सह-परस्पर संवादात्मक श्रृंखला प्रारंभ किया गया है, जिसमें विषय वस्तु के विशेषज्ञ का व्याख्यान होता है। इस श्रृंखला की बीसवीं कड़ी में 21 फरवरी, 2024 को अपराह्न 03:00 बजे से गन्टुर, आन्ध्र प्रदेश के 'केएलईएफ' (डीम्ड विश्वविद्यालय) के इलेक्ट्रॉनिक एवं कम्युनिकेशन इंजिनियरिंग के सहायक प्रोफेसर डॉ. निशांत कुमार द्वारा वायुमंडलीय सीमा परत की विशेषताएं और सर्दियों के दौरान PM2.5 के साथ इसका संबंध विषय पर वर्चुवल/ऑनलाइन माध्यम से अपना सारगर्भित व्याख्यान दिया जायेगा। इस कार्यक्रम में ऑफलाईन/ऑनलाईन भाग लिया जा सकता है।

## राज्यसभा चुनावः निर्विरोध निर्वाचित हुए बिहार के सभी उम्मीदवार



- जीत का मिला सर्टिफिकेट

**निज संवाददाता | पटना**

राज्यसभा में बिहार की 6 सीटों पर चुनाव के नतीजे आ गए हैं। बिहार के सभी 6 उम्मीदवार राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। राज्यसभा के लिए बिहार से बीजेपी के दो, आरजेडी के दो, आरजेडी के एक और कांग्रेस से एक उम्मीदवार चुनाव मैदान में थ, सभी को निर्विरोध राज्यसभा का सदस्य चुन लिया गया है। दरअसल, राज्यसभा में खाली हुई बिहार की 6 सीटों पर चुनाव कराए गए। बीजेपी की तरफ से भीम सिंह और धर्मशीला गुप्ता ने नामांकन दाखिल किया था जबकि जेडीयू से संजय झा को राज्यसभा के लिए उम्मीदवार बनाया गया था। वहीं राष्ट्रीय जनता दल से मनोज झा और तेजस्वी के करीबी संजय यादव के अलावा कांग्रेस से अखिलेश प्रसाद सिंह ने नोमिनेशन फाइल किया था। मंगलवार को राज्यसभा चुनाव के नतीजे सामने आए और बिहार के सभी उम्मीदवार राज्यसभा सदस्य के रूप में निर्विरोध निर्वाचित हो गए। निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद सभी उम्मीदवार विधानसभा पहुंचे और जीत का सर्टिफिकेट हासिल किया। निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद जेडीयू नेता संजय कुमार झा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की और उनका आभार जताया।

## प्याज के निर्यात पर 31 मार्च तक जारी रहेगी रोक

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** सरकार ने 8 दिसंबर 2023 को प्याज की कीमतों को कंट्रोल करने के लिए इसके निर्यात पर रोक लगा दी थी। आज एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध 31 मार्च 2024 के बाद भी जारी रहेगा। यह फैसला कीमतों को नियंत्रण में रखने और घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है। प्याज निर्यात पर प्रतिबंध नहीं हटाया गया है। यह लागू है और स्थिति में कोई बदलाव नहीं है। सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर प्याज की पर्याप्त घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करना है। वस्तु पर निर्यात प्रतिबंध हटाने की रिपोर्ट पर, देश के सबसे बड़े थोक प्याज बाजार लासलगांव में 19 फरवरी को मॉडल थोक प्याज की कीमतें 40.62 प्रतिशत बढ़कर 1,800 रुपये प्रति क्विंटल हो गईं, जो 17 फरवरी को 1,280 रुपये प्रति क्विंटल थीं।

वहीं सूत्रों ने कहा कि आम चुनावों से पहले 31 मार्च के बाद भी प्रतिबंध हटाए जाने की संभावना नहीं है क्योंकि रबी (सर्दियों) प्याज का उत्पादन विशेष रूप से महाराष्ट्र में कम होने की उम्मीद है। 2023 के रबी सीजन में प्याज का उत्पादन 22.7 मिलियन टन होने का अनुमान लगाया गया था। कृषि मंत्रालय के अधिकारी आने वाले दिनों में प्रमुख उत्पादक राज्यों महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गुजरात में रबी प्याज कवरेज का आकलन करेंगे। इस बीच अंतर-मंत्रालयी समूह से मंजूरी के बाद केस-टू-केस आधार पर मित्र देशों को प्याज के निर्यात की अनुमति दी गई है।


BAYC Institute

स्थापित : 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga — अवधि : 02 वर्ष, योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science — अवधि : 02 वर्ष, योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science — अवधि : 03 वर्ष, योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science — अवधि : 4½ वर्ष, योग्यता : 10+2

MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष, योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष, योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA — HINDI | POLITICAL SCIENCE | SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties


» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हज़ारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### कार्यालय में नए सीओ का किया गया स्वागत

**गया**। नगर प्रखंड के प्रमुख कार्यालय में सोमवार को नए अंचलाधिकारी ऋषिकेश कुमार का स्वागत पंचायत समिति सदस्यों ने किया। सर्वप्रथम सीओ को शॉल व गुलदस्तां भेंट कर सम्मानित किया। इस बीच पंचायत समिति सदस्य सतीश पटेल उर्फ रमाकांत ने नगर प्रखंड में व्याप्त समस्याओं के प्रति सीओ का ध्यान आकृष्ट कराया। श्री पटेल ने सीओ को बताया कि प्रखंड में परिमार्जन की समस्या जटिल है। बिना सूचना के कोई भी आवेदन को रिजेक्ट कर दिया जाता है।

### ऑपरेशन कराने गए युवक का एक टेस्टिस गायब, हालत गंभीर

**मानपुर**। सेना भर्ती और बिहार पुलिस की तैयारी कर रहे एक युवक के हाइड्रोसिल में से एक टेस्टिस (कौड़ी )को झोलाछाप डॉक्टर ने आपरेशन के दौरान निकाल दिया। इससे युवक नीतीश कुमार की स्थिति खराब हो गई। परिजनों ने उसे मगध मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन वहां भी उसकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुई तो मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डाक्टरों उसे पटना के लिए रेफर कर दिया। फिलहाल युवक के परिजन पटना के रास्ते में हैं। घटना बुनियादगंज थाना क्षेत्र की है।घटना रविवार डर शाम की है। युवक थाना क्षेत्र के बूढ़ी गांव का रहने वाला है। परिजनों का कहना है कि नीतीश कुमार की हालत हर पल गम्भीर होती जा रही है। इधर परिजनों ने डॉक्टर की जबरदस्त लापरवाही की शिकायत बुनियादगंज पुलिस से की है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी डाक्टर को हिरासत में ले लिया है। बताया जाता है कि 22 वर्षीय सतीश कुमार सेना भर्ती की तैयारी कर रहा था। बीते कुछ दिनों से उसे हाइड्रोसील में दर्द हो रहा था। सतीश का कहना था कि दो टेस्टिस (कौड़ी) में से एक एबनार्मल हो गया था। इस समस्या को उसने एक आशा कार्यकर्ता को बताई।जिसके बाद उक्त आशा कार्यकर्ता जिया क्लिनिक के डॉक्टर के पास ले कर चली गई।जहा डाक्टर ने बताया कि हाड्रोसिल में पानी आ गया गया है। यह नार्मल आपरेशन से ठीक हो जाएगा। रविवार की रात आपरेशन कराया। बकौल परिजन ऑपरेशन थियेटर से निकलने के बाद चिकित्सक द्वारा जानकारी दी गई कि एक टेस्टिस (कौड़ी) खराब हो गया था। इस बात पर के परिजन अस्पताल पहुंच गए और जम कर हंगामा किया। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी कथित चिकित्सक को हिरासत में लेकर थाना पहुंच गई। आरोपी डाक्टर जय प्रकश से पूछताछ कर रही है। जय प्रकाश के पास बी फार्म की डिग्री है।

### मारुति की टक्कर से ऑटो सवार अधेड़ की हुई मौत

**करायपरसुराय**। करायपरसुराय थाना क्षेत्र के डियावां हॉल्ट के पास रविवार की शाम मारुति की टक्कर से ऑटो सवार पिता-पुत्री जख्मी हो गए। जख्मी पिता की रात में इलाज के दौरान पटना में मौत हो गई। मृतक नगरनौसा के मोनियमपुर निवासी सुबोध रविदास थे। उनकी जख्मी 12 वर्षीया पुत्री स्वीटी कुमारी पीएमसीएच में इलाजरत है। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि देर शाम दोनों वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। घटना में ऑटो सवार पिता-पुत्री जख्मी हो गए। जिन्हें इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद, उन्हें रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान पिता की मौत हो गई। जबकि, बेटी का इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि जख्मी अधेड़ की इलाज के दौरान पटना में मौत हो गई है।

### दूध उत्पादकों को किया गया जागरूक

**करायपरसुराय**। प्रखंड क्षेत्र के महमूदपुर गांव में सोमवार को बिहार स्टेट मिल्क को- ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड द्वारा दुग्ध उत्पादक किसानों के बीच नुक्कड़ नाटक कर जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष दीनानाथ प्रसाद ने किया। नुक्कड़ नाटक टीम के प्रचारक राम नरेश सिंह ने बताया कि कम्फेड का लक्ष्य है कि आज की बदलती स्थिति में कम लागत में अधिक से अधिक दूध का उत्पादन कैसे किया जाए। जिससे किसानों को उचित लाभ मिल सके और किसानों की आमदनी में इजाफा हो। उन्होंने कहा कि कमरतोड़ महंगाई की वजह से दूध उत्पादन की लागत बहुत अधिक हो गई है। इसके लिए किसानों को वैज्ञानिक तरीके से दूध का उत्पादन करना पड़ेगा। एकंगरसराय दुग्धशीतक केंद्र के प्रभारी अरविंद कुमार राय ने किसानों से कहा कि आप दूध की शुद्धता का ख्याल रखते हुए समिति स्तर तक पहुंचाएं।

### सेक्टर अधिकारी के साथ बीडीओ ने की बैठक, चर्चा


**करायपरसुराय**। करायपरसुराय आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड के सभागार में सोमवार को बीडीओ विशाल आनंद ने सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस सेक्टर के साथ बैठक कर चुनाव कार्य पर चर्चा की। आगामी लोकसभा चुनाव में स्वच्छ, भयमुक्त, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न कराने का निर्देश दिया गया। बीडीओ ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर जाकर मूलभूत सुविधाओं का आकलन करें। मतदान केन्द्रों पर बुनियादी सुविधाओं यथा शौचालय, बिजली, पेयजल, उपस्कर, रैंप, चहारदीवारी तथा मतदान केंद्र भवन की स्थिति के बारे में आकलन कर 6 दिनों के अंदर रिपोर्ट देने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रखंड को चुनावी दृष्टिकोण से 7 सेक्टर में बांटा गया है। इसके लिए 7 सेक्टर दंडाधिकारी तथा 7 पुलिस पदाधिकारी लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों के भौतिक सत्यापन कार्य की शुरुआत सोमवार से कर दी गई है। सभी सेक्टर पदाधिकारी संबंधित मतदान केंद्रों का कम्युनिकेशन बनाकर इसका प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव संबंधित कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रखंड में मतदाताओं की संख्या 53135 है। जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 27619 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 25511 है। जबकि थर्ड जेंडर की संख्या 5 है। प्रखंड के अंतर्गत मतदान केंद्र की संख्या 60 है।

### नुक्कड़ : दूध उत्पादकों को किया गया जागरूक

**करायपरसुराय**। प्रखंड क्षेत्र के महमूदपुर गांव में सोमवार को बिहार स्टेट मिल्क को- ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड द्वारा दुग्ध उत्पादक किसानों के बीच नुक्कड़ नाटक कर जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष दीनानाथ प्रसाद ने किया। नुक्कड़ नाटक टीम के प्रचारक राम नरेश सिंह ने बताया कि कम्फेड का लक्ष्य है कि आज की बदलती स्थिति में कम लागत में अधिक से अधिक दूध का उत्पादन कैसे किया जाए। जिससे किसानों को उचित लाभ मिल सके और किसानों की आमदनी में इजाफा हो। इसके लिए जगह-जगह पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कमरतोड़ महंगाई की वजह से दूध उत्पादन की लागत बहुत अधिक हो गई है। इसके लिए किसानों को वैज्ञानिक तरीके से दूध का उत्पादन करना पड़ेगा। एकंगरसराय दुग्धशीतक केंद्र के प्रभारी अरविंद कुमार राय ने किसानों से कहा कि आप दूध की शुद्धता का ख्याल रखते हुए समिति स्तर तक पहुंचाएं।

### सभी जिलों में लागू होगा गया का स्टेडियम मॉडल

**गया**। गया जिले में बन रहे खेल स्टेडियम के मॉडल को राज्य के हरेक जिलों में लागू किया जाएगा। गया जिला में यह एक अनूठा कार्य किया जा रहा है, जिससे स्कूल के बच्चों और स्थानीय समुदाय को काफी फायदा होगा। साथ ही भविष्य में यह खेल का मैदान राज्य व राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को जन्म देगा। संजय कुमार, आयुक्त मनरेगा-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बीआरडीएस, पटना ने ये बातें कही। वे मनरेगा योजना अंतर्गत खिजरसराय प्रखंड के जमुआमा पंचायत में बनकर तैयार हुए खेल स्टेडियम का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने जिला से इसका डीपीआर जल्द से जल्द विभाग को भेजने का अनुरोध किया ताकि अन्य जिलों में भी इसको लागू किया जा सके। बता दें कि मनरेगा से राज्य के विभिन्न जिलों के सभी प्रखंडों में 19 लाख 87 हजार की लागत से खेल स्टेडियम का निर्माण किया जाना है। आयुक्त, मनरेगा श्री कुमार ने खिजरसराय प्रखंड में वृक्षारोपण योजनाओं की धरातलीय स्थिति का भी जायजा लिया। योजनाओं की स्थिति पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने कार्यों की सराहना की। उन्होंने मनरेगा योजना की समीक्षा भी की और कई आवश्यक निर्देश दिए।



# फल्गु नदी को जीवित करेगा नमामि निरंजना अभियान



**राज्यपाल ने किया शुभारंभ**



**निज संवाददाता। गया**

नमामि निरंजना अभियान को धरातल पर उतारा गया। निरंजना (फल्गु) नदी को पुनर्जीवित करने के लिए भगीरथी प्रयास का राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने मंगलवार को शुभारम्भ किया। उन्होंने फल्गु नदी का बोधगया में दर्शन भी किया। फल्गु नदी के दर्शन के दौरान नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा के डायरेक्टर जेनरल जी अशोक ने फल्गु नदी के भौगोलिक और तकनीकी जानकारी दी। कहा यह नदी पुनर्जिवित हो सकती है। इसके लिए आईआईटी के विशेषज्ञ अपने स्तर से जुट गए हैं। वे फल्गु नदी के उद्गम स्थल से लेकर जहानाबाद तक का अध्ययन करेंगे। फिर बेसिक काम को पूरा करते हुए फल्गु नदी को पुरजीवित करेंगे। ताकि नदी में सालोभर पानी रह सके। राज्यपाल ने कहा कि फल्गु मां सीता के श्राप से शापित नहीं है बल्कि हमारे पूर्वजों किसी गलती का परिणाम है कि यह नदी सुखी है। कोई मां कैसे किसी जीवन दायनी को श्राप दे सकती है। हमारी गलतियां सर्वे में सामने आ चुकी है। वह यह कि हमने दशकों से नदी के किनारे के पेड़ों को पूरी तरह से नष्ट किया है। यही फल्गु के सूखे होने का कारण है। इसके अलावा अन्य कारण भी है। जिसे नमामि गंगे के अधिकारी दूर करेंगे। इस मौके पर राज्यपाल के अलावा नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा के डायरेक्टर जनरल जी अशोक कुमार, पर्यावरण और नदी विशेषज्ञ योगेश एंडले, नमामि गंगे के कार्यकारी निदेशक विजेंद्र स्वरूप, आईआईटी कानपुर के डॉ. विनोद तारे और नगर विकास और आवास विभाग के प्रधान सचिव सन्तोष कुमार मल्ल भी होंगे। राज्यपाल के आगमन पर पुलिस प्रशासन भी सड़क से लेकर नदी तक मुस्तैद रहे।

**फल्गु की महत्ता**: फल्गु नदी का उद्गम स्थल झारखंड के चतरा जिले के सिमरिया प्रखंड का बेलगड्डा है। यह नदी अपने उद्गम स्थल से निरंजना के नाम से विख्यात है। कुछ दूर चलने के बाद नदी ने फल्गु नदी के नाम से प्रसिद्धि पाई है। यह नदी सनातनियों और बौद्ध धर्मावलम्बियों के लिए बेहद पवित्र नदी है। शास्त्रों के अनुसार हिन्दू धर्मावलंबी के पितरों पूर्वजों को इसी फल्गु नदी के जल के तर्पण से मोक्ष मिलता है। यानी कि पितरों को इसी नदी के जल से मुक्ति मिलती है। यही वजह है कि मुक्तिदायनी को अब मुक्ति देने की पहल शुरू होने जा रही है। ताकि पूरे वर्ष इस नदी की पवित्र अविरल धारा बनी रहे।

# बिहटा-सरमेरा टू लेन पर 2 बाइक की भिड़ंत



**निज संवाददाता। नालंदा**

नालंदा में बिहटा-सरमेरा टू लेन पर सड़क हादसे में सोमवार की शाम तीन लोग जख्मी हो गए। मामला बिन्द थाना क्षेत्र के जहाना गांव के समीप की है। घायलों की पहचान पटना जिला के भदौर थाना क्षेत्र के खुशहालचक गांव निवासी अशोक कुमार का बेटा रमेश कुमार, रमेश कुमार की भांजी संगीता कुमारी एवं बिन्द थाना क्षेत्र के जहाना गांव निवासी स्व.नवल पासवान का बेटा बिंदी पासवान के रूप में किया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि परीक्षा दिलवाकर रमेश कुमार अपनी भांजी संगीता कुमारी को बाइक पर बैठाकर घर ले जा रहा था। इसी बीच बिहटा-सरमेरा टू-लेन के जहाना गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई। इस घटना में रमेश कुमार एवं नवल पासवान गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जबकि संगीता कुमारी मामूली रूप से चोटिल हो गईं। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए बिन्द पीएचसी में भर्ती कराया। जहां से रमेश एवं नवल की गंभीर स्थिति को देखते हुए बिहार शरीफ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं सदर अस्पताल से भी चिंताजनक स्थिति को देखते हुए दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। वहीं घटना की जानकारी मिलने के उपरांत परिजन बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुँचे। बिन्द थाना अध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में घायल की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जख्मी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों बाइक को जब्त करते हुए थाना लाया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# बाइक सवार ने बुजुर्ग को मारी टक्कर, मौत



**निज संवाददाता। नालंदा**

नालंदा में मंगलवार को सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना राजगीर थाना क्षेत्र अंतर्गत बारूद फैक्ट्री के गेट नंबर-1 के समीप की है। मृतक की पहचान राजगीर थाना क्षेत्र के नई पोखर रसलपुर गांव निवासी स्वर्गीय सोहरायराम के (70) वर्षीय पुत्र छोटे राम के रूप में की गई है। मृतक के पुत्र ने कहा कि बारूद फैक्ट्री के गेट नंबर-1 के समीप उसके पिता मंगलवार की सुबह सड़क किनारे खड़े थे। तभी बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। आनन-फानन में उन्हें राजगीर अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। इस मामले में राजगीर थाना अध्यक्ष चंद्रभानु ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। बाइक को जब्त कर थाना लाया गया है।

# पीएम मोदी आज करेंगे आईआईएम का उद्घाटन, बोधगया को मिलेगी बड़ी सौगात, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी की उपस्थिति में वर्चुअली होगा शुभारंभ






**निज संवाददाता। गया**

गया के बोधगया में आज यानी मंगलवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आईआईएम भव्य स्थायी परिसर का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री वर्चुअल तरीके से इस स्थाई कैंपस का उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी उपस्थिति रहेगी। 2015 में भारत के शिक्षा मंत्रालय के तहत स्थापित, आईआईएम बोधगया 30 छात्रों के अपने उद्घाटन बैच से 293 शहरों और 26 राज्यों के 1,110 से अधिक छात्रों के नामांकन तक विकसित हुआ है। संस्थान ने शैक्षणिक उत्कृष्टता और समावेशी शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता बनाए रखी है, जिसमें छात्र समूह में 31.7 प्रतिशत से अधिक छात्राएं शामिल हैं। परिसर में भविष्य में प्रदान की जाने वाली उत्तम एवं मॉडर्न शिक्षा को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन की गई मॉडर्न स्मार्ट कक्षाएं हैं। 'प्रज्ञता'- लाइब्रेरी ज्ञान के केंद्र के रूप में स्थित हो कर छात्रों के लिए ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर के माध्यम से विशाल संसाधनों का प्रबंधन करती है। शैक्षणिक सुविधाओं के अलावा, परिसर में छात्रों के उत्साहपूर्ण और जीवंत अनुभव में योगदान देता हुआ अत्याधुनिक जिम सुविधाओं और बैडमिंटन, बास्केटबॉल, फुटबॉल और क्रिकेट के प्रावधानों के साथ एक खेल परिसर भी शामिल है। वहीं, छात्रावास बाजरा-आधारित व्यंजनों पर ध्यान देने के साथ स्वस्थ जीवन पर जोर देता है। इसके अलावा, परिसर एक चिकित्सा केंद्र और फैकल्टी एवं स्टाफ के आवासों के लिए समर्पित चार टावरों से सुसज्जित है। आईआईएम बोधगया, मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम (एमडीपी), और कॉर्पोरेट सोशल रेस्पोंसिबिलिटी (सीएसआर) जैसी गतिविधियों के माध्यम से समाज पर एक सकारात्मक प्रभाव छोड़ता है। संस्थान ने आत्मनिर्भर भारत के उद्देश्य का समर्थन करते हुए 3000 से अधिक सूक्ष्म उद्यमियों को प्रशिक्षित किया है। इसके अतिरिक्त आईआईएम बोधगया द्वारा पुलिस कर्मियों, बिहार पुलिस अकादमी और बिहार इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन एंड रूरल डेवलपमेंट (बिपार्ड) जैसे संस्थानों सहित लगभग 2000 प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है, जो संस्थान की प्रशासनिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है और जन सेवा भाव को बढ़ावा देता है।

# असम के 2 व्यापारियों का नालंदा में अपहरण

**निज संवाददाता। नालंदा**





असम के 2 व्यापारियों का नालंदा में अपहरण कर लिया गया। दोनों हाईवा के बिजनेस से जुड़े हैं। व्यापारियों को इसी के काम के लिए बुलाया गया और बंदी बना लिया। परिवार से 2 लाख रुपए की डिमांड कर दी। असम पुलिस ने नालंदा पुलिस की मदद से दोनों व्यापारियों को मुक्त करा लिया है। दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। असम पुलिस व्यापारियों और अपहरणकर्ताओं को अपने साथ ले गई है। गिरफ्तार अपहरणकर्ता मंटू अलीपुर गांव का रहने वाला है, जबकि विकास कुमार उर्फ नवलेश कृष्ण विगहा गांव का रहने वाला है। व्यापारी ममेरुल इस्लाम और बहादुर अली ने बताया कि वे लोग हाईवा का व्यापार करते हैं। इसी सिलसिले में वे लोग बिहार आए थे। दोनों अपहरणकर्ताओं के पहले से संपर्क में थे। अपहरणकर्ताओं ने व्यापारियों के परिजनों से पैसे भी लिए थे। ममेरुल इस्लाम ने बताया कि 10 चक्का हाईवा हायर कर उसे मंथली बेसिस पर कंपनी को दिया जाता है। इसी को लेकर मंटू और नवलेश उन दोनों को लेकर बिहार आया था। काम होने के बाद वाहन मालिक को पैसा दिया जाता है। हम दो दिनों तक बिहार शरीफ में होटल में रखा गया और 50 हजार की डिमांड करने लगे। नवलेश कृष्ण ने कहा कि 50 हजार रुपए पहले दे दो, इसके बाद हाईवा दिखाते हैं। हमने पैसे देने से मना कर दिया, पहले हाईवा देखने की बात कही।। लवलेश हाईवा दिखाने हमें परवलपुर के गांधीनगर गांव लेकर चले आए। जंगल एरिया में आधा दर्जन लोगों को बुलाया। व्यापारी ने बताया कि शराब के नशे में हमारे साथ मारपीट की गई और डराया गया। फिर अगले दिन पुलिस पहुंची और उन्हें अपहरणकर्ताओं से मुक्त कराया।

**क्या बोली असम पुलिस**: असम पुलिस के जोगी गोपा थाना के सब इंस्पेक्टर उत्तम रॉय ने बताया कि ममेरुल इस्लाम सेदामारी बालपारा और बहादुर अली मेरेरपोर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। बहादुर अली के भाई ने थाने पर आकर सूचना दी कि उसके भाई का अपहरण कर लिया गया है। अपहरणकर्ता मारपीट कर रहे हैं। 2 लाख रुपए की डिमांड कर रहे हैं। पूर्व में कुछ पैसे ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए हैं। अपहरणकर्ता फोन कर परिवार को धमकी दे रहे थे कि पैसा भेजे नहीं, तो दोनों को जान से मार दिया जाएगा। इसके बाद एसपी ने एक टीम बनाई। मोबाइल लोकेशन को ट्रेस किया गया। फिर स्थानीय परवलपुर थाना को इसकी सूचना दी गई। इसके बाद अपहरणकर्ताओं के चंगुल से बंदी को मुक्त कराया गया।

# आईआईएम बोधगया के नए स्थायी परिसर का आज पीएम नरेंद्र मोदी करेंगे ऑनलाइन उद्घाटन



**निज संवाददाता। गया**

बोधगया में मगध विवि परिसर में 31 अगस्त 2015 को आईआईएम की स्थापना हुई थी। आज लगभग नौ साल बाद मंगलवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे इसके नवनिर्मित स्थायी परिसर का ऑनलाइन उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे, जिसमें संस्थान के परिसर के सभाकक्ष में बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित अन्य मौजूद रहेंगे। आईआईएम को मगध विवि ने 118.82 एकड़ भूमि स्थानन्तरित किया है। इसमें 71 एकड़ मगध विश्वविद्यालय परिसर के अंदर और शेष 47 एकड़ विश्वविद्यालय परिसर के बाहर है। इसमें मुख्य रूप से 4 मौजा यथा मोचरिम, बोधगया, रामपुर एव तुरीखुर्द मौजा शामिल है। आईआईएम बोधगया 412 करोड़ रुपए की लागत से निर्माण कार्य सीपीडब्लूडी (सेंट्रल पब्लिक वर्क्स डिपार्मेंट) द्वारा करवाया जा रहा है। मार्च-अप्रैल 2024 तक परिसर हैंड ओवर होने की संभावना है। कैंपस में एकेडमिक ब्लॉक, लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास, सिमुलेशन लैब, कंप्यूटर लैब, ऑडिटोरियम, मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम बिल्डिंग, स्टाफ क्वार्टर बिल्डिंग, प्रोफेसर क्वार्टर बिल्डिंग, होस्टल बिल्डिंग, स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में बास्केटबॉल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, मॉडल जिम, योगा रूम, क्रिकेट स्टेडियम शामिल है। 30 छात्रों से शुरू हुई थी संस्थान की सफर 2015 में भारत के शिक्षा मंत्रालय के तहत स्थापित आईआईएम बोधगया की शुरुआत 30 छात्रों के अपने उद्घाटन बैच से हुई। आज वर्तमान में 293 शहरों और 26 राज्यों के 1,110 से अधिक छात्रों के नामांकन हैं। संस्थान ने शैक्षणिक उत्कृष्टता और समावेशी शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता बनाए रखी है, जिसमें छात्र समूह में 31.7 प्रतिशत से अधिक छात्राएं शामिल हैं। मेस के भोजन में शामिल है मिलेट छात्रावास बाजरा-आधारित व्यंजनों पर ध्यान देने के साथ स्वस्थ जीवन पर जोर देता है। इसके अलावा, परिसर एक चिकित्सा केंद्र और फैकल्टी एवं स्टाफ के आवासों के लिए समर्पित चार टावरों से सुसज्जित है। आईआईएम बोधगया की विशेषता फाइनेंस, मार्केटिंग, एचआर मैनेजमेंट में है।

# गया में लापता हुआ शख्स, परिजनों को अनहोनी होने की आशंका, दर्ज कराई प्राथमिकी, टोह में जुटी पुलिस

**निज संवाददाता। गया**



गया जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत तपसा गांव के रहने वाले रामेश्वर यादव 18 फरवरी से लापता हैं। परिजन उनकी तलाश करके थक कर गुमशुदगी की रिपोर्ट फतेहपुर थाने में दर्ज कराई है।दर्ज रिपोर्ट के बाद फतेहपुर थाना की पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। परिजन को किसी अनहोनी की घटना से परेशान है। दर्ज रिपोर्ट के बाद फतेहपुर थाना की पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।

**दोपहर 12 बजे घर से निकले थे, वापस नहीं लौटें**: बताया जा रहा है कि फतेहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत तपसा गांव के रहने वाले 55 वर्षीय रामेश्वर यादव 18 फरवरी की दोपहर 12 बजे घर से निकले थे। देर रात तक घर नहीं लौटे, रात होते हीं घर में सभी लोग परेशान हो रहे थे। उनका मोबाइल भी स्विच ऑफ आ रहा था। जिसके बाद परिजन किसी अनहोनी की घटना से देर रात से ही उनकी तलाश शुरू कर दी। लेकिन उनके बारे में कोई भी जानकारी परिजनों को अब तक नहीं मिल सकी है। घर में मातम पसरा हुआ, घर की महिलाओं का रो-रो कर बुरा हाल है।


**फतेहपुर थाने में केस दर्ज**: इस संबंध में वजीरगंज डीएसपी सतीश कुमार ने बताया कि फतेहपुर के तपसा गांव के रहने वाले रामेश्वर यादव नामक शख्स कहीं लापता हो गए हैं। परिजनों का कहना है कि वह 18 फरवरी को घर से निकले थे और अब तक नहीं लौटें, इस तरह की लिखित शिकायत मिलने के बाद फतेहपुर थाने में केस दर्ज किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहटा स्टेशन पर रुकेगी जनशताब्दी एक्सप्रेस, दो मिनट का रेलवे ने दिया ठहराव

**आरा।** यात्रियों की सुविधा को देखते हुए बनारस और पटना के मध्य चलने वाली गाड़ी संख्या 15125/15126 बनारस-पटना-बनारस जनशताब्दी एक्सप्रेस का दानापुर मंडल के अंतर्गत बिहटा स्टेशन पर प्रायौगिक तौर पर 2 मिनट का ठहराव प्रदान किया जा रहा है। जिसकी जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने दी है। गाड़ी संख्या 15126 पटना-बनारस जनशताब्दी एक्सप्रेस दिनांक 20.02.2024 से 17.38 बजे बिहटा पहुंचेगी और 17.40 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। जबकि गाड़ी संख्या 15125 बनारस-पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस दिनांक 21.02.2024 से 09.58 बजे बिहटा पहुंचेगी और 10.00 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। बिहटा स्टेशन पर ठहराव प्रदान दिए जाने से दिनांक 20.02.2024 से 15126 पटना-बनारस एक्सप्रेस आरा स्टेशन पर संशोधित समयानुसार 17.56-17.58 बजे रुकते हुए आगे प्रस्थान करेगी। पूर्व मध्य रेल द्वारा दिनांक 20.02.2024 से दुर्ग और राजेन्द्रनगर के बीच चलाई जा रही गाड़ी संख्या 13287/13288 दुर्ग-राजेन्द्रनगर-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस का परिचालन विस्तार आरा तक किया जा रहा है। दिनांक 20.02.2024 से गाड़ी संख्या 13288 आरा-राजेन्द्रनगर-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस आरा से 18.45 बजे खुलकर 19.01/19.03 बजे बिहटा, 19.30/19.40 बजे दानापुर एवं 20.05/20.15 बजे पटना जं. रुकते हुए 20.25 बजे राजेन्द्रनगर पहुंचेगी। यहां से यह अपने पूर्व निर्धारित समय 20.30 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह दिनांक 20.02.2024 से दुर्ग से खुलने वाली गाड़ी संख्या 13287 साउथ बिहार एक्सप्रेस दुर्ग से 07.00 बजे खुलकर दिनांक 21.02.2024 को 06.45 बजे राजेन्द्रनगर पहुंचेगी और यहां से यह 06.50 बजे खुलकर 07.00/07.10 बजे पटना, 07.23/07.33 बजे दानापुर एवं 07.44/07.46 बजे बिहटा रुकते हुए 08.30 बजे आरा पहुंचेगी।

### जगजीवन हॉल्ट के पास ट्रेन से गिरकर युवक की मौत



**आरा।** सोमवार को दानापुर-दीनदयाल रेलमार्ग पर आरा और जगजीवन हॉल्ट के पास डाउन लाइन पर किसी चलती ट्रेन से गिरकर गोलू कुमार की मौत हो गई। मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सोनपुरा गांव निवासी जितेंद्र कुमार सिंह का 19 वर्षीय पुत्र था। घटना की सूचना यात्रियों द्वारा जीआरपी को दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटना-स्थल पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक के पास मिले आधार-कार्ड के पहचान कर परिवार के लोगों को घटना की सूचना दे दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार के लोग सदर अस्पताल पहुंचे। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर शव को दाह-संस्कार करने के लिए गांव लेते गए। मृतक पंजाब के पानीपत में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। गोलू कुमार की शादी चौरी थाना के अनंतपुर गांव में तय हुआ था। जो 19 अप्रैल को होना था। शादी की तैयारी के लिए ही गोलू कुमार एक माह पहले पानीपत से गांव आया था। सोमवार को वह अपने ड्यूटी पर जाने के लिए आरा रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़ा था तभी रास्ते में घटना घट गई। मृतक तीन भाई बहन में छोटा था।

### सड़क हादसे में राजमिस्त्री की मौत

**आरा।** भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के मलौर गांव स्थित बुचला पुल के समीप सोमवार रात बाइक सवार ने पैदल जा रहे एक राजमिस्त्री को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा।





मृतक चरपोखरी थाना क्षेत्र के मलौर गांव निवासी युनुस अंसारी के 50 वर्षीय बेटे यासीन अंसारी है एवं पेशे से राजमिस्त्री थे। इधर, मृतक के समधी मो.रेयाज ने बताया कि वह सोमवार को स्थानीय थाना क्षेत्र के देकुड़ा गांव में राजमिस्त्री का काम करने गए थे। सोमवार की देर शाम जब वह काम करके वापस पैदल अपने गांव लौट रहे थे। उसी बीच मलौर गांव स्थित बुचला पुल के समीप पीछे से आ रहे बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से उन्हें इलाज के लिए चरपोखरी पीएचसी लाया गया। इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना उनके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन चरपोखरी पीएचसी पहुंचे। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत को चिंताजनक देखते हुए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिसके बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात पर परिजन ने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व एक बहन में बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी महफूजन बीबी और दो बेटी शबनम,अफसाना एवं एक बेटा इमरान है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटना के बाद मृतक की पत्नी महफूजन बीवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### रोडरेज में युवक को मारा चाकू,हालत नाजुक

**आरा।** शहर के नवादा थाना क्षेत्र के संकट मोचन नगर मोड़ पर सोमवार की देर शाम रोडरेज को लेकर एक युवक को मारपीट के बाद चाकू मार दी गई। जख्मी युवक को चाकू बाय साइड कंधे पर मारी गई है। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद उसके साथ रहे तीन अन्य साथियों के द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है।



जख्मी चालक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव निवासी लक्ष्मण धानु का 23 वर्षीय बेटे राधे श्याम धानु है। वह पेशे से ट्रैक्टर चालक है एवं खुद का ट्रैक्टर चलाता है। इधर,जख्मी राधे श्याम धानु ने बताया कि वह उदवंतनगर थाना के समीप से ट्रैक्टर पर पुआल लोड कर अपने गांव तीन अन्य साथियों के साथ लौट रहा था। लौटने के क्रम में जब वह ट्रैक्टर लेकर बाजार समिति स्थित ओवर ब्रिज पर चढ़ा। उसी बीच एक कार में सवार चार युवकों द्वारा ओवरब्रिज पर ही कार घुमाने लगे। तभी उसने अपने ट्रैक्टर का लाइट जलाया तो उसने कहा कि लाइट क्यों जल रहा है मैं तुझे मार दूंगा तो उसने कहा कि एक तो तुम ओवर ब्रिज पर बीच में ही कार घुमा रहे हो और मारने के लिए भी कह रहे हो। इसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई। जिसके बाद कार में बैठे उक्त युवकों द्वारा कहा गया कि आगे चल मैं तुझे बताता हूं। जब ट्रैक्टर लेकर संकट मोचन नगर मोड़ पर पहुंचा। तभी चारों उक्त युवक कार से उतरे और उसे ट्रैक्टर से नीचे उतारा। इसके बाद एक युवक ने लोहे के रॉड से उसे पीट दिया। जबकि दूसरे युवक द्वारा उसे चाकू मार दी गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद उसके साथ रहे तीनों साथियों द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहीं दूसरी ओर जख्मी चालक राधे श्याम धानु ने कार सवार दो उक्त युवकों पर रोडवेज को लेकर खुद को मारपीट करने एवं चाकू मारने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# भोजपुर में बनेगा बिहार का पहला रिवर फ्रंट स्टेशन, डेढ़ करोड़ की लागत से बनेंगे तीन स्टेशन





**निज संवाददाता। आरा**

बिहार के भोजपुर जिले में जलमार्ग का एक नया विकल्प तैयार होने जा रहा है। दरअसल जिले के बड़हरा प्रखंड के महुली, सिन्हा और खवासपुर गंगा घाट पर रिवर स्टेशन (जेटी कम्यूनिटी) बनकर तैयार किया जाएगा। तीनों स्टेशनों के निर्माण पर 1.5 करोड़ रुपए खर्च होंगे। जिले के लिए रिवर फ्रंट परियोजना की स्वीकृति के बाद 20 फरवरी को इसका शिलान्यास केंद्रीय मंत्री आरके सिंह करेंगे। भारतीय अंतरदेशीय जलमार्ग, पटना और भारतीय अंतरदेशीय प्राधिकरण जलमार्ग, नई दिल्ली की ओर से तैयारी तेज कर दी गई है।

**यूपी के इलाहाबाद से लेकर बंगाल के हल्दिया तक सफर कर सकेंगे:** संसद प्रतिनिधि धीरेंद्र सिंह ने कहा कि रिवर स्टेशन के चालू हो जाने के बाद जलमार्ग के रास्ते इलाहाबाद से लेकर बंगाल के हल्दिया तक का सफर जिलेवासी करेंगे। इस मार्ग से सफर में यात्रियों के भाड़े से लेकर माल ढुलाई भी सस्ती हो जाएगी। साथ ही जिलेवासियों के लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। देश का यह तीसरा रिवर फ्रंट होगा और बिहार का पहला रिवर स्टेशन होगा। इसके पहले गोमती और साबरमती रिवर फ्रंट है। यह रिवर स्टेशन तीन किलोमीटर तक विकसित करने की परियोजना विभाग के निर्देश पर जिला प्रशासन की देखरेख में तैयार की गई है।

**रिवर स्टेशन और अन्य कार्यों के लिए 70 एकड़ जमीन की जरूरत:** इसका प्रस्ताव जल संसाधन नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय, नई दिल्ली के सचिव को भेजा गया है। इस परियोजना को सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। रिवर फ्रंट को विकसित करने समेत अन्य कार्यों के लिए विभाग को 70 एकड़ जमीन की जरूरत पड़ेगी। इसके लिए गंगा के किनारे सरकारी भूमि की उपलब्धता के अलावा आवश्यकतानुसार जमीन का अधिग्रहण भी किया जा सकता है। इसके लिए यहां के किसानों से भी बातचीत की जा रही है। रिवर स्टेशन के निर्माण से पर्यटन के क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलेगा। सैलानी यहां आकर माता आरण्य देवी, बखोरापुर काली मंदिर समेत जिले का भ्रमण करेंगे।

**रिवर स्टेशन बन जाने से ग्रामीण क्षेत्रों में होगा विकास:** रिवर स्टेशन के बन जाने के बाद गंगा किनारे बाजार विकसित होगा। रिवर स्टेशन के लिए जमीन का समतलीकरण और अन्य कार्य होंगे। वाहनों और यात्रियों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। गंगा के किनारे अलग-अलग श्मशान घाट बनाए जाएंगे। छठ व्रतियों के लिए पक्का घाट का निर्माण किया जाएगा। गंगा आरती के लिए घाट का निर्माण किया जाएगा। रिवर फ्रंट जब पूरी तरह बन जएगा, तब भोजपुर के लिए एक बड़ा व्यावसायिक केंद्र बन जाएगा। इसके माध्यम से किसान, मजदूर, मछुआरे सभी लोगों को फायदा होगा।

**ढाई करोड़ की लागत से बनेगा एडवांस पीपा पुल:** बताया कि ढाई करोड़ की लागत से नए पीपा पुल का भी शिलान्यास किया जाएगा। इस पुल के बन जाने से गंगा के उस पार से शहर की ओर आने वाले लोगों के समय की बचत होगी। क्योंकि इस पुल को एडवांस तरीके से बनाया जाएगा। इस वक्त जो गंगा नदी पर पीपा पुल है उसे खोलने और कसने में 5 घंटे से ज्यादा का समय लग जाता है। ऐसे में दोनों तरफ वाहन की लंबी कतार लग जाती है। लेकिन एडवांस पीपा पुल के बन जाने के बाद केवल दस मिनट में ही पुल को खोल और बंद कर दिया जाएगा। ऐसे में अगर कोई नाव पार भी होती है तो पुल को खोलने और बन्द करने में ज्यादा समय नहीं लगेगा और लंबी कतार जाम का सामना ग्रामीणों को नहीं करना पड़ेगा।

**केंद्रीय मंत्री करेंगे महुली घाट पर तीन रिवर स्टेशन, आधुनिक पीपा पुल का शिलान्यास:** 20 फरवरी यानी मंगलवार को केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह महुली घाट पर तीन रिवर स्टेशन, आधुनिक पीपा पुल के शिलान्यास के साथ आरा स्टेशन से आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। मंत्री 100 करोड़ की योजनाओं की घोषणा करेंगे। सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि 20 फरवरी को ही आरा से छतीसगढ़ को जोड़ने वाली पहली ट्रेन आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस को केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री सह स्थानीय सांसद आर के सिंह शाम 6:00 बजे हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे।

# 600 लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**आरा।** भोजपुर पुलिस ने बड़हरा थाना क्षेत्र के मटुकपुर गांव से देसी शराब की तस्करी करते हुए एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। इसके पास कार से 600 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। पकड़ाया गया तस्कर पटना जिला बिहटा थाना क्षेत्र के पथलौटिया गांव निवासी रौशन कुमार है। इसे लेकर पुलिस ने धंधेबाज और तस्कर के विरुद्ध प्राथमिकी की है। इधर, एसपी प्रमोद कुमार ने बताया गुप्त सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष संजय कुमार और एएसआई राजकुमार शर्मा दल-बल के साथ छापेमारी कर कार को जब्त कर लिया है। कार के बारे में छानबीन की जा रही है।

**विशेष छापेमारी में 37 गिरफ्तार,बाइक बरामद:** वही, एसपी प्रमोद कुमार के आदेश पर कांड में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी एवं शराब बरामदगी को लेकर चलाए गए विशेष से अभियान में 37 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें वारंट में 15, शराब में 19 पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# स्कूल संचालक ने ट्रक ड्राइवर की कर दी पिटाई



**निज संवाददाता। बक्सर**

बक्सर के अहिरौली में एक निजी स्कूल संचालक की दबंगई का वीडियो सामने आया है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि एक ट्रक ड्राइवर को शख्स सरेआम पीटता जा रहा है। घटना मंगलवार की सुबह औद्योगिक थाना के अहिरौली स्थित फोरलेन सड़क के पास की है। बताया जा रहा है कि ट्रक द्वारा निजी स्कूल बस का कांच का क्षति हुआ है। इस मारपीट का किसी ने वीडियो बना लिया। हालांकि पुलिस अभी इस तरह के कोई सूचना न मिलने की बात कह रही है। मिली जानकारी के अनुसार घटना औद्योगिक थाना क्षेत्र के अहिरौली के पास की है। लालगंज गांव निवासी संदीप कुमार ट्रक पर बालू लाद कर उत्तर प्रदेश के बलिया जा रहे थे। स्कूल के गेट के पास बस को बैक करने के दौरान ट्रक से टक्कर हो गई थी। इससे बस की खिड़की का कांच टूट गया। इस घटना के बाद स्कूल प्रबंधक आग-बबूला हो गए और उन्होंने लाठी डंडों से ट्रक चालक की पिटाई कर दी। इतना ही नहीं उसका ट्रक स्कूल परिसर में खड़ा करा दिया। खास बात यह है कि इसी स्कूल के सामने बीते 24 घंटे के अंदर दूसरी बार मारपीट की घटना सामने आई है।

इसके पहले सोमवार को मैट्रिक के परिक्षार्थियों ने भी यहां मारपीट की थी। लेकिन घटना के काफी देर बाद पुलिस पहुंची थी। ट्रक चालक ने बताया कि इस दुर्घटना में उसकी कोई गलती नहीं थी, क्योंकि स्कूल बस को पीछे किया जा रहा था। सड़क पर जाम भी लगा था। ऐसे में वह ट्रक को लेकर रुक गए और तेजी से हॉर्न भी बजाने लगे। लेकिन बस आकर ट्रक में टकरा गई। इससे कांच टूट गया। इस संबंध में औद्यौगिक थानाध्यक्ष अविनास कुमार द्वारा बताया गया कि मामले की पहले जानकारी नहीं थी। लेकिन अब मामला संज्ञान में आया है। वीडियो के आधार पर मामले की जांच की जाएगी। हालांकि इस मामले में अब तक किसी ने शिकायत नहीं दर्ज कराई है, फिर भी पुलिस अपने स्तर से पूरा घटनाक्रम पता लगाने की कोशिश कर करेगी। दोषी को किसी सूरत में नहीं बख्शा जाएगा।

**पूर्व रेलवे**
**निविदा आमंत्रण सूचना**
**सं. सीओएम/सीएटीजी/न्यू एलॉटमेंट/ई-निविदा/2022** **दिनांक:** 16.02.2024
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा 05 वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा स्टेशन (ए1 कैटेगरी) में 04 अदद जनरल माइनर यूनिट के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं के प्रावधान हेतु खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिनके पास **(क)** कैटरिंग व्यवसाय में न्यूनतम 03 (तीन) वर्ष का अनुभव है, **(ख)** कैटरिंग व्यवसाय से पूर्ववर्ती तीन वित्तीय वर्षों के किसी एक वर्ष में सांकेतिक लाइसेंस शुल्क के 03 (तीन) गुना का न्यूनतम वार्षिक कारोबार है और **(ग)** पूर्ववर्ती तीन वित्तीय वर्षों में न्यूनतम रु. 03 (तीन) लाख का लाभ या हानि + संचित आरक्षित + शेयर पूंजी है। निविदाओं का विवरण निम्नानुसार हैं: **क्रम सं., स्थान, आरक्षण कैटेगरी, न्यूनतम लाइसेंस शुल्क/आरक्षित मूल्य प्रति वर्ष, अनुबंधित मूल्य, बयाना राशि एवं निविदा सं.** निम्नानुसार हैं: **(1)** पीएफ2-3/कॉलम नं. पी-06 के पास, जीएमयू जनरल, रु.6,12,338/-, रु.31,84,158/-, रु.63,700/-, जीएमयू-सीएटी-एचडब्ल्यूएच-पीएफ2-3-पी-06-24, **(2)** पीएफ8/कॉलम पी-11 के पास, जीएमयू लेडीज, रु.6,21,758/-, रु.32,33,142/-, रु.64,700/-, जीएमयू-सीएटी-एचडब्ल्यूएच-पीएफ8-पी-11-24, **(3)** पीएफ9/कॉलम पी-10 के पास, जीएमयू जनरल, रु.6,12,338/-, रु.31,84,158/-, रु.63,700/- जीएमयू-सीएटी-एचडब्ल्यूएच-पीएफ9-पी-10-24, **(4)** पीएफ17-18/कॉलम पी-12 पी-13 के बीच, जीएमयू जनरल, रु.6,12,338/-, रु.31,84,158/-, रु.63,700/-, जीएमयू-सीएटी-एचडब्ल्यूएच-पीएफ17-18-24, **स्टेशन कोड:** प्रत्येक निविदा के लिए एचडब्ल्यूएच, **कैटेगरी:** प्रत्येक निविदा के लिए ए1, **निविदा कागजात का मूल्य (जीएसटी छोड़कर):** प्रत्येक निविदा के लिए रु.3,000/- **अंतिम तिथि:** प्रत्येक निविदा के लिए दिनांक 08.03.2024, निविदा कागजात की लागत पर 12% जीएसटी राशि। निविदा कागजात की उपलब्धता: **www.ireps.gov.in ठेका की अवधि:** 05 वर्ष, **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। बोली केवल ऑनलाइन जमा की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।
HWH-499/2023-24
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**
**ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/24/10, दिनांक:** 19.02.2024, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, फेयरली प्लेस, दूसरी मंजिल, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** निम्नानुसार हैं: **(1) 12245042;** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी-8751 के तहत ग्लास फिल्ड नाइलन 66 इंसुलेटिंग लाइनर के निर्माण एवं आपूर्ति के लिए चालू ठेका; रु.6,73,580/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 04.03.2024** को 13.30 बजे, **(2) 10235006;** सीसीबी सिस्टम के लिए ब्रास पाइप फिटिंग्स आदि का क्रय; रु.82,560/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 05.03.2024** को 13.30 बजे, **(3) 10232423;** एलपी सिलिंडर का सेट डाया-127 मिमी-2 अदद/सेट एवं एचपी सिलिंडर, डाया-100 मिमी-1 अदद/सेट आदि; रु.74,840/-, **(4) 10245002;** टैप चेंजर (जीआर) संपूर्ण; रु.2,67,620/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 07.03.2024** को 13.30 बजे (क्रम सं. 3 एवं 4 हेतु), **(5) 11241562;** आईआरएस टाइप डोर लॉक संपूर्ण का क्रय आदि; रु.0, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 11.03.2024** को 13.30 बजे, **(6) 04235021;** स्पेसिफिकेशन के अनुसार सभी प्रकार के स्पेयर फिल्टर एवं ब्रेथर और अप्रैल 2018 के आरडीएसओ स्पेसि. न. एमपी-0.08.00.103 (रिव.-01) के अनुसार मेन डीजल इंजन का क्रय ; रु.3,03,220/-, **(7) 10231103;** स्पेयर्स एयर ड्रायर के आईओएच किट का क्रय; रु.0, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 12.03.2024** को 13.30 बजे (क्रम सं. 6 एवं 7 हेतु), **(8) 11241060;** ट्रफ फ्लोर आदि के लिए कनेक्टिंग वेब; रु.72,230/-, **(9) 12235456;** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. 8258 के तहत ईआरसी एमके-जे का क्रय; रु.2,56,820/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 13.03.2024** को 13.30 बजे (क्रम सं. 8 एवं 9 हेतु), **(10) 08231233;** डॉ. बेक के एलोमोथर्म एच-71ए आदि का क्रय; रु.0, **(11) 08231512ए;** एक्सल पुली के लिए फासनर असेंबली आदि का क्रय; रु.0, **(12) 10232431;** डब्ल्यूएजी 9/डब्ल्यूएपी-7 लोको के लिए पुश पुल रॉड ; रु.0, **(13) 20231150;** भेल टीएम टाइप-4601 एजेड का वर्धित आर्मेचर शैफ्ट (स्लीब कोर एवं हेड पोर्शन में सेमीफिनिश्ड) ; रु.1,26,930/-, **(14) 21231114ए;** ब्रेक सिलिंडर आदि; रु.2,37,250/- **निविदा खुलने की तिथि और समय : 14.03.2024** को 13.30 बजे (क्रम सं. 10 से 14 हेतु), **(15) 15235113बी;** ईओटी क्रेन का क्रय, संस्थापन, आपूर्ति एवं आरंभ करना, क्षमता:-60 मी एंगल टाइप डीएसएल एवं रिमोट कंट्रोल के साथ 20 टन ; रु.1,22,000/-, **(16) 15235200;** ईओटी क्रेन 30 टन आदि की आपूर्ति, संस्थापन एवं आरंभ करना; रु.1,40,000/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 15.03.2024** को 13.30 बजे (क्रम सं. 15 एवं 16 हेतु), **(17) 19231833;** गेज कॉम्प्लेक्स आदि का क्रय; रु.0, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 16.03.2024** को 13.30 बजे **(18) 10232429;** सिलिंड्रिकल रोलर यूनिट सीआरयू-150 आदि का क्रय; रु.1,20,540/-, **(19) 11231523ए;** स्मोक डिटेक्टर एवं फायर अलार्म सिस्टम आदि; रु.0, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 18.03.2024** को 13.30 बजे (क्रम सं. 18 एवं 19 हेतु), **(20) 10232233;** डायरेक्ट ब्रेक एग्जॉस्ट वाल्व आदि का क्रय; रु.0, **(21) 11231127;** गैंगवे ब्रिज माउंटिंग; रु.2,01,840/-, **(22) 15235197;** सीएनसी एक्सल टर्निंग लेद इंडिजिनियस की आपूर्ति एवं आरंभ करना; रु.4,48,000/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 20.03.2024** को 13.30 बजे (क्रम सं. 20 से 22 हेतु), **(23) 07231177;** आरडीएसओ के स्पेसि. नं. सी-9407, टाइप-II, (रिव.-3 ऑफ फरवरी, 2007) 04 अमेंडमेंट के साथ, अंतिम अमेंडमेंट स्लिप नं. 4 जो जुलाई 2019 में जारी किया गया एवं जून 2015 की संशोधन सं. 1 के साथ साइज: 2850 मिमी X 1220 मिमी X12 मिमी में रेलवे कोचों में इस्तेमाल के लिए लकड़ी आधारित इम्प्रेग्रेटेड कम्प्रेस्ड लैमिनेट का क्रय; रु.3,14,820/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 21.03.2024** को 13.30 बजे **(24) 11231449;** एडजस्टिंग शिम आदि का सेट; रु.0, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 27.03.2024** को 13.30 बजे **(25) 15245013;** संलग्न स्पेसिफिकेशन के अनुसार ईओटी क्रेन का संस्थापन, आपूर्ति एवं आरंभ करना, क्षमता-65 टन; रु.2,19,000/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 10.04.2024** को 13.30 बजे, **(26) 20231148;** भेल ट्रैक्शन मोटर टाइप 253 बीएक्स/बीडब्ल्यू एवं 4601 एजेड के लिए सभी कम्पोनेंट के साथ एक्सल लुब्रिकेटर असेंबली संपूर्ण ; रु.0, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 30.04.2024** को 13.30 बजे। **निविदा मूल्य :** रु.0, क्रम सं. 1 से 26 प्रत्येक हेतु। **टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई-निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https:// www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।
Stores-71/2023-24
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व मध्य रेल**
**खुली ई-निविदा सूचना**
**No.10-GSQWS-GAYA2023-24 Date: 16.02.2024**
व०मं०यॉ०अभि० (समाडि)/ पू०म०रे०/ डी०डी०यू०, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी, सक्षम तथा इच्छुक ऐजेंसी/ ठीकेदार से खुली ई-निविदा सं० 10-GSQWS-GAYA2023-24) दिनांक: 13.02.2024 के लिए आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्न है:- **01. कार्य का विवरण :** गया स्टेशन पर कैमटेक डिजाइन के अनुसार त्वरित जल व्यवस्था की आपूर्ति एवं स्थापना, **02. कार्य का अनुमानित मूल्य :** रू. 1,18,80,327.60/-(एक करोड़ अठारह लाख अस्सी हजार तीन सौ सत्ताईस साठ पैसे) मात्र, **03. धरोहर राशि :** रू. 2,09,400/- मात्र, **04. निविदा फार्म जमा करने तथा निविदा खुलने का समय एवं तिथि :** ई-निविदा दिनांक: 21.02.2024 से 06.03.2024 तक समय 17.00 बजे तक, **05. वेबसाईट एवं सूचना बोर्ड जिस पर यह सूचना उपलब्ध रहेगी तथा निविदा फार्म खरीदने का पता :** आईआरईपीएस वेबसाइट:- **www.ireps.gov.in** बोलीदाता केवल इस वेबसाइट के माध्यम से अपनी मूल/संशोधित बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। इस निविदा के विरूद्ध मैन्युअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और प्राप्त ऐसे किसी भी मैन्युअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। **नोट :** विस्तृत जानकारी हेतु कृपया निविदा फार्म देखें।
मं० यॉ० अभि० (स.व प्र.)
पूर्व मध्य रेल, डी०डी०यू०
पीआर/02347/डीडीयू/एमईसीएच/टी/23-24/40

**पूर्व रेलवे**
**ई-निविदा सं. 323_2023-24, दिनांक** 19.02.2024, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा। कार्य का विवरण :** वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा की शाखा में डानकुनी, बेलमुड़ी, खाना जं., चांचाइ में पीएफ शेडों के प्रावधान के लिए प्रस्ताव एवं अन्य लघु कार्य। (डानकुनी स्टेशन छोड़कर)। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,00,43,360.47, **बयाना राशि:** रु. 2,00,200/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 12.03.2024 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।
HWH-502/2023-24
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**
**ई-निविदा सूचना सं.: ओ-एसी-टी-177-183-23-24 (खुली), दिनांक 16.02.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, आसनसोल, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं.: 1, केस सं. :** ओ-एसी-टी-177-23-24, **कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/4/आसनसोल के क्षेत्राधिकार के अधीन तपसी-बाराबानी स्टेशन लाइन में आरसीसी स्लैबों के प्रावधान द्वारा विभिन्न ब्रिजों की उन्नति, विंग वॉल के सुदृढ़ीकरण तथा अतिरिक्त ओपनिंग के प्रावधान आदि के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 1,78,73,362.45, **बयाना राशि :** रु. 2,39,400/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। **क्रम सं.: 2, केस सं. :** ओ-एसी-टी-178-23-24, **कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/3/आसनसोल के क्षेत्राधिकार के अधीन टीआरआर (पी), टीएफआर एवं टीबीआर कार्यों के साथ अन्य अन्य अनुषंगी कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 1,47,43,714.31, **बयाना राशि :** रु. 2,23,700/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। **क्रम सं.: 3, केस सं. :** ओ-एसी-टी-179-23-24, **कार्य का नाम:** एईएन/1/आसनसोल के अधीन एसएसई/पी (वे)/कालीपहाड़ी की शाखा में ट्रैक की मरम्मत एव रखरखाव के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 93,97,624.85, **बयाना राशि :** रु. 1,88,000/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। **क्रम सं.: 4, केस सं. :** ओ-एसी-टी-180-23-24, **कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/3/आसनसोल के अधीन किमी 171/19 से 171/25 के बीच आरओबी सं. 396/बी की मरम्मत/पुनरुद्धार कार्य के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 10,67,266.40, **बयाना राशि :** रु. 21,300/-, **कार्य की समापन अवधि:** 06 (छह) माह। **क्रम सं.: 5, केस सं. :** ओ-एसी-टी-181-23-24, **कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के लिए पाकुड़ क्वैरी से बीओबीवाईएन टाइप रेलवे वैगनों में 68000 घनमीटर मशीन खंडित हार्ड स्टोन ट्रैक बैलस्ट की आपूर्ति, लीडिंग एवं लोडिंग के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 9,73,32,480/-, **बयाना राशि :** रु. 6,36,700/-, **कार्य की समापन अवधि:** 10 (दस) माह। **क्रम सं.: 6, केस सं. :** ओ-एसी-टी-182-23-24, **कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के लिए राजग्राम/तालहारी/ बाकुडी/पिनरगड़िया/हरिणसिंह क्वैरी से बीओबीवाईएन टाइप रेलवे वैगनों में 50000 घनमीटर मशीन खंडित हार्ड स्टोन ट्रैक बैलस्ट की आपूर्ति, लीडिंग एवं लोडिंग के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 7,15,68,000/-, **बयाना राशि :** रु. 5,07,800/-, **कार्य की समापन अवधि:** 10 (दस) माह। **क्रम सं.: 7, केस सं. :** ओ-एसी-टी-183-23-24, **कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के लिए मथुरापुर/राजग्राम/पाकुड़/हरिणसिंह क्वैरी से बीओबीवाईएन टाइप रेलवे वैगनों में 50000 घनमीटर मशीन खंडित हार्ड स्टोन ट्रैक बैलस्ट की आपूर्ति, लीडिंग एवं लोडिंग के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 7,15,68,000/-, **बयाना राशि :** रु. 5,07,800/-, **कार्य की समापन अवधि:** 10 (दस) माह। **बंद होने की तिथि और समय:** 18.03.2024 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps. gov.in** में देखा जा सकता है।
ASN-230/2023-24
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :

इस घटना में बाल-बाल बचे कार सवार तीन लोग

# सड़क किनारे 15 फीट गड्ढे में पलटी गाड़ी, दो की मौत, पांच घायल



निज संवाददाता

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर जिले के बंगरा थाने के एनएच 28 पर मंगलवार सुबह एक सफारी ने ऑटो में ठोकर मार दी। जिसके बाद सफारी सड़क किनारे करीब 15 फीट गड्ढे में पलट गई। इस घटना में ऑटो सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य जख्मी हो गए। हालांकि, इस घटना में सफारी सवार तीनों लोग बाल-बाल बच गए। मृतक सभी सब्जी कारोबारी बताए गए हैं। इसी थाने के चिनौटा से सब्जी की खरीदारी के लिए ताजपुर मंडी आ रहे थे। मृतक की पहचान बंगरा थाने के चिकनौटा गांव के प्रदीप साह 60 और रामवरण सिंह 70 वर्ष के रूप में की गई है। जबकि घायलों में इसी गांव के देवेंद्र साह, शंभू साह, सुरेंद्र साह, जितेंद्र साह और अजीत साह शामिल है। जख्मी में शंभू की गंभीर स्थिति को देख पटना रेफर कर दिया गया है। शेष का उपचार सदर अस्पताल और ताजपुर रेफरल में चल रहा है। घटना के संबंध में जख्मी देवेंद्र साह ने बताया कि वह सब्जी का कारोबार करते हैं। चिकनौटा गांव से सब्जी की खरीदारी के लिए मोतिपुर सब्जी मंडी जा रहे थे। सभी एक ही गांव के कारोबारी है। इसी दौरान मुर्गियां चक के पास पीछे से तेज गति आ रही सफारी ने ऑटो में ठोकर मार दी। ऑटो में ठोकर मारने के बाद सफारी भी पलट गई। हल्ला होने के बाद जुटे लोगों ने सभी घायलों को ताजपुर रेफर अस्पताल लाया। जहां डॉक्टर ने प्रदीप व रामवरण को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य घायलों को उपचार के लिए सदर अस्पताल भेजा। उधर, घटना की सूचना के बाद जुटे लोगों ने एनएख्च 28 को जाम कर दिया।

इस दौरान लोग मृतक आश्रित को मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। बाद में स्थानीय पुलिस पदाधिकारी के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ। पुलिस ने मृतक के शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। दुर्घटनाग्रस्त सफारी को पुलिस ने जब्त कर लिया है। एएसपी संजय पांडेय ने बताया कि ऑटो और सफारी के बीच टक्कर में दो की मौत हुई है। कई अन्य घायल हैं। जिनका उपचार चल रहा है। घटना को लेकर एक मामला दर्ज किया जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, एक घायल

निज संवाददाता



**बेतिया (पश्चिमी चम्पारण)।** बेतिया में चचेरे भाई के शादी में सामिल होकर घर लौट रहे एक 26 वर्षीय युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। जबकि एक 40 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हैं। उसे इलाज के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल बेतिया में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना जिले के लौरिया थाना क्षेत्र के कैथवलिया लौरिया मुख्य मार्ग स्थित बीजवनिया चौक के पास की है। इधर घटना की सुचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। थाना अध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि मृतक की पहचान गोपालपुर थाना क्षेत्र के झाखरा गांव निवासी काशी शर्मा के पुत्र राजेश शर्मा(26) और घायल व्यक्ति की पहचान मयंकेश्वर शर्मा(40) के रूप में हुई है।

वहीं मृतक के शव को पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया है। मामले में पीड़ित के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। मृतक के बहनोई सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि सोमवार को राजेश और मंकेश्वर एक ही बाइक पर सवार होकर अपने चचेरे भाई पिंटू शर्मा के बारात लौरिया के विशुनपुरवा गए हुए थे। देर रात से घर लौटने के दौरान बीजवनिया चौक के पास अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर ट्राली में जा टकराये। जिसमें मौके पर ही उनकी मौत जबकि मनकेश्वर गंभीर रूप से घायल हो गए।

## शॉर्ट-सर्किट से लगी आग, पांच मवेशियों की मौत

निज संवाददाता

**सुपौल।** सुपौल के नदी थाना क्षेत्र स्थित ललमनिया गांव में मंगलवार की अहले सुबह बिजली की शॉर्ट-सर्किट से एक घर में आग लग गई। बताया जा रहा है कि इस हादसे में एक घर समेत 5 मवेशियों की भी मौत हो गई। बताया जा रहा कि परिवार के सभी सदस्य चार दिन बाद बेटी की शादी से पूर्व तिलक देने के लिए अपने रिश्तेदार के घर जाने वाले थे। इसी लेकर घर में आभूषण, फर्नीचर, वस्त्र, और नकदी रुपए जुटा कर रखे हुए थे। आग की चपेट में सब कुछ जलकर राख हो गया।

अग्निपीड़ित गृहस्वामी महेंद्र कामत के घर में मातम पसरा हुआ है। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के सदस्यों के द्वारा शोर मचाने पर गांव के लोग घटनास्थल पर जुट काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं इस हादसे में घर में रखे अनाज सहित अन्य जरूरी सामान भी जलकर खाक हो गया। नदी थानाध्यक्ष राजू कुमार ने बताया कि घटना की सूचना पर चौकीदार को घटनास्थल पर भेजा गया है। वहीं, ग्रामीणों ने बताया कि अंचल अधिकारी को भी घटना की सूचना दी गई है।

# वैशाली में राजद सुप्रीमो लालू यादव के काफिले का हुआ भव्य स्वागत

निज संवाददाता



**हाजीपुर (वैशाली)।** पटना से गोपालगंज जाने के क्रम में वैशाली के लालगंज में RJD कार्यकर्ताओं ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के काफिला को रोकर भव्य स्वागत किया है। इस दौरान लालू प्रसाद यादव के समर्थकों ने लालू प्रसाद जिंदाबाद के नारे लगाए। बता दें कि बिहार की सत्ता से बेदखल होने के बाद तेजस्वी यादव एक तरफ जहां बिहार के लोगों का विश्वास जीतने के लिए जन विश्वास यात्रा पर निकले हुए हैं, वहीं लालू प्रसाद यादव भी अलग-अलग बिहार का दौरा कर रहे हैं। लालू के छोटे बेटे तेजस्वी यादव जन विश्वास यात्रा पर आज निकल चुके हैं। दूसरी तरफ लालू प्रसाद यादव भी न्याय यात्रा पर निकल चुके हैं। इसी दौरान वह गोपालगंज जा रहे थे, तभी वैशाली के लालगंज प्रखंड के तीनपूलवा चौक के पास राजद समर्थकों ने उनके काफिला को रोककर स्वागत किया है। इस दौरान आरजेडी कार्यकर्ताओं ने बताया कि देश से जल रहा है लोग बदलाव चाहता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सभी संवैधानिक संस्था को निजीकरण कर दिए हैं। इनको देश के संवैधानिक संस्थाओं से कोई मतलब नहीं है। इस देश में इसे मनु स्मृति से मतलब है, संविधान से कोई मतलब नहीं है। तेजस्वी यादव के जितने भी विरोधी हैं सब एकजुट होकर इनको दबाने का प्रयास कर रहा है।

## पुलिस ने 610 लीटर जावा महुआ और 150 लीटर देसी शराब को किया नष्ट, तीन आरोपी गिरफ्तार



**लखीसराय (नि.सं.)।** लखीसराय के नक्सल प्रभावित क्षेत्र कजरा थाना अंतर्गत किशुन कोड़ासी में उत्पाद विभाग के द्वारा शराब के खिलाफ ड्रोन के माध्यम से सर्च अभियान चला कर भारी मात्रा में जावा महुआ के साथ देसी शराब को जब्त कर नष्ट कर दिया। उत्पाद थाना के दरोगा गुड्डु कुमार ने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र कजरा थाना के जंगल में शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नक्सल प्रभावित पहाड़ी क्षेत्र के जंगल से 7610 लीटर जावा महुआ और 150 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि साथ ही उन्होंने बताया कि जलप्पा स्थान से बसमतिया निवासी रामाशीष यादव के पुत्र रंजीत कुमार, मोहनपुर निवासी नरेश यादव के पुत्र संजय कुमार एवं निस्ता से जयराम मे यादव के पुत्र रवि कुमार को शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सभी गिरफ्तार व्यक्तियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। उन्होंने बताया कि शराब के साथ शराब बनाने उपकरण भी बरामद किया गया है, सभी मिलेगा उपकारणों को विनस्ट कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। अभियान में चानन थानाध्यक्ष अमित कुमार भी शामिल थे।

## नागी पक्षी केंद्र और डैम में पहुंची 10 हजार पक्षी

निज संवाददाता



जमुई। जमुई के झाझा प्रखंड स्थित नागी पक्षी आश्रयणी केंद्र में वैसे तो स्थानीय पक्षियों का बसेरा साल भर रहता है, लेकिन कुछ महीने यहां विदेशी पक्षी भी आती है। जानकारों ने कहा कि नवंबर से मार्च के शुरूआती दिनों तक कई प्रजाति के साइबेरियन पक्षी यहां आती है और अपना आश्रय बनाती है। इनके साथ ही फरवरी से मार्च के बीच देश के कई जगहों से पक्षी विशेषज्ञ और वैज्ञानिक यहां रिसर्च के लिए पहुंचते है। इंडियन बर्ड कंजर्वेशन के स्टेट कोआर्डिनेटर सह पक्षी विशेषज्ञ अरबिंद मिश्रा ने कहा कि नागी पक्षी आश्रयणी केंद्र के साथ नागी नकटी डैम में इस साल 150 प्रजातियों के लगभग 10 हजार पक्षी आई। इसमें विदेशी पक्षी और स्थानीय पक्षी दोनों शामिल है। इनको देखने के लिए पर्यटकों की भी भीड़ काफी देखने को मिली। इसके अलावा जानकारों ने बताया कि केंद्र पर अफ्रीका से आई पक्षी शूरमल, तिब्बत से आई छोटे-छोटे पक्षी ग्रीन सेंक और गोल्डन प्लोवर, रूस से आई लालसर, तेगोंचई, कलसीरा और चेंगुय, लद्दाख से आई सरार और चीन, मंगोलिया से भी कई प्रजाति की पक्षीयों का आगमन हुआ। सर्द मौसम में यहां का वातावरण इनके अनुकूल होने के कारण यह आते है। जैसे ही यहां पर गर्मी का मौसम आता है यह रवाना हो जाते है। बता दे कि नागी नकटी डैम में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने तीन दिनों तक राजकीय पक्षी महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया था। इसमें इनको संरक्षित करने के लिए कई तरह की जानकारी भी दी गई।

## किशनगंज में चलाया गया अतिक्रमण मुक्त अभियान

**किशनगंज (नि.सं.)।** किशनगंज ओवरब्रिज के नीचे, रुईधासा मैदान के निकट नगर परिषद द्वारा सब्जी मंडी शिफ्ट करने को लेकर अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान दुकानदारों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि कई सालों से हम यहां पर दुकान लगाते आ रहे हैं। लेकिन नगर परिषद द्वारा जबरन हम लोगों को हटाया जा रहा है। दुकानदारों का कहना है कि अगर अस्थाई सब्जी मंडी है तो प्रतिवर्ष बट्टी क्यों किया जाता है। 42 सालों से लगती आ रही है यह सब्जी मंडी अब इसे नगर परिषद द्वारा हटाया जा रहा है। मालूम हो कि डे मार्केट सब्जी मंडी को नगर परिषद द्वारा रुइधासा मैदान के निकट ओवरब्रिज के नीचे जगह कर दिया गया है।

# ट्रैक्टर लूटकांड में शामिल पांच अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता



**पटना।** पटना के दीदारगंज थाना पुलिस ने ट्रैक्टर लूटकांड में शामिल 5 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। डीएसपी सियाराम यादव ने इसकी पुष्टि की है। प्रेस वार्ता कर उन्होंने डीएसपी ने बताया कि घटना 3 फरवरी की है। पटना-फतुहा एनएच 30 पर हथियार के बल पर अपराधियों ने छड़ लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली को लूट लिया था। दीदारगंज रेलवे पुल से 100 मीटर पहले अपराधियों ने सड़क पर बाइक खड़ी कर पहले रास्ता रोका। फिर हथियार का भय दिखाकर चालक को ट्रैक्टर से उतार दिया और गाड़ी लेकर फरार हो गया। चालक ने फोन कर मालिक को घटना की जानकारी दी थी। जिसके बाद मामला दर्जकर ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। टीम में थानाध्यक्ष दीदारगंज मिथलेश कुमार, थानाध्यक्ष फतुहा रूपक कुमार अम्बुज, खुसरुपुर थाना प्रभारी अरविंद कुमार के साथ साथ दीदारगंज थाना निवासी ट्रैक्टर चालक रोहित कुमार और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। 4 फरवरी को फतुहा बुद्धदेवचक से लोडेड ट्रॉली और नायका रोड से ट्रैक्टर को बरामद किया गया था। टीम ने तकनीकी अनुसंधान के जरिए संलिप्त अपराधियों को चिन्हित कर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों में चार फतुहा थाना क्षेत्र के वरुणा निवासी नरेश सिंह के पुत्र अभिषेक राज, नरमा निवासी दिलीप सिंह के पुत्र सौरव कुमार, कोलहर निवासी विजय पासवान के पुत्र गोविंद कुमार उर्फ गोमठ, कंचनपुर निवासी राम बुझावन यादव के पुत्र धनरा उर्फ छोटू, जबकि खगड़िया जिले के गोविंदपुर निवासी रणधीर यादव के पुत्र शिवम कुमार शामिल है। वारदात को अंजाम देने के लिए अपराधियों ने एक टेम्पो का इस्तेमाल किया था, जिसे बरामद कर लिया गया है। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## 16 हजार कैश के साथ एक लाख की संपत्ति ले गए चोर

निज संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर के नाथनगर इलाके के मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र में चोरों ने लैपटॉप और मोबाइल की चोरी की। मामले को लेकर नयाटोला चौक निवासी पीड़ित सुमन कुमार ने कहा कि वे सो रहे थे, तभी कुछ अज्ञात चोर उनके घर में घुसे और चोरी की। पीड़ित ने स्थानीय थाने में लिखित आवेदन दिया है। जिसके अनुसार लगभग 25 हजार का मोबाइल और लगभग 82 हजार रुपए के लैपटॉप के अलावा 16 हजार नगद चोर ले गए। मधुसूदनपुर थाना प्रभारी सफदर अली ने पुलिस को छानबीन करने के लिए भेज दिया है। उन्होंने पीड़ित को आश्वाशन देते हुए यह कहा है जल्द चोरी के सामान मिल जाएंगे। पीड़ित ने बताया की आए दिन इलाके में चोरी की घटना होती रहती है। कई दफा सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई, लेकिन किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं देखने को मिलती। पीड़ित ने कहा कि चौक के समीप शाम के वक्त से ही नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। कई बार तो पुलिस ने उन्हें खदेड़ा भी है लेकिन पुलिस के जाते ही वे सभी आ जाते। उन्होंने यह आशंका जताई है कि चौक पर अड्डा लगाने वाले नशेड़ियों ने ही उनके घर में चोरी की होगी।

## 10 दिन बाद किडनैप छात्रा बरामद

**जमुई (नि.सं.)।** जमुई के चंद्रदीप थाना क्षेत्र के धनामा गांव से शादी की नीयत से अपहृत छात्रा को पुलिस ने 10 दिन बाद बरामद कर लिया है। जिसे मंगलवार की शाम मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल लाया गया। छात्रा के परिजनों ने बताया कि 10 दिन पहले छात्रा कोचिंग करने के लिए अलीगंज बाजार की ओर जा रही थी। तभी रवैत गांव निवासी हीरा महतो का बेटा राकेश कुमार ने शादी की नीयत से अपहरण कर लिया।

## पावर ग्रिड से तार चुराते दो चोर गिरफ्तार

निज संवाददाता



**शेखपुरा।** शेखोपुर सराय थाना क्षेत्र के ओनामा विधुत पावर ग्रिड स्टेशन से तार को चुराते 2 चोरों को ग्रामीणों ने पकड़ा। जबकि 2 और चोर वहां से भाग निकले। इसके बाद ग्रामीणों ने चोरों की पिटाई कर स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस सब इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने कहा कि पकड़े गए चोरों की पहचान बरबीघा नगर क्षेत्र के बुल्ला चक मुहल्ला निवासी शंकर प्रसाद का पुत्र सोनू कुमार और गंजपर मौहल्ला निवासी बालेश्वर वर्मा का पुत्र राम प्रीत कुमार के रूप किया गया है। वहीं भागने वाले चोरों की पहचान बरबीघा शहर के ही नीरज कुमार और ओनामा गांव के बुद्धन कुमार के रूप में किया गया है। पकड़े गए चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के बाद प्रशिक्षु दरोगा राकेश कुमार ने शेखपुरा जेल भेज दिया है। इसके अलावा पुलिस ने कहा कि इस गिरोह के अन्य लोगों की खोज की जा रही है।

## टेंपो पलटने से छह लोग जख्मी, दो की हालत गंभीर



निज संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय में टेंपो पलटने पर 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी का इलाज बेगूसराय के सदर अस्पताल में चल रहा है। इसमें एक महिला और एक पुरुष की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। घटना बलिया थाना क्षेत्र के शादीपुर दियारा के पास की है। शादीपुर गांव से ही टेंपो पर सवार करीब छह लोग बलिया बाजार आ रहे थे। इस दौरान टेंपो अनियंत्रित हो गया। घायलों को आनन फानन में इलाज के लिए बलिया पीएचसी में भर्ती कराया गया है। वहां से स्थिति को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने सदर अस्पताल बेगूसराय रेफर कर दिया।इसमें दो की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। फिलहाल घायल व्यक्ति की पहचान बलिया थाना क्षेत्र के शादीपुर गांव के रहने वाले राजेश चौधरी, राखी देवी और निरंजन कुमार समेत अन्य लोगों के रुप में हुई है। बलिया थाने की पुलिस पहुंचकर पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। इस संबंध में बलिया थाना प्रभारी ने बताया है कि शादीपुर के पास अनियंत्रित एक टेंपो सड़क किनारे पलट गया। इस हादसे में चार-पांच लोग घायल होने की सूचना मिली है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## आग लगने से 12 हजार रुपए सहित सामान जलकर राख

**शेखपुरा (नि.सं.)।** शेखपुरा शहर के मडपसौना मौहल्ला स्थित एक घर में खाना बनाने के दौरान रसोई गैस सिलेंडर में आग लग गई। दरअसल, विजय मालाकार के घर में सोमवार को उसके पुत्र की शादी हुई थी। मंगलवार को बहू भोज का आयोजन होना था, उसी की तैयारी हो रही थी। विजय ने आगे कहा कि सब्जी, दाल बनाने के बाद चावल बनाने की तैयारी चल रही थी। तभी अचानक गैस रिसाव के कारण आग लग गई। इसके बाद आग फैल गया और कपड़ा, जेवर, 8 मन अनाज, बिस्तर सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। इस दौरान अच्छी बात यह रही कि गैस सिलेंडर में विस्फोट नहीं हुआ। इसके पहले ही दमकल दस्ता पहुंच गया और आग को बुझा लिया गया। दस्ता में शामिल अनिल कुमार ने कहा कि एक लाख रुपए से अधिक का नुकसान का अनुमान है। इसमें 12 हजार रूपए नगद सहित करीब दो लाख की संपत्ति शामिल है। टीम में सौरभ कुमार, रामपाल और सागर कुमार भी शामिल थे। बता दे कि शादी होने के कारण गर में कई रिश्तेदार पहुंचे हुए थे। हालांकि, घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

# डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, छह घायल



निज संवाददाता

**शेखपुरा।** शेखपुरा के अरियरी थाना क्षेत्र अंतर्गत धनकौल गांव में एक शादी समारोह के दौरान डीजे बजाने को लेकर उत्पन्न विवाद में जमकर मारपीट और रोड़ेबाजी हुई। मारपीट और रोड़ेबाजी की घटना में एक पक्ष के 6 लोग घायल हो गए। जिसके बाद ग्रामीणों की सहायता से घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल शेखपुरा में भर्ती कराया गया। जहां घायलों की पहचान जागो चौधरी के पुत्र पंचानंद चौधरी, पंचान्द की पत्नी रीता देवी,पुत्र रौशन कुमार, कौशल कुमार ,पुत्री राखी कुमारी तथा बहू मंजू कुमारी के रूप में की गई है। घायल पंचानंद चौधरी ने बताया कि गांव के ही धर्मेंद्र चौधरी के भतीजे विक्की कुमार की शादी समारोह में शामिल होने डीजे मंगाया गया था। डीजे के धुन पर नाचने और गाने को लेकर सोमवार की रात में विवाद को गया। उसी विवाद को लेकर गोल्डन चौधरी, अरविंद कुमार तथा धर्मेंद्र चौधरी का दामाद सहित अन्य घर वाले अचानक लाठी डंडों से वॉर कर सभी को घायल कर दिया। घटना के दौरान घर की महिलाएं और अन्य हमलोगो के ऊपर रोड़ेबाजी भी की। घटना के बाद पीड़ित का परिवार काफी भयभीत है। इस घटना में घायल सभी लोगो का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। अरियरी थानाध्यक्ष सुनील कुमार राजवंशी ने कहा कि शादी के लिए बारात निकलने के दौरान डीजे के धुन पर नाचने के विवाद में मारपीट हुई है।उन्होंने कहा कि घटना के संबंध में लिखित शिकायत मिली है। जिसके आलोक में स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## चलती ई-रिक्शा का चक्का खुलने से पांच महिलाएं समेत छह लोग घायल

निज संवाददाता



**शेखपुरा।** सिरारी ओपी क्षेत्र के दरियापुर भदौंस गांव में मंगलवार को ई-रिक्शा का पहिया चलते-चलते खुल गया। इस दौरान ई-रिक्शा पर सवार 5 महिलाएं सहित कुल 6 लोग घायल हो गए। घटना के बाद सभी को स्थानीय लोगों ने सदर अस्पताल शेखपुरा में भर्ती कराया।

घटना शेखपुरा-लखीसराय मुख्य सड़क पर भदौंस मोड़ के पास हुई थी। घायलों की पहचान दरियापुर गांव निवासी बृजनंदन यादव की पुत्री अंजली कुमारी, अजय कुमार की पत्नी प्रतिमा कुमारी, रवि यादव की पत्नी मुनिता देवी, मौसम कुमारी तथा वाहन चालक सदा शिव यादव के रूप में की गई है। घटन के कारण अंजली कुमारी का बायां पैर बुरी तरह से कट गया है। उसकी हालत को देखते हुए प्राथमिक इलाज के बाद और बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर पावापुरी रेफर कर दिया गया है।

घायल चालक ने बताया कि वह अपने गांव से पांच महिलाओं को लेकर सदर प्रखंड के नेंदारगंज गांव शादी में जा रहे थे। रास्ते में अचानक एक चक्का खुलकर बाहर फेंका गया। इसके कारण सभी लोग सड़क किनारे गिर गए। वहीं सिरारी ओपी अध्यक्ष सह पुलिस सब इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने बताया कि घटना के संबंध में उन्हें अब तक कोई जानकारी नहीं है। लिखित में आवेदन मिलने के बाद ही पुलिस कोई कार्रवाई करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### भ्रूण हत्या रोकने पर 24 को जागरूकता अभियान

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जिला में भ्रूण हत्या, बाल विवाह एवं अन्य सामाजिक कुरीतियों पर रोकथाम के लिए विधिक सेवा प्राधिकार 24 फरवरी को पलाशबनी में जागरूकता अभियान चलाएगी। इसके साथ ही बाल मजदूरी, नशा मुक्ति, मताधिकार का प्रयोग, महिलाओं के अधिकार, कानूनी प्रावधान व सरकार के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी जाएगी। विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण को लेकर जिला उपयुक्त के नेतृत्व में सोमवार को बैठक हुई थी। जिसमें लगभग विभागों के वरीय पदाधिकारी शामिल हुए थे क्योंकि विधिक जागरूकता के दौरान परिसंपत्ति वितरण होगा।

### सड़क हादसे में घायल वृद्ध इलाज के दौरान मौत

**गुमला, एजेंसी।** जिला मुख्यालय से सटे जशपुर रोड स्थित तिर्रा के समीप ऑटो पलटने से सिमडेगा निवासी 72 वर्षीय वृद्ध चुडू नायक की इलाज के क्रम में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चुडु नायक वर्तमान में करौंदी में घर बना कर रहता था। छह फरवरी को तिर्रा पेट्रोल पंप के समीप से कबाड़ी का सामान ऑटो में लोड कर अपने घर करौंदी आ रहा था। इसी दौरान तिर्रा ढलान के समीप ऑटो अनियंत्रित हो कर पलट गया। जिससे 72 वर्षीय वृद्ध चुडू नायक गंभीर रूप से घायल हो गया था। गुमला सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया था। रिम्स रेफर के बावजूद परिजन की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण सदर अस्पताल में ही इलाज करा रहे थे। सोमवार की सुबह इलाज के क्रम में वृद्ध की मौत सदर अस्पताल मे हो गई।

### शादी का टेंट लगा बाइक से लौट रहे युवक की सड़क दुघर्टना में मौत, एक जख्मी

**गुमला/सिसई, एजेंसी।** सिसई थाना क्षेत्र के घाघरा–सिसई रोड के कुलंकेरी मोड़ के समीप सोमवार को सड़क दुघर्टना में 18 वर्षीय युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया है। मृतक की पहचान सिसई झटंगीटोली गांव निवासी करमचंद उरांव के 18 वर्षीय पुत्र भुनेश्वर उरांव के रूप में हुई। घायल की पहचान गांव के ही 16 वर्षीय संतोष उरांव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दोनों युवक बरगांव गांव में किसी ग्रामीण के घर में शादी का टेंट लगाकर वापस एक बाईक में सवार होकर अपने गांव झटंगीटोली आ रहे थे। इस दौरान बाइक अनियंत्रित होकर कुलंकेरी मोड़ के समीप रोड के किनारे पर लगाये गये बैरियर से जा टकराया। जिससे बैरियर टूट कर कर भुनेश्वर उरांव के सीना व पेट में घुस गया। जिसे भुनेश्वर उरांव की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि बाईक पर सवार संतोष उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना स्थानीय ग्रामीण व राहगीरों ने सिसई थाना की दी। एएसआई अनवर अंसारी सदल–बल के साथ घटना स्थल पहुंचें और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया।

### सीट शेयरिंग: 6-6 सीटों पर झामुमो व कांग्रेस के प्रत्याशी,

**रांची , एजेंसी।** नई दिल्ली में कांग्रेस और झामुमो की शीर्ष बैठक में लोकसभा सीटों के बंटवारे पर भी बात बन गई है। झामुमो और कांग्रेस छह– छह सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। एक–एक सीट राजद और वामदल के खाते में जाएगी। झामुमो के हिस्से आने वाली सीटों में दुमका, राजमहल, गिरिडीह और जमशेदपुर पक्की हैं। इसके अलावा लोहरदगा और कोडरमा सीट पर दावा है। अगली बैठक में राजद व वामदलों को मिलनेवाली सीट के अनुरूप इनपर फेरबदल संभव है। कांग्रेस के खाते में गोड्डा, धनबाद, रांची, हजारीबाग, पलामू, खूंटी और चतरा की सीटें आई हैं। राजद ने पलामू, चतरा और कोडरमा की मांग की थी। लेकिन, कांग्रेस–झामुमो राजद को पलामू या चतरा में से एक ही सीट देने के पक्ष में हैं। झामुमो ने वामदल को कोडरमा या हजारीबाग में से एक सीट देने का फैसला किया है। वामदल ने धनबाद, हजारीबाग और कोडरमा में से दो सीटें मांगी थीं। झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड में जो हमारी मांग थी, उस फार्मूले पर सहमति बन गई है। बिहार की राजनीतिक परिस्थिति बदली है, इसलिए वहां फिर से बात होगी। ओडिशा में लोकसभा व विधानसभा का भी चुनाव है। इसलिए समय लग रहा है।

### प्रदेश में अब मछली पालकों को चंपई सरकार की सौगात,

# वेद व्यास आवास योजना के तहत मिलेगा पक्का घर



**रांची, एजेंसी।** मत्स्य विभाग की ओर से मछली पालकों के लिए कई सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मछली पालकों को पीएम आवास योजना की तर्ज पर अब वेद व्यास आवास योजना के तहत आवास दिया जा रहा है। इसके लिए लाभुक को आवास से संबंधित किसी अन्य प्रकार लाभ नहीं मिला होना चाहिए। इसके अलावा उन्हें मत्स्य विभाग में मछली पालक के रूप में पंजीयन होना चाहिए।

राज्य में 1.65 लाख मछली पालक किसान पंजीकृत हैं। योजना के अनुसार, लाभुकों को 1.20 लाख रुपये आवास बनाने के लिए दिया जा रहा है। 280 वर्ग फीट में आवास बनाया जाना है। जिसके लिए लाभुक के खाते में चार किस्तों में राशि दी जा रही है।

राज्य में देवघर में सबसे ज्यादा 70 और सबसे कम पश्चिमी सिंहभूम जिले में 10 आवास ही मछली पालक को दिया जा रहा है। इस योजना में सामान्य श्रेणी के मछली पालकों को 250, एससी के लिए 50 और एसटी के लिए 200 आवास बनाया जा रहा है।

मछली पालन करने वाले गरीब किसानों को इसका लाभ दिया जाना है। जिसके लिए उन्हें जिला मत्स्य पदाधिकारी के यहां आवेदन देना है। उपायुक्त की अध्यक्षता में बनी कमेटी इसकी स्क्रूटनी करेगी। इसमें बीडीओ और सीओ से सत्यापन रिपोर्ट मांगी जाती है।

सत्यापन के बाद ही लाभुक को इस योजना का लाभ दिया जाता है। इसके लिए विभाग की ओर से करीब 60 करोड़ की राशि उपलब्ध कराई गई है। सत्यापन के बाद पहली बार लाभुक के खाते में 24 हजार रुपये की राशि भेजी जाएगी।

इसके बाद 18 हजार और तीसरी किस्त 45 हजार रुपये की होगी। फिर ढलाई करने के समय शेष राशि मछली पालक किसान के खाते में भेज दी जाएगी। आवास बनाने की प्रक्रिया का सत्यापन मत्स्य सुपरवाइजर करते हैं। इसके बाद जिला मत्स्य पदाधिकारी की ओर से राशि खाते में भेजी जाती है।

विभाग की ओर से केंद्र और राज्य सरकार की साझा योजना के तहत राज्य के 1.65 लाख किसानों का पांच लाख रुपये का जीवन बीमा किया गया है। इसके लिए किसानों को एक भी पैसा नहीं देना है।

योजना के तहत केंद्र का 60 प्रतिशत और राज्य का 40 प्रतिशत अंशदान है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 17 वर्ष से लेकर 70 साल तक के मछली पालकों का किया गया है। बीमा के तहत अगर मछली पालक का निधन होता है, तो उसके आश्रितों को पांच लाख रुपये दिए जाएंगे।

# 24 को पलाशबनी में लगेगा विधिक जागरूकता शिविर



**जमशेदपुर, एजेंसी।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के द्वारा आदिम जनजाति के हित में 24 फरवरी को विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर लगाया जाएगा। शिविर जमशेदपुर प्रखंड की पलाशबनी पंचायत में लगेगा। उपायुक्त अनन्य मित्तल ने डालसा के प्रतिनिधि और जिले के अधिकारियों के साथ सोमवार को अपने कार्यालय में बैठक कर शिविर के सफल आयोजन को लेकर विचार-विमर्श किया।

साथ ही कार्यक्रम की सफलता को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। शिविर में परिसंपत्ति वितरण एवं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। शिविर में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, मत्स्य, पशुपालन, कल्याण, समाज कल्याण, ऊर्जा, पेयजल एवं स्वच्छता, श्रम, डालसा, जेल, सामाजिक सुरक्षा, वन विभाग, आपूर्ति विभाग समेत 20 विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं से सुयोग्य लाभुकों को लाभान्वित किया जाएगा। साथ ही ऑन द स्पॉट योजनाओं का लाभ देने के साथ-साथ विस्तृत जानकारी भी दी जाएगी। डालसा के सचिव ने बताया कि शिविर में महिलाओं को कानूनी प्रावधान से अवगत कराया जाएगा, यौन शोषण, भ्रूण हत्या, बाल विवाह, महिलाओं को संपत्ति का अधिकार आदि की जानकारी दी जाएगी।

साथ ही बाल मजदूरी, नशा मुक्ति, मताधिकार का प्रयोग समेत अन्य अधिकारों के प्रति आमजनों को जागरूक किया जाएगा। बैठक में डीएफओ ममता प्रियदर्शी, डीडीसी मनीष कुमार, धालभूम के एसडीएम पीयूष सिन्हा, डालसा के सचिव समेत जिला स्तरीय अन्य सभी विभागों के पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए।

# जिस जमीन के चलते हेमंत को हुई जेल, उसे जब्त करेगी ईडी



**रांची, एजेंसी।** रांची जमीन घोटाले में ईडी बड़गाई की 8.46 एकड़ जमीन को जब्त करेगी। पीएमएलए की संगत धाराओं के तहत इस संपत्ति को जब्त करने का फैसला ईडी ने लिया है। ईडी ने जांच में पाया है कि इस जमीन पर अवैध तरीके से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कब्जा था, जहां आर्किटेक्ट विनोद सिंह की मदद से बैंक्वेट हॉल का निर्माण कराया जाना था।

हालांकि ईडी की जांच के दौरान पता चला कि जमीन की जमाबंदी बदल कर राजकुमार पाहन के नाम पर की गई है। यहां बता दें कि 20 अप्रैल 2023 को ईडी ने बड़गाई स्थित जमीन का सर्वे किया था। इस दौरान जांच एजेंसी ने यहां के केयर टेकर संतोष मुंडा का बयान लिया था। केयर टेकर ने बताया कि यहां दो-तीन बार हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ आ चुके हैं। फिर 1 जून 2023 को सदर थाने में केस दर्ज किया गया। ईडी इससे पहले सेना की 4.55 एकड़ जमीन, पुगड़ू मौजा की तकरीबन नौ एकड़ और सिरमटोली में सेना की जमीन जब्त कर चुकी है।

**पूर्व सीएम की इस मामले में हो चुकी है गिरफ्तारी :** ईडी इसी साल 31 जनवरी को पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को इस मामले में गिरफ्तार कर चुकी है। इसके बाद 10 फरवरी को ईडी ने राजस्वकर्मियों के साथ मिलकर गिरफ्तार भानु प्रताप की मौजूदगी में बरामद नक्शे के आधार पर बड़गाई की जमीन का नए सिरे से सर्वे कराया है।

# 1 लाख लोगों को रोजगार का इंतजार

### माइका लदे ट्रक को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया था रवाना, अब कोडरमा खनन कार्यालय में डंप




**रांची, एजेंसी।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 17 जनवरी 2023 को खतियान जोहार यात्रा के दौरान कोडरमा में माइका (अभ्रक) लदे एक ट्रक को हरी झंडी दिखाकर माइका के वैध कारोबार की शुरुआत की थी। पर एक साल से ज्यादा समय गुजर जाने के बाद भी माइका लदा ट्रक कोडरमा के खनन कार्यालय में डंप है। जबकि, सिर्फ कोडरमा में ही एक लाख से अधिक लोग इस कारोबार से जुड़े हुए हैं।

निलंबित खनन सचिव रही आईएएस पूजा सिंघल के जेल जाने के बाद खनन विभाग उद्घाटन के बावजूद कोडरमा, गिरिडीह में माइका के वैध कारोबार शुरू नहीं कर पाया है। खान विभाग ने माइका का ब्लॉक तैयार करने की जिम्मेदारी भूतत्व निदेशालय को सौंपी थी।

ढिबरा का प्रतिवर्ष 200 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार होता है। कोडरमा, गिरिडीह के जंगली क्षेत्र में अवैध तरीके से ढिबरा का कारोबार चल रहा है। पर, राज्य सरकार को एक रुपए भी नहीं मिल रहा है। हालांकि, अवैध खनन और परिवहन रोकने के लिए वन विभाग व पुलिस कार्रवाई कर रही है। इसके बावजूद अवैध कारोबार थम नहीं रहा।

कोडरमा, गिरिडीह में तस्करों द्वारा अभ्रक का अवैध खनन किया जा रहा है। जिसे ट्रकों में भरकर कोडरमा के मंडियों में भेजा जाता है। प्रतिदिन लगभग 20 ट्रक अभ्रक का अवैध कारोबार हो रहा है। इस खेल में दर्जनों तस्कर लगे हैं। यहां से 50 हजार प्रति ट्रक स्थानीय माफिया द्वारा खरीदा जाता है। ढिबरा मजदूर संघ के अध्यक्ष कृष्णा सिंह पटवार कोडरमा में एक लाख से अधिक लोग इससे कारोबार से जुड़े हुए हैं। इसके बावजूद राज्य सरकार कारोबार की अनुमति नहीं दे रही है। कोडरमा में ढिबरा का एक भी वैध खदान नहीं है, फिर भी करोड़ों का ढिबरा (रॉ अभ्रक) ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका सहित अन्य देशों को भेजा जा रहा है। इसके लिए जीएसटी का भुगतान कर ई-वे बिल जेनरेट किया जाता है। ई-वे बिल के जरिए प्रोसेस्ड ढिबरा कोलकाता-मुंबई भेजा जाता है, फिर वहां से विदेश।

खान विभाग ने माइका का ब्लॉक तैयार करने की जिम्मेदारी भूतत्व निदेशालय को सौंपी है। माना जाता है कि माइका के साथ एटॉमिक मिनरल लिथियम का अंश हो सकते हैं। भूतत्व निदेशालय ने मार्च 2023 में ही माइका में एटॉमिक मिनरल की जांच के लिए सैंपल जमशेदपुर स्थित एटॉमिक मिनरल डिविजन (एएमडी) को भेजा था। लिथियम का उपयोग ईवी बैटरी बनाने में प्रमुख तत्व के रूप होता है।

# असल में इलेक्शन ईडी ही कराएगा, लोकसभा चुनाव को लेकर जेएमएम नेता का बीजेपी पर निशाना




रांची, एजेंसी। सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने सोमवार को भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि पार्टी देश को कांग्रेस मुक्त करते-करते कांग्रेस युक्त हो चुकी है। ऐसे 740 सांसद और विधायक हैं जो कांग्रेस एवं अन्य क्षेत्रीय दलों से गए। उन्होंने चुनाव आयोग और ईडी पर भी निशाना साधा।

भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 2024 में बिना चुनाव लड़े और जीते ही विदेशों से आमंत्रण मिल रहा है। यह हास्यापद स्थिति है और लोकतंत्र का मखौल उड़ रहा है।

मोदी के इस दावे के पीछे की सच्चाई कुछ और है। इलेक्शन कमीशन तो केवल चुनाव की तिथि घोषित करेगी, मगर चुनाव तो असल में ईडी कराएगा। इसकी पटकथा पिछले दो सालों से लिखी जा रही है। झारखंड सहित कई राज्य इसके उदाहरण हैं।

भाजपा कांग्रेस मुक्त भारत बनाने का नारा देते-देते कांग्रेस युक्त भाजपा बनकर रही गई। भाजपा के दस साल के शासन में कई चीजों की परिभाषा बदल गई। देश में दूसरा किसान आंदोलन शुरू हो चुका है।

किसानों को नजरबंद कर दिया गया है। किसान सरकार से एमएसपी मांगते हैं, तो सरकार उन्हें इनोवेशन एग्रीकल्चर का प्रस्ताव देती है। यानि किसान धान, मक्का और गेंहू की खेती नहीं करें। वे कारपोरेट घरानों के लिए दाल और कपास की खेती करें।

भाजपा के आदिवासी एवं दलित प्रेम का उन्होंने उपहास उड़ाया। कहा कि हेमंत सोरेन पूरे देश में घूमेंगे। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड को लेकर लोकसभा चुनाव के सीट शेयरिंग पर सहमति बन चुकी है।

# सदर अस्पताल में उपकरणों की कमी से नहीं मिल रहा सही इलाज

**धनबाद, एजेंसी।** सदर अस्पताल में मरीजों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। डॉक्टर भी बैठ रहे हैं। मरीजों को देख भी रहे हैं, लेकिन चिकित्सीय उपकरणों की कमी के कारण मरीजों को मुकम्मल इलाज नहीं मिल पा रहा है। स्थिति यह है कि आई (नेत्र रोग) और ईएनटी (कान, नाक और गला) विभाग में आवश्यकता के उपकरण भी उपलब्ध नहीं हैं। अन्य विभागों की भी यही स्थिति है। इसका असर मरीजों के इलाज पर पड़ रहा है।

इस अस्पताल में चिकित्सीय उपकरणों की कमी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि नेत्र रोग विभाग ने सिविल सर्जन को 32 प्रकार के उपकरण की सूची सौंपते हुए इसकी आपूर्ति का आग्रह किया है। वहीं ईएनटी विभाग के चिकित्सकों ने 20 प्रकार के उपकरण की मांग की है। अन्य विभागों में भी उपकरणों की घोर कमी है। इससे मरीजों के इलाज में परेशानी होती है। इस अस्पताल के ओपीडी से लेकर ऑपरेशन थियेटर (ओटी) तक में चिकित्सीय उपकरणों की कमी है।



नेत्र विभाग द्वारा सिविल सर्जन से मांगे गए उपकरणों में 15 प्रकार के उपकरण ओपीडी के इस्तेमाल के और 17 प्रकार के उपकरण ओटी के इस्तेमाल के हैं। वहीं ईएनटी की सूची में 13 प्रकार के उपकरण ओपीडी के लिए और सात प्रकार के उपकरण ओटी के लिए हैं। सबसे आश्चर्यजनक यह है कि इन विभागों ने इस साल 11 जनवरी में ही पत्र लिखकर सिविल सर्जन को उपकरणों की सूची सौंप दी थी और इसकी आपूर्ति की मांग की थी। दो महीने के बाद भी उपकरण उपलब्ध नहीं कराए गए।

**दांत के एक्स-रे के लिए मरीज जाते हैं बाहर :** उपकरणों की कमी की हालत यह है कि यहां दंत रोग के मरीज दांत के एक्स-रे के लिए बाहर भेजे जाते हैं। यहां वर्ष 2022 के अंत में रांची से एक्स-रे मशीन आई थी। जुलाई-अगस्त 2023 में इसे शुरू किया गया। डॉक्टरों की मानें तो इस मशीन पर सिर्फ एक एक्स-रे की गई। इसके बाद यह खराब हो गई थी। छह महीने गुजर गए, अभी तक इस खराब मशीन को नहीं बनाया जा सका है। इस मशीन के नहीं बनने के कारण यहां दांत का एक्स-रे नहीं हो पा रहा। इससे यहां रूट कैनाल ट्रीटमेंट (आरसीटी) शुरू नहीं हो पा रहा है। मरीजों को इसके लिए बाहर जाना पड़ता है और आठ से दस हजार रुपए खर्च करने पड़ते हैं। सिर्फ एक्स-रे पर 150 से 250 रुपए खर्च करने होते हैं।

**अल्ट्रासोनोग्राफी भी नहीं :** अस्पताल में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग पूरी तरह काम कर रहा है। हर दिन पांच से सात प्रसव कराए जा रहे हैं, लेकिन यहां मशीन नहीं होने के कारण अल्ट्रासोनोग्राफी नहीं होती है। मरीजों को इसके लिए बाहर जाना पड़ता है और अपने पैसे खर्च करने पड़ते हैं। उपकरणों की खरीद डीएमएफटी से की जानी है। इसकी प्रक्रिया चल रही है। जल्द सदर को जरूरी उपकरण मिलने की उम्मीद है। डॉ राजकुमार सिंह, नोडल पदाधिकारी सदर अस्पताल

### पीएम जनमन से जिले के पांच प्रखंडों में बनेंगी 19 नई सड़क व दो पुल

**गुमला, एजेंसी।** जिले में आबाद विलुप्त प्राय आदिम जनजाति के गांव तक पहुंच पथ निर्माण समेत सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी तरह की जनकल्याणकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पीएम जनमन नामक योजना को धरातल पर उतारा है। उक्त योजना के तहत डीसी कर्ण सत्यार्थी की अगुवाई में जिला प्रशासन पिछले कई महीनों से पूरे सरकारी महकमे को पहाड़ पर अवस्थित विशुनपुर प्रखंड के पोलपोलपाट, टुटुवा, कुजाम, हेलता, सखुवापनी वहीं घाघरा के रुकीघाट, सलगी, चैनपुर के मारवा, कुकरूंजा, असुरटोली वहीं जारी ब्लॉक के डूमरपानी, कोरवाटोली समेत जहां जहां विलुप्त प्राय आदिम जनजाति समुदाय के लोग निवास करते हैं, वहां लगातार कैंप कर सभी का राशन कार्ड,आयुष्मान कार्ड और जॉब कार्ड समेत सभी तरह की सरकारी सुविधाओं से लैस योजनाओं को धरातल पर उतारने का निरंतर प्रयास किया गया है। इसी बीच विशुनपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों को जोड़ने के लिए कई सड़क मिलाकर 23.54 किमी की सात सड़क का निर्माण करीब 20 करोड़ की लागत से होना है। जिसका डीपीआर समर्पित कर तकनीकी स्वीकृति के लिए भेजा गया है।इसी प्रकार घाघरा में 34.46 किमी की चार सड़क 29 करोड़ की लागत से,चैनपुर में 12.40 किमी की पांच सड़क करीब 12 करोड़ की लागत से,जारी में 6.55 किमी की दो सड़क सात करोड़ की लागत से,वहीं डुमरी में 5.40 किमी की एक सड़क पांच करोड़ से अधिक की लागत से बनना है।

## कहीं उद्धव ठाकरे और कांग्रेस में तकरार, कुछ पर अड़े शरद पवार; एमवीए में 8 सीटों पर फंसा पेच





**मुंबई, एजेंसी।**
लोकसभा चुनाव में कुछ महीनों का ही समय बाकी है और अब तक एमवीए यानी महाविकास अघाड़ी में सीट शेयरिंग पर बात नहीं बन सकी है। कहा जा रहा है कि महाराष्ट्र की 48 में से सिर्फ 8 सीटों पर पेच फंस रहा है। हालांकि, अब तक एमवीए के किसी भी दल की तरफ से इन सीटों को लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। ईसीआई यानी भारत निर्वाचन आयोग फरवरी के अंत में या मार्च के पहले सप्ताह में तारीखों का ऐलान कर सकता है।

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि 8 सीटों में अकोला, भंडारा-गोंदिया, हिंगोली, कोल्हापुर, मुंबई दक्षिण मध्य, मुंबई उत्तर पश्चिम, नाशिक, पुणे और वर्धा का नाम शामिल है। एमवीए में हाल ही में प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) की एंट्री हुई है। इसमें शामिल प्रमुख दल शिवसेना (यूबीटी), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) और कांग्रेस हैं।

नाशिक- साल 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां अविभाजित शिवसेना के हेमंत गोडसे ने एनसीपी के समीर भुजबल को हरा दिया था। अब गोडसे मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना और भुजबल डिप्टी सीएम अजित पवार की एनसीपी में हैं।

कोल्हापुर- खास बात है कि इस सीट अपने-अपने मजबूत कैडर के चलते तीनों दल दावा पेश कर रहे हैं। यहां बीते चुनाव में अविभाजित शिवसेना के संजय मांडलिक ने एनसीपी के धनंजय महाडिक को हराया था। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि यहां से छत्रपति शाहू महाराज के वंशज श्रीमंत शाहू छत्रपति को विपक्ष के उम्मीदवार के तौर पर उतारा जा सकता है। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि वह किस चिह्न के साथ मैदान पर उतरेंगे, फिलहाल यह तय नहीं किया जा सका है।

मुंबई दक्षिण मध्य- कहा जा रहा है कि दादर को कवर करने के चलते यह सीट शिवसेना (यूबीटी) के लिए साख का विषय बन गई है। दरअसल, दादर में ही पार्टी का मुख्यालय था। साल 2019 में यहां से अविभाजित शिवसेना के राहुल शेवाले ने कांग्रेस के एकनाथ गायकवाड़ को डेढ़ लाख से ज्यादा मतों से हराया था। इसके बाद शेवाले शिंदे कैंप में शामिल हो गए। कहा जा रहा है कि इस सीट से मुंबई कांग्रेस की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ टिकट की कोशिश में हैं। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) किसी ऐसे उम्मीदवार को मैदान में उतारना चाहती है, जो शेवाले को हरा सके। मुंबई उत्तर पश्चिम- साल 2019 में यहां से अविभाजित शिवसेना के गजानन कीर्तिकार ने कांग्रेस के संजय निरुपम को हराया था। फिलहाल, कीर्तिकार शिवसेना में हैं, लेकिन उनके बेटे अमोल शिवसेना (यूबीटी) के ही साथ हैं और माना जा रहा है कि वह भी टिकट के दावेदार हो सकते हैं। जबकि, इस सीट से निरुपम फिर टिकट की मांग कर रहे हैं। खबर है कि ठाकरे ने पहले ही मुंबई दक्षिण मध्य और उत्तर पश्चिम की सीटों के लिए पर्यवेक्षकों का ऐलान कर दिया है।

## प्रियंका गांधी को अस्पताल से मिली छुट्टी, 24 को मुरादाबाद में भाई राहुल की यात्रा से जुड़ने की तैयारी

**मुरादाबाद , एजेंसी।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। वह एक बार फिर अपने भाई राहुल गांधी का साथ देने के लिए उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा से जुड़ेंगी। प्रियंका, 20 फरवरी को मुरादाबाद में इस यात्रा से जुड़ेंगी। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। इससे पहले प्रियंका गांधी ने बीमार पड़ने की वजह से राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल नहीं हो पा रही थीं। 16 फरवरी को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए उन्होंने इस पर अफसोस भी जताया था। तब प्रियंका ने लिखा था- मैं बड़े चाव से उत्तर प्रदेश में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के पहुंचने का इंतजार कर रही थी, लेकिन बीमारी की वजह से मुझे आज ही अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। स्वास्थ्य थोड़ा बेहतर होते ही मैं यात्रा में शामिल होउंगी। तब तक के लिए मैं, चंदौली-बनारस पहुंच रहे सभी यात्रियों, पूरी मेहनत से यात्रा की तैयारी में लगे उत्तर प्रदेश के मेरे सहयोगियों और प्यारे भाई को शुभकामनाएं देती हूं। बता दें कि पहले कांग्रेस सूत्रों ने बताया था कि प्रियंका गांधी चंदौली में यात्रा से जुड़ेंगी। इसी बीच शरीर में पानी की कमी और पेट में संक्रमण की शिकायत पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इलाज के बाद अब वह स्वस्थ हैं और एक बार फिर भाई राहुल गांधी की न्याय यात्रा में शामिल होने की तैयारी में हैं। उधर, सोमवार को राहुल गांधी ने अमेठी से अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा फिर से शुरू की। वहां उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 40 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है।



### संक्षिप्त समाचार

## अजमेर के सेंट्रल जेल में दो कैदियों का खून खेल, एक कैदी की मौत

**अजमेर , एजेंसी।** राजस्थान के अजमेर जिले की हाईटेक सेंट्रल जेल में विचाराधीन कैदी ने साथी के साथ जेल प्रहरी पर नुकीले सरिए से जानलेवा हमला कर दिया। घायल प्रहरी को अस्पताल में भर्ती करवाने के 4 घंटे बाद हमले के आरोपी संक्रामक रोगी श्रवण सोनी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। दोपहर में सेंट्रल जेल के वार्ड 9 की कोठरी में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी जयपुर निवासी श्रवण सोनी व विचाराधीन बंदी उदयपुर निवासी फरद्दीन उर्फ गांजा ने हैडकांस्टेबल राजेश विश्नोई को टीवी ठीक करने बुलाया। पुलिस के अनुसार वार्ड में पहुंचे राजेश को फरद्दीन ने पीछे से दबोच लिया। इसी बीच श्रवण ने नुकीले सरिए से ताबड़तोड़ हमला कर लहूलुहान कर दिया। राजेश के वायरलेस सेट अलार्म बजाते ही जेल के बाकी प्रहरी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने राजेश को जेएलएन अस्पताल पहुंचाया। जेल प्रशासन की रिपोर्ट पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने कैदी श्रवण सोनी और फरद्दीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। शाम 6 बजे कैदी श्रवण को जेल प्रहरी जेएलएन अस्पताल की आपातकालीन इकाई में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने सीपीआर दिया। लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना से पुलिस प्रशासन में हड़कम्प मच गया। एएसपी (शहर) महमूद खान सहित अन्य पुलिस अधिकारी पहुंचे। शव निरीक्षण करने के बाद मोर्चरी में रखवाया।

## प्रधानमंत्री मोदी से मिले पंजाब के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर



**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर किसानों से जुड़े मुद्दों सहित पंजाब से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत की है। बताया जा रहा है कि अमरिंदर सिंह ने किसानों के आंदोलन से जुड़े मुद्दों और तथ्यों से प्रधानमंत्री मोदी को अवगत कराया। वहीं दोनों नेताओं के बीच आने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों और पंजाब से जुड़े कई अहम मसलों पर भी चर्चा हुई। पंजाब के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात की तस्वीरों को शेयर करते हुए एक्स पर पोस्ट कर बताया, किसानों से जुड़े मुद्दों सहित पंजाब से जुड़े मुद्दों पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के साथ विस्तृत बैठक हुई।

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सुल्तानपुर कोर्ट से मिली जमानत



**सुल्तानपुर, एजेंसी।** भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी से जुड़े मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर कोर्ट से जमानत मिल गई है। दरअसल, यह मामला राहुल गांधी द्वारा वर्ष 2018 में कांग्रेस के अधिवेशन में तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी करने से जुड़ा है, जिसमें राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस में कोई हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बन सकता है। कांग्रेसजन किसी हत्यारा को राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वीकार नहीं कर सकते हैं। यह भाजपा में ही पॉसिबल है। नवीन झा ने राहुल गांधी के इस बयान के खिलाफ रांची सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराई थी।



## आधार कार्ड फेल हो रहे; बंगाल में अब नया बवाल

**कोलकाता, एजेंसी।** आधार कार्ड को लेकर पश्चिम बंगाल में बवाल मचा हुआ है। पिछले कुछ दिनों से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) बंगाल के लोगों के आधार को निष्क्रिय करने के पीछे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की साजिश की बात कर रही है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यह दावा किया कि भाजपा के नेतृत्व वाला केंद्र उनके राज्य के लोगों के आधार कार्डों को निष्क्रिय कर रहा है। ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर इसके पीछे का कारण जानना चाहा। उन्होंने पीएम से पूछा कि अचानक अल्पसंख्यकों के आधार कार्ड अंधाधुंध निष्क्रिय क्यों हो रहे हैं। मैं आपसे ऐसे कदम का कारण जानना चाहूंगी। क्या यह सिर्फ पात्र लाभार्थियों को वंचित करने के लिए है या लोकसभा चुनाव से ठीक पहले बड़े पैमाने पर लोगों के बीच दहशत की स्थिति पैदा करने के लिए है। बता दें आधार मुद्दे को लेकर टीएमसी बीजेपी को शुरू से ही घेरती नजर आई है। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार सुबह दिल्ली में इस पर बैठक की। केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णो वहां मौजूद थे। इस मौके पर बंगाल संसद और केंद्रीय मंत्री शांतनु के अलावा प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष सुकांत मजूमदार मौजूद रहे।

## हिंसा मामले में हल्द्वानी के पेट्रोल पंपों पर रडार, वनभूलपुरा में जमकर चले थे 'बोतल बम'

**हल्द्वानी , एजेंसी।**
हल्द्वानी हिसां के दौरान वनभूलपुरा में बड़ी संख्या में पेट्रोल बम का इस्तेमाल हुआ है। पुलिसकर्मियों को टारगेट कर उनपर पेट्रोल बम फेंके गए। हिंसा के दौरान पत्थरबाजी के साथ आगजनी से माहौल खराब हो गया था।

दंगाइयों को गिरफ्तार करने के साथ ही भड़की हिंसा के मामले में पुलिस ने शहर के पेट्रोल पंपों को भी जांच के दायरे में लिया है। हिंसा के दौरान आगजनी और पेट्रोल बम बनाने के लिए ईंधन कब और कहां-कहां से खरीदा गया, इसकी जांच की जा रही है। सभी पेट्रोल पंपों की उपद्रव से सात दिन पहले से लेकर उपद्रव वाले दिन तक की फुटेज खंगाली जा रही है। बीती आठ फरवरी को वनभूलपुरा हिंसा में पथराव के साथ-साथ क्षेत्र में आगजनी भी हुई थी। उपद्रवियों ने पेट्रोल बमों का भी इस्तेमाल किया था। वनभूलपुरा थाने को फूंकने में भी इनका इस्तेमाल किया था।

उपद्रवियों ने क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों में वाहनों को जलाकर हिंसा भड़काई। ऐसे में इतनी बड़ी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ उपद्रवियों के पास कब और कैसे पहुंचा, यह पुलिस जांच का अहम हिस्सा है। इसकी जांच के लिए पुलिस ने शहर भर के पेट्रोल पंप जांच के दायरे में लिए हैं। सूत्रों के मुताबिक, हल्द्वानी हिंसा के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक के कुछ परिचितों के पेट्रोल पंप संचालित होने का इनपुट भी पुलिस को मिला है। इस पहलू को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।




**बम के लिए पेट्रोल सप्लाई करने वाला हत्थे चढ़ा:** एसएसपी पीएन मीणा ने बताया कि हिंसा मामले में पुलिस ने जिस अरबाज नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है, उसके पास से नौ लीटर पेट्रोल बरामद हुआ है। अरबाज ने ही हिंसा के दौरान शहजाद और फैजान को पेट्रोल बम बनाने के लिए पेट्रोल सप्लाई किया था। इसके बाद से पेट्रोल सप्लाई को लेकर जांच और भी तेज हो गई है।

सभी पेट्रोल पंपों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जांची जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पेट्रोल पंप पर बोतल, गैलन के साथ-साथ एक ही दिन में बार-बार किसी दोपहिया अथवा चार पहिया वाहनों के एक ही या अलग-अलग पंपों पर पहुंचने की जांच की जा रही है। ऐसे वाहनों को चिह्नित कर पुलिस उनकी तलाश करेगी।

**हिंसा में बड़ी संख्या में पेट्रोल बम का इस्तेमालः** हल्द्वानी के वनभूलपुरा की हिंसा में बड़ी संख्या में पेट्रोल बमों का इस्तेमाल किया गया। दबिश और गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने एक आरोपी के घर से भी पेट्रोल बम और दूसरे के पास से पेट्रोल भी बरामद हुआ है। एसएसपी, नैनीताल पीएन मीणा ने बताया कि ईंधन की सप्लाई को लेकर जांच शुरू की गई है। किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। कहा कि पुलिस की कई टीमें फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए काम कर रही है।

## धामी सरकार ने अयोध्या में किए रामलला के दर्शन

**भावुक हुए धामी ने कहा, रोम-रोम भक्तिमय और प्रफुल्लित हुआ मन**

- मुख्यमंत्री ने अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ श्रीराम मंदिर मे पूजा अर्चना कर देश प्रदेश की खुशहाली की प्रार्थना की

सुनील तिवारी



**देहरादून।** मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ अयोध्या में रामलला के दर्शन किए। इस दौरान सभी बेहद उत्साहित और भक्ति भाव में डूबे हुए नजर आए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंत्रिमंडल में अपने सहयोगियों सतपाल महाराज, प्रेमचंद अग्रवाल, सुबोध उनियाल, डॉ धन सिंह रावत, रेखा आर्य एवं राज्यसभा सांसद नरेश बंसल के साथ जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे, जहां से वे अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा में पहुंचे पर मुख्यमंत्री धामी और उनके सहयोगियों का भव्य स्वागत हुआ। इस दौरान पूरा परिसर जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। यहां से वह राम जन्मभूमि के लिए रवाना हुए। मुख्यमंत्री एवं उनके सहयोगी श्री अयोध्या धाम में प्रभु राम को साष्टांग नमन कर पूजा अर्चना की। दर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भावुक हो गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री रामलला के दर्शन से रोम-रोम भक्तिमय और मन प्रफुल्लित है। उन्होंने कहा कि रामलला को कई वर्षों तक टेंट में रहना पड़ा। आज भव्य मंदिर में रामलाला के दर्शन किए। मैं भाव विह्वल हूं और प्रभु श्रीराम के चरणों में समर्पित हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में उत्तराखंड वासियों के लिए उत्तराखंड सरकार राज्य अतिथि गृह बनाने की तैयारी कर चुकी है। 4700 वर्ग मीटर में बनने वाले इस राज्य अतिथि गृह को बनाने के लिए हमारी सरकार ने भूमि की खरीद को लेकर 32 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड से भगवान श्री राम के दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंचने वाले श्रीराम भक्तों को इस राज्य अतिथि गृह में सुविधा मुहैया करवाई जाएगी।

## छत्तीसगढ़ में सीबीआई की वापसी, 2019 में भूपेश सरकार की रोक के बाद भाजपा सरकार ने दी भ्रष्टाचार मामले में जांच की अनुमति

**रायपुर, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ में सत्ता बदलने के साथ ही सीबीआई की एंट्री हो गई है। साल 2018 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने के बाद 2019 में सीबीआई को बैन कर दिया गया था। अब एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने प्रदेश के एक भ्रष्टाचार के मामले को लेकर जांच करने की अनुमति सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) को दे दी है। इस मामले को लेकर आज छत्तीसगढ़ गृह विभाग ने नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। जिसमें रिश्वतखोरी से जुड़े हुए मामले को लेकर सीबीआई दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम के तहत जांच करेगी। बतादें कि सीबीआई ने जनवरी 2019 को कार्यवाही करते हुए भिलाई में बीएसपी कर्मचारी शन्सुज्जमा खान उर्फ शमा को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा था। जिसके बाद सीबीआई ने गृह विभाग से इस बात की अनुमति में आ गई थी। जिस पर गृह विभाग ने 19 फरवरी यानी आज नोटिफिकेशन जारी करते हुए भ्रष्टाचार मामले में बारीकी से जांच करने की अनुमति दे दी है।




जानकारी के मुताबिक यह मामला छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के भिलाई का है। जहां जनवरी साल 2019 को भिलाई के बीएसपी में काम करने वाली शमा खान को सीबीआई ने रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया था। शमा खान पर आरोप थे कि उसने मकान आवंटित करने के नाम पर रिश्वत ली है। सीबीआई को जब इस बात की शिकायत मिली थी कि एक व्यक्ति से मकान आवंटित करने के नाम पर 20 हजार रूपए की रिश्वत की मांग की गई है।

## खुद पर भरोसा है तो राहुल गांधी अमेठी से लड़ ले चुनावः स्मृति इरानी

**अमेठी, एजेंसी।**
केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की चुनौती दी है। एनडीटीवी से बातचीत में इरानी ने साफ तौर पर कहा कि अगर राहुल को खुद पर भरोसा है तो अमेठी से इलेक्शन लड़कर दिखाएं। उन्होंने कहा, 2019 में उन्होंने अमेठी छोड़ दिया और आज अमेठी ने उन्हें छोड़ दिया है। अगर उन्हें खुद पर भरोसा है, तो वायनाड न जाकर अमेठी से लड़कर दिखाना चाहिए। बीजेपी लीडर का यह बयान ऐसे समय आया है जब राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर चुकी है। वहीं, इरानी भी अपने संसदीय क्षेत्र के 4 दिवसीय दौरे पर हैं। स्मृति इरानी ने कहा, अमेठी की खाली सड़कें यह बताती हैं कि वे राहुल गांधी को लेकर क्या महसूस करती हैं। सोनिया गांधी इस बार रायबरेली से लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने वाली हैं। वह राज्यसभा चुनाव में खड़ी हुई हैं। अब चर्चा है कि प्रियंका गांधी रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। इसे लेकर स्मृति इरानी से सवाल पूछा गया कि बीजेपी की क्या तैयारी है। इस पर उन्होंने कहा, यह पार्लियामेंट्री बोर्ड ही आपको बता सकता है कि रायबरेली से प्रतिनिधि कौन होगा। मैंने कुछ दिनों पहले कहा था कि रायबरेली में भूचाल आने वाला है। किसी ने यह कल्पना भी नहीं की थी कि गांधी परिवार अपनी मर्जी से रायबरेली सीट छोड़ देगी। हार का यह पहला संकेत है। मालूम हो कि उत्तर प्रदेश में अमेठी कांग्रेस का गढ़ हुआ करता था। 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को स्मृति इरानी लगभग 55,000 वोटों से हरा दिया था। बीजेपी की यह जीत काफी चौंकानी वाली रही और इसे कांग्रेस की बड़ी हार माना गया। यूपी में लोकसभा की 80 सीटें हैं। यह राज्य सबसे अधिक सांसदों को संसद में भेजता है। पिछले आम चुनाव में कांग्रेस यूपी से सिर्फ एक सीट ही जीत पाई थी। सोनिया गांधी को रायबरेली लोकसभा सीट से विजय मिली थी। मालूम हो कि राहुल गांधी अमेठी से जरूर हारे, मगर केरल के वायनाड में उन्होंने बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के अमेठी के गांधी चौक पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही राहुल वापस जाओ के नारे लगाए। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम का झंडा लेकर प्रदर्शन किया। इन्होंने पार्टी के जिलाध्यक्ष विष्णु मिश्रा के नेतृत्व में राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी की और जय श्रीराम के नारे भी लगाए। हालांकि, पुलिस भाजपा कार्यकर्ताओं को चौक से करीब 30 मीटर दूर रोकने में सफल रही।




## बारात में अचानक खिंच गईं तलवारें, 60 बाराती पिटे, दूल्हा भी जख्मी

**शाहजहांपुर , एजेंसी।** यूपी के शाहजहांपुर जिले के तिलहर तहसील के गांव बरुवार में सोमवार रात बारात में बवाल हो गया। बरुवार गांव में कुछ लोग शराब पीकर डीजे पर नाचने लगे। वे बारातियों को धक्का दे रहे थे। इस पर पहले हल्का विवाद हुआ। बाद में शराबियों ने अपने लोगों को बड़ी संख्या में बुलाया और लाठी-डंडों, तलवार, रायफल, बंदूक से वार कर बारातियों को घेर-घेर कर पीटा। करीब दो घंटे तक बवाल होता रहा। करीब 60 बाराती जख्मी हुए, तीन की हालत गंभीर है। इसमें दूल्हा, उसका भाई और बीच बचाव कर रही दुल्हन की मां भी शामिल है।

बारातियों का आरोप है कि हमलावरों ने दुल्हन के लिए लाया गया माल जेवर वाला बक्सा भी लूट लिया। दूल्हे और उसके भाई को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में आय-व्यय का रखा गया हिसाब

# सासाराम में नगर निगम का बजट पारित हुआ, 264 करोड़ 13 लाख रुपए का बजट

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** नगर निगम, सासाराम का बजट मंगलवार को पारित हो गया है। दिनभर की बैठक पर सदन की मोहर लग गई है। बैठक की अध्यक्षता मेयर काजल कुमारी ने की। मौके पर उप मेयर सत्यवंती देवी, नगर आयुक्त यतेंद्र कुमार पाल, उप नगर आयुक्त मैमून निशा के अलावा लगभग सभी पार्षद उपस्थित थे। नगर निगम में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 264 करोड़ 13 लाख 44143 रुपए का बजट प्रस्तुत किया गया है। नगर निगम के समुचित विकास को ध्यान में रखते हुए बनाए गए बजट को बोर्ड की बैठक में सदस्यों के सामने प्रस्तुत किया गया। आम बजट को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुतिकरण के साथ सभी बिंदुओं पर चर्चा की गई। नए वित्तीय वर्ष के लिए पेश किए गए बजट में आय-व्यय के बाद छह करोड़ 63 लाख 43 हजार रुपए बचत होने का अनुमान लगाया गया है। मेयर द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया कि बजट में 190 करोड़ 37 लाख 25 हजार रुपए व्यय होने का अनुमान लगाया गया है। इसमें 91 करोड़ 87 लाख 51972 रुपए राजस्व प्राप्त होने का अनुमान लगाया गया है। नगर निगम के पूंजीगत प्राप्तियों से 52 करोड़ पांच हजार रुपए प्राप्त होने का लक्ष्य रखा गया है। कुल प्राप्त बजट में से राजस्व भुगतान और पूंजीगत भुगतान में खर्च होने का अनुमान लगाया गया है। वहीं स्थापना व्यय मद में कर्मचारियों के लिए वेतन, मजदूरी और पेंशन, पीएफ योगदान और सेवानिवृति लाभ पर छह करोड़ 17 लाख 63 हजार 900 रुपए, प्रशासनिक व्यय के अंतर्गत 3 करोड़ 2 लाख 75 हजार रुपए, डोर टू डोर कचरा प्रबंधन, बिजली बिल भुगतान और अन्य रखरखाव में 43 करोड़ 23 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान लगाया है।



# बाइक की टक्कर से जख्मी बुजुर्ग की इलाज के दौरान हुई मौत

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** सड़क दुर्घटना में जख्मी एक बुजुर्ग की इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत हो गयी। घटना नौरू मई रेलवे गुमटी के समीप की है,जहां एक बुजुर्ग सड़क के किनारे पैदल जा रहा था। तभी मोटरसाइकिल सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया, जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों के सहयोग से इसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है ,जहां इलाज के दौरान उस व्यक्ति की मौत हो गई। व्यक्ति की पहचान नरेश यादव,परस बीघा थाना क्षेत्र के मेदिनी चक गांव के निवासी के रूप में हुई है। बुजुर्ग सड़क के किनारे जा रहा था तभी बाइक सवार ने टक्कर मार दी।बाइक सवार मौके से फरार हो गया। उसे आसपास के लोगों के सहयोग से अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

इस घटना की सूचना उसके परिवार जनों को दिया गया मौके पर जैसे ही घायल होने की सूचना परिवार को मिला, परिवार के लोग दौड़े दौड़े अस्पताल पहुंचे लेकिन अस्पताल आते-आते परिवार जनों को काफी विलंब हो गया। इस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई तो पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना को अंजाम देने वाले को पुलिस पता लगाने में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि घटना की छानबीन की जा रही है। इसके बाद ही घटना के बारे में स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा। इस घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।

# सदर अस्पताल में गर्भाधान में रक्त की कमी पर कार्यशाला का आयोजन

## सिविल सर्जन ने कहा-गर्भवती महिला के लिए खाना में पोषक तत्वों का होना जरूरी

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** नारायण नर्सिंग कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की ओर से सासाराम सदर अस्पताल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका विषय गर्भाधान के दौरान रक्त की कमी पर था। सिविल सर्जन डॉक्टर केएन तिवारी और अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह देकर किया। बीएससी नर्सिंग चतुर्थ वर्ष की छात्राओं ने कार्यशाला में मॉडल प्रस्तुत किया। वहीं सिविल सर्जन ने कहा कि गर्भाधान के अंतिम चरण में गर्भवती के शरीर में खून की कमी हो जाती है। गर्भावस्था के 12वें से 32वें सप्ताह में गर्भवती के शरीर में रक्त की आवश्यकता बढ़ जाने के कारण भोजन में पोषक तत्वों विशेषकर लौह तत्वों की आवश्यकता होती है।

इसलिए गर्भवती महिला के आहार में पोषक तत्वों को लेकर जागरूकता जरूरी है। इस तरह की कार्यशाला से जागरूकता बढ़ती है। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए नारायण नर्सिंग कॉलेज की डीन सह प्राचार्या प्रोफेसर डॉक्टर के लता, उप प्राचार्या प्रोफेसर डॉक्टर श्वेता शर्मा, शिक्षक निकिता नागपाल, ज्योति कुमारी, रुचि त्रिपाठी,अनु कुमारी, आरफी यामीन, किरण घोष आदि ने सभी को बधाई दी। इसके साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।


## मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा में 461 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा में मंगलवार को विज्ञान विषय के परीक्षार्थियों की परीक्षा ली गई। दो पालियों में आयोजित परीक्षा के दौरान केंद्रों पर दंडाधिकारी एवंपुलिस पदाधिकारी के साथ महिला-पुरुष जवान तैनात किए गए थे। प्रथम पाली की परीक्षामें 14684 परीक्षार्थियों को उपस्थित होना था, लेकिन परीक्षा के दौरान 14434 परीक्षार्थी उपस्थित हुए और 250 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। जबकि दूसरी पाली की परीक्षा में 14547 परीक्षार्थियों की जगह 14336 परीक्षार्थी उपस्थित हुए और 211 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। डीईओ सुमन कुमार ने बताया कि सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में कदाचारमुक्त परीक्षा संचालित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा स्टैटिक मजिस्ट्रेट, वरीय स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सशस्त्र पुलिस बल के साथ पुलिस पदाधिकारियों के अलावा जोनल एवं सुपर जोनल दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा ली गई। किसी केंद्र से कदाचार की सूचना नहीं मिली। डीईओ ने बताया कि कि पहली पाली की परीक्षा 09:30 बजे से 12:45 बजे व दूसरी पाली की परीक्षा 02:00 बजे से 5:15 बजे तक ली गई।

# भागलपुर में आयोजित अंग उत्सव में गौरैया संरक्षण पर संजय कुमार को मिलेगा 'कर्ण पुरस्कार'

निज संवाददाता

**पटना।** विश्व मातृभाषा दिवस पर 21 फ़रवरी को भागलपुर में आयोजित अंग उत्सव में गौरैया संरक्षक की दिशा में पहल करने के लिए गौरैया संरक्षक और पीआईबी-सीबीसी पटना के उपनिदेशक संजय कुमार को 'कर्ण पुरस्कार' से नवाजा जायेगा। बिहार जीवन के प्रतिष्ठित प्रकाशक रामअवतार झुनझुनवाला की याद में अंग प्रदेश में अंग और अंगिका के विकास में अहम योगदान देने वाले हस्तियों को आयोजक में अंग जन गण, भारत, गांधीविचार मंच और अंग मदद फ़ाउंडेशन द्वारा 'कर्ण पुरस्कार' से नवाजा जाता रहा है। 'कर्ण पुरस्कार' के लिये चयनित संजय कुमार गौरैया संरक्षक के तौर पर जाने जाते हैं। पिछले एक दशक से भी ज्यादा समय से वे गौरैया संरक्षक के लिए फोटो–नेस्ट आदि की प्रदर्शनी लगा कर जागरूकता अभियान चला रहे हैं साथ ही लेखन के जरिये लोगों को इससे जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। गौरैया संरक्षक पर श्री कुमार की अब तक दो पुस्तक 'अभी मैं जिन्दा हूँ गौरैया' और 'ओ री गौरैया' छप चुकी है साथ ही 'आओ गौरैया' जल्द प्रकाशित होने वाली है। भागलपुर के मूल निवासी संजय को गौरैया संरक्षक पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार सरकार सम्मानित कर चुकी है।




# किसान मेला में रोहतास के किसानों ने मारी बाजी, टॉप थ्री पर जमाया कब्जा

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर में आयोजित तीन दिवसीय किसान मेला समारोह में रोहतास के किसानों की धूम रही। ज्ञान विज्ञान प्रतियोगिता में टॉप थ्री में यहीं के किसानों ने बाजी मारी है। धनगाई गांव के किसान विशाल कुमार को प्रथम पुरस्कार, मसौना गांव के किसान अर्जुन सिंह को द्वितीय पुरस्कार और दावथ प्रखंड के मिर्जापुर गांव के किसान सुनील कुमार को तृतीय पुरस्कार दिया गया। मेला से लौटने पर किसानों को लोगों ने बधाई दिया। बिक्रमगंज में स्थापित कृषि विज्ञान से जुड़े कई और वैज्ञानिकों और किसानों को भी पुरस्कार और अवॉर्ड से नवाजा गया। इसमें वरीय वैज्ञानिक और प्रधान डॉक्टर शोभा रानी को कृषि के क्षेत्र में उनके बेहतर कार्य के लिए डॉक्टर गोपाल त्रिवेदी बेस्ट एक्सटेंशन प्रोफेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र रोहतास के कृषि स्टॉल को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया है। इसे कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर शोभा रानी, डॉक्टर रमाकांत सिंह एवं डॉ रतन कुमार ने संयुक्त रूप से लिया। इसके अलावा किसान अर्जुन सिंह को उद्यान प्रदर्शनी में उनके लगाए गए आलू फादर्स के लिए द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बता दे कि किसान मेला में जलवायु अनुकूल कार्यक्रम के तहत राज्य स्तरीय दौरा कराया गया।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद।

E-Mail Id:- eenkcd1aurangabad@gmail.com
पत्रांकः–232 /औरंगाबाद, दिनांकः– 17.02.2024

अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–05/2023–24

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि उत्तर कोयल नहर प्रमण्ड़ल, औरंगाबाद के अन्तर्गत स्थित निरिक्षण भवन के रख–रखाव/साज–सज्जा निमित निम्नांकित उपस्कर क्रय (आपूर्ति) एवं अधिष्ठापन हेतु कम्पनी/एजेंसी/आपूर्तिकर्ता से क्रय हेतु मुहरबन्द दर कोटेशन निम्नरूपेण आमंत्रित किया जाता है।

1. कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी :– कार्यपालक अभियन्ता, उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद।
2. कोटेशन प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक– 27.02.2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक ।
3. कोटेशन प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान :– उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद।
4. कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 27.02.2024 को अपराह्न 03:30 बजे तक।

05. कोटेशन संबंधी विस्तृत जानकारी प्राप्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय अथा मोबाईल संख्या 7463889720 पर सम्पर्क किया जा सकता है। संबंधित कोटेशन को विभागीय साईट www.wrd.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

विस्तृत जानकारी के लिए state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।

PR- 17809 ( W R D ) 2023-24

कार्यपालक अभियन्ता,
उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद।

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार

अति अल्पकालीन नीलामी सूचना संख्या–01/2023–24

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पुरानी भवनों को तोड़कर स्थल से हटाने हेतु नीलामी मुहरबन्द लिफाफे द्वारा **दिनांक–27.02.2024 को 3:00 बजे अपराह्ण तक** इस कार्यालय में प्राप्त की जाएगी एवं उसी दिन 3:30 बजे अपराह्न में खोली जाएगी। नीलामी दाता/उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि यदि चाहे, तो उपस्थित रह सकते है।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | न्यूनतम नीलामी राशि | अग्रधन के रूप में नीलामी मूल्य की 10 (दस) प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | Dismantling and Salvage Value of Old Constructed Referal Hospital Building for Proposed Construction of CHC at Garu in Latehar District | 1,40,530 =00 | 15000= 00 |

**नीलामी की शर्ते निम्नवत है:–**
1) नीलामी दाता को अग्रधन के रूप में नीलामी मूल्य की 10(दस) प्रतिशत (न्यूनतम राशि) राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र (आठवाँ निर्मम) या तीन/पाँच वर्षीय डाकघर सावधि जमा पासबुक के रूप में **कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल लातेहार** के पदनाम से प्रतिज्ञिप्त कराकर संलग्न करना होगा।
2) आदेश निर्गत होने के तीन दिनों के अन्दर उच्चतम नीलामी दाता को नीलामी की पूरी रकम बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से **कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल लातेहार** के माध्यम से निर्गत बैंक ड्राफ्ट (जो भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा लातेहार में भुगतेय हो) को जमा कर देना होगा।
3) आदेश की तिथि से पन्द्रह दिन के अन्दर भवन को तोड़कर एवं कचरा/मलवा (Rubbish) को स्थल से हटाकर स्थल को समतल कर देना होगा एवं इसके पश्चात् ही अग्रधन की राशि वापस की जाएगी।
4) तोड़ने के क्रम में हुई किसी दुर्घटना की जिम्मेवारी विभाग की नही अपितु नीलामी दाता की होगी।
5) नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति भाग लेने के पूर्व भवन का निरीक्षण कर लें।
6) बिना कारण बताए नीलामी रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
7) विस्तृत जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी/संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता से कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल लातेहार

PR 319623 Building(23-24).D

# मैट्रिक परीक्षा देने पहुंची दोनों पालियों में दो परीक्षार्थियों की बिगड़ी तबीयत

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** मैट्रिक परीक्षा के पांचवें दिन जिला मुख्यालय सासाराम के भगवान अवधूत राम परीक्षा केंद्र पर दोनों पालियों में एक-एक परीक्षार्थी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। सूचना पर पहुंचे प्रशासन ने दोनों परीक्षार्थियों को इलाज के लिए सदर अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज चल रहा है। फिलहाल दोनों परीक्षार्थियों की स्थिति सामान्य बताई जाती है। प्रशासन द्वारा दोनों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। दोनों के परिजन सदर अस्पताल पहुंच गए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय सासाराम स्थित अवधूत भगवान राम कॉलेज परीक्षा केंद्र पर परीक्षा दे रही छात्रा सलोनी कुमारी(15) की तबीयत अचानक बिगड़ गई। बीमार छात्रा बड़हरी गांव निवासी संतोष कुमार की बेटी बताई जाती है। जबकि उक्त परीक्षा केंद्र पर ही दूसरी पाली में परीक्षा दे रही परीक्षार्थी भारती कुमारी की तबीयत भी अचानक बिगड़ गई, जो विजय गुप्ता की बेटी बताई जाती है। दोनों परीक्षार्थियों को प्रशासन द्वारा इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। उल्लेखनीय है कि अब तक जिले में परीक्षा के दौरान 5 परीक्षार्थियों की तबीयत बिगड़ी है। शुक्रवार को भी डेहरी के एक परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थी की तबीयत बिगड़ी थी, जिसे एंबुलेंस के द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया था। जबकि शनिवार को सासाराम में 2 परीक्षाथी बीमार हुए थे। फिर दो परीक्षार्थी की तबीयत परीक्षा के दौरान खराब हो गई।

## जिले के दो कुख्यात अपराधी के सिर पर सरकार ने रखा इनाम

**चैनपुर/भगवानपुर(कैमूर)(नि.सं.)।** हत्याकांड में फरार चल रहे दो कुख्यात अपराधियों के सिर पर सरकार ने 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। जिन बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए सरकार ने इनाम घोषित किया है, उनमें चैनपुर थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव निवासी रामदीन यादव के पुत्र अजीत यादव व भगवानपुर थाना क्षेत्र के भगवानपुर निवासी इस्लाम मियां के बेटे शहनाज अंसारी शामिल हैं। पुलिस ने इनकी गिरफ्तारी के लिए हर संभव कोशिश की, पर वह पकड़ में नहीं आ सके। एसपी ललित मोहन शर्मा ने कहा कि सरकार ने अजीत व शहनाज की गिरफ्तारी पर 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। एसपी ने बताया कि सरकार द्वारा घोषित इनाम दो वर्षों के लिए होगी।

GOVERNMENT OF JHARKHAND
AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDRY & CO-OPERATIVE DEPARTMENT
(CO-OPERATIVE DIVISION)
OFFICE OF THE REGISTRAR, CO-OPERATIVE SOCIETIES JHARKHAND, RANCHI
INTEGRATED CO-OPERATIVE DEVELOPMENT PROJECT (I.C.D.P.) CELL, RANCHI

Very Short e-procurement Notice

**Tender Reference No:-** ICDP/RANCHI/12/2023-24 Date :- 12.02.2024

| | | |
|---|---|---|
| 01. | Name of work | Construction of DAL-cum-SATTU and BESAN Processing Unit at PALAMU, Jharkhand. |
| 02. | Estimated Value of work (IN Rs) | 90,19,900.00 |
| 03. | Earnest Money (IN Rs) | 1,80,500.00 |
| 04. | B.O.Q. Cost (IN Rs) | 10,000.00 |
| 05. | Time of Completion | 06 Months |
| 06. | Date Of Publication of on Website | 23.02.2024 AT 11:00 AM |
| 07. | Last Date & Time of Submission of bids | 01.03.2024 Up to 05:00 PM |
| 08. | Name & Address of Office Inviting Tender | State Monitoring Officer ICDP Cell, Ranchi, Pasupalan-Sahkarita Bhawan Singh More Hatia, Ranchi. 834003 |
| 09. | Contact No of Procurement Officer | 7979760612, 7250895727 |

02. Bid document with details terms and conditions will be available online on e-tendering portal, http:// Jharkhandtenders.gov.in from 23.02.2024 at 11:00 AM to 01.02.2024 up to 05:00 PM. Bids must be Submitted online only at the e- tendering portal http:// Jharkhandtender.gov.in on or before 05:00 PM on 01.03.2024. Tender Fee and EMD Will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of tender fee and EMD. Alternatively, bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from jharhandtenders.gov.in portal. Technical Bid received online will be opened at 05:00 PM on 02.03.2024
03. Estimate Cost May Vary.
04. Corrigendum/Amendment if any will be published only on the above mentioned website.

Sd/-
State monitoring Officer
ICDP Cell, Ranchi

PR 319717 (Co-opretive) 23-24 (D)

GOVERNMENT OF JHARKHAND
URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT
NAGAR PANCHAYAT, HUSSAINABAD

E-PROCUREMENT NOTICE (SHORT-TERM NOTICE)
Reference No. UDHD/NPH/06/2023-24

| Sl. | Ward no. | Reference no. | Scheme name | Estimated cost | Earnest money (2% of est. Cost) | Tender fee | Time of completion of work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नागरिक सुविधा मद | | | | | | | |
| 1 | 15 | UDHD/NPH/06/2023-24/01 | Construction of R.C.C. Drain from Mohammadabad Masjid to House of Abdul Latif Ansaril Ward no. 15 | 1029900.00 | 20600.00 | 5000.00 | 45 days |
| 2 | 3 | UDHD/NPH/06/2023-24/02 | Construction of R.C.C. Drain from House of Jagdish Shahu to New Primary School Rambigha | 1222900.00 | 24500.00 | 5000.00 | 45 days |
| 3 | 3 | UDHD/NPH/06/2023-24/03 | Renovation of Town Hall | 998200.00 | 20000.00 | 5000.00 | 45 days |
| 15वें वित्त मद | | | | | | | |
| 4 | 03 | UDHD/NPH/06/2023-24/04 | Construction of PCC Road on Kacha Road from Fire Brigade office gate to Govt Hospital Nabinagar road under Nagar Panchayat hussainabad | 2495700.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 5 | 07 | UDHD/NPH/06/2023-24/05 | Construction of RCC Drain From Sarafat Ansari home to Badrudin mansuri Home and its Connected Drain under Nagar Panchayat Hussainabad | 2099400.00 | 42000.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 6 | 07 | UDHD/NPH/06/2023-24/06 | Construction of PCC Road And Drain (R/S & L/S) from Khalil Hasmi to Sonu Video Hall | 1798300.00 | 36000.00 | 5000.00 | 03 Month |

| | Part-B | |
|---|---|---|
| 1 | Date of publication of tender on website | 22.02.2024, 02:00 pm |
| 2 | Date starts of submission of bids | 22.02.2024, 02:00 pm |
| 3 | Last date/time of Online submission of bids | 29.02.2024, 11:00 am |
| 4 | Date of bid opening | 01.03.2024, 03:00 pm |
| 5 | Name & Address of office inviting tender | EXECUTIVE OFFICER NAGAR PANCHAYAT HUSSAINABAD |
| 6 | Contact no. Of procurement officer | 9798635093 |
| 7 | Helpline number of e- procurement cell | 8409727716 |

Note: - Only E- Tender will be accepted. Further details can be seen of website Http://jharkhandtenders.gov.in and Notice Board office of the Nagar Panchayat Hussainabad.

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 319698 (District)23-24*D

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper



# हसरंगा ने टी-20 में तोड़ा लासिथ मलिंगा का रिकॉर्ड



### बने नंबर-1 श्रीलंकाई खिलाड़ी

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच सोमवार, 20 फरवरी को तीन टी-20 मैच की सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला गया। इस मैच को जीतकर मेजबान टीम ने सीरीज में तो 2-0 की अजेय बढ़त बनाई ही, साथ ही कप्तान वानिंदु हसरंगा ने भी एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। अफगानिस्तान के खिलाफ इस मुकाबले में हसरंगा ने 2 विकेट चटकाए। इन दो विकेटों के साथ उन्होंने अपने टी-20करियर में विकेटों का शतक पूरा किया। इसी के साथ वह इस मुकाम तक पहुंचने वाले सबसे तेज श्रीलंकाई खिलाड़ी बन गए हैं, उन्होंने लीजेंड लासिथ मलिंगा का रिकॉर्ड ध्वस्त किया है।

श्रीलंकाई कप्तान ने अपने 63वें मैच में 100वां विकेट लेकर मलिंगा को भी पीछे छोड़ दिया। हसरंगा अब अफगानिस्तान के राशिद खान के बाद 100 टी20 विकेट लेने वाले दूसरे सबसे तेज खिलाड़ी हैं, जिन्होंने सिर्फ 53 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की थी। श्रीलंका के दिग्गज मलिंगा ने 76 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की थी। टी-20 क्रिकेट के इतिहास में केवल 11 खिलाड़ी ऐसे हैं जो 100 या उससे अधिक विकेट ले पाए हैं।

इस सूची में न्यूजीलैंड के टिम साउदी शीर्ष पर हैं जिनके नाम 122 मैचों में 157 विकेट हैं। बात श्रीलंका वर्सेस अफगानिस्तान दूसरे टी-20 की करें तो, मेजबानों ने सोमवार को दूसरे टी20 में अफगानिस्तान को 72 रन से धूल चटाई। श्रीलंका ने दांबुला के मैदान पर 187/6 का स्कोर खड़ा किया और अफगानिस्तान को 17 ओवर में 115 रन पर ढेर कर दिया। श्रीलंका ने तीन मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। श्रीलंका के अनुभवी ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज ने अफगानिस्तान की खटिया खड़ी कर दी। उन्होंने 22 गेंदों में 42 रन की नाबाद तूफानी पारी खेली। उन्होंने 2 चौके और 4 छक्के जमाए। 36 वर्षीय मैथ्यूज ने इसके अलावा दो अहम विकेट चटकाए। उन्हें शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड से नवाजा गया।



भारत और इंग्लैंड

# केएल राहुल की होगी एंट्री, बुमराह होंगे बाहर

### चौथे टेस्ट के लिए ऐसी हो सकती है भारतीय प्लेइंग इलेवन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया अभी 2-1 से आगे है। दोनों देशों के बीच अब इस टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला रांची में 23 फरवरी से खेला जाएगा। रोहित शर्मा की कोशिश होगी कि वह इस टेस्ट को जीतकर सीरीज सील करें, लेकिन इसके लिए उन्हें काफी फूंकफूंक कर कदम रखना होगा। माना जा रहा है कि चौथे टेस्ट मैच में केएल राहुल की टीम में वापसी हो सकती है तो वहीं जसप्रीत बुमराह को वर्कलोड की वजह से आराम दिया जा सकता है। ऐसी स्थिति में टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन चौथे टेस्ट के लिए क्या हो सकती है इसके बारे में जानते हैं।

चौथे टेस्ट मैच में अगर केएल राहुल की प्लेइंग इलेवन में एंट्री होती है तो इस स्थिति में रजत पाटीदार को बैठाया जा सकता है जिनका पिछले दो टेस्ट मैच में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। वहीं बुमराह को अगर आराम मिलता है तो उनकी जगह मुकेश शर्मा की प्लेइंग इलेवन में एंट्री हो सकती है। मुकेश कुमार को दूसरे टेस्ट मैच के दौरान रणजी टूर्नामेंट में खेलने की छूट मिली थी और उन्होंने इस दौरान बिहार के खिलाफ 10 विकेट लिए थे।

सरफराज खान ने दूसरे टेस्ट की दोनों पारियों में अर्धशतक लगाया था ऐसे में वह चौथे टेस्ट मैच में भी खेलते हुए नजर आ सकते हैं। भारतीय स्पिनर आर अश्विन तीसरे टेस्ट के दौरान फैमिली इमरजेंसी की वजह से मैच के बीच में ही घर लौट गए थे, लेकिन उन्होंने फिर से टीम ज्वाइन कर लिया और वह टीम इंडिया के साथ हैं। ऐसे में वह भी टीम में बने रहेंगे जबकि कुलदीप यादव को भी मौका दिया जा सकता है। विकेटकीपर के तौर पर चौथे टेस्ट में ध्रुव जुरैल को ही प्लेइंग इलेवन का हिस्सा बनाया जा सकता है जिन्होंने अच्छी विकेटकीपिंग की थी साथ ही तीसरे टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की थी।

#### चौथे टेस्ट मैच के लिए भारत की संभावित प्लेइंग इलेवन

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, केएल राहुल, रवींद्र जडेजा, सरफराज खान, ध्रुव जुरैल (विकेटकीपर), आर अश्विन, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार।

## मनोज तिवारी को रणजी ट्रॉफी की आलोचना करना पड़ा भारी

### बीसीसीआई ने ठोका जुर्माना



**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लेने के एक दिन बाद भारत के पूर्व बल्लेबाज मनोज तिवारी ने खुलासा किया है कि रणजी ट्रॉफी की आलोचना करने के चलते उन पर बीसीसीआई ने जुर्माना ठोका था। तिवारी ने बिहार के खिलाफ अपना आखिरी फर्स्ट क्लास मुकाबला खेला। बीसीसीआई ने उन्हें रणजी ट्रॉफी की आलोचना करने के लिए उन पर रणजी ट्रॉफी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया था। तिवारी ने अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा था कि रणजी ट्रॉफी में काफी कुछ गलत हो रहा है, अगले सीजन से इसको कैलेंडर से हटा देना चाहिए।

बीसीसीआई ने उनके इस पोस्ट पर एक्शन लेते हुए यह जुर्माना ठोका है। मनोज तिवारी ने अपने इंस्टाग्राम पर रणजी ट्रॉफी की फोटो शेयर करते हुए लिखा था, अगले सीजन से रणजी ट्रॉफी को कैलेंडर से हटा देना चाहिए। टूर्नामेंट में कई चीजें गलत हो रही हैं। समृद्ध इतिहास वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को बचाने के लिए कई चीजों पर ध्यान देने की जरूरत है। यह अपना आकर्षण और महत्व खोता जा रहा है।

बहुत ही निराश हूं। बीसीसीआई ने हाल ही में केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों से कहा था कि अगर वे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए चयन करना चाहते हैं तो उन्हें घरेलू क्रिकेट में खुद को साबित करना होगा। यह आदेश संभवतः इशान किशन के रणजी ट्रॉफी खेलने से इनकार करने के कारण आया है, हालांकि वह कथित तौर पर फिट हैं और राष्ट्रीय ड्यूटी पर नहीं हैं।

कोलकाता में अपने सम्मान समारोह के दौरान तिवारी ने कहा, मुझे लगता है कि अगर मैंने इसे एक्स पर पोस्ट नहीं किया होता तो बीसीसीआई द्वारा जारी निर्देश नहीं दिया गया होता। शायद मेरी पोस्ट ने बीसीसीआई सचिव को खिलाड़ियों पर दबाव डालने के लिए प्रेरित किया।

# जो कोई भी सोचता है कि टी20, वनडे से बेहतर है, वह बेवकूफ है : इयान चैपल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने कहा कि प्रशासकों के रवैये के कारण उन्हें 50 ओवर के प्रारूप के भविष्य को लेकर डर है। उनकी यह टिप्पणी ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच बुधवार से वेलिंगटन में शुरू होने वाली आगामी चैपल-हेडली ट्रॉफी के टी20 श्रृंखला से पहली आई है। 2004 से लेकर अब तक चैपल-हेडली ट्रॉफी ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच वनडे फॉर्मेट में खेली जाती थी। लेकिन, अब टी20 फॉर्मेट भी इसका हिस्सा बन गया है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) और न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के बयानों में कहा गया है कि ट्रांस-तस्मान प्रतिद्वंद्वियों के बीच भविष्य में बैक-टू-बैक वनडे और टी20 श्रृंखला के लिए एक अंक प्रणाली का भी उपयोग किया जाएगा। चैपल



ने वाइड वर्ल्ड ऑफ स्पोर्ट्स (डब्ल्यूडब्ल्यूओएस) पर कहा, निश्चित रूप से उनके पास शीर्ष पर टी20 क्रिकेट है और अधिक से अधिक टी20 क्रिकेट खेला जा रहा है। 50 ओवर का क्रिकेट कम खेला जा रहा है। जो कोई भी सोचता है कि टी20, 50 ओवर के खेल से बेहतर है, वह बेवकूफ है। प्रशासकों ने 50 ओवर के क्रिकेट को नजरअंदाज किया है और मुझे लगता है कि उन्होंने इसे उस बिंदु तक जाने दिया है, जहां वे इसे फिर से पहचान दिलाने में सफल नहीं हो पाएंगे।

ऑस्ट्रेलिया चैपल-हेडली ट्रॉफी का वर्तमान धारक है, जो आखिरी बार सितंबर 2022 में केर्न्स में तीन वनडे मैचों के लिए खेला गया था। चैपल को भी यकीन नहीं है कि 50 ओवर का प्रारूप कभी भी वह लोकप्रियता हासिल कर पाएगा, जो पहले थी।

चैपल को लगता है कि टी20 और हाल ही में टी10 क्रिकेट की लोकप्रियता भी वनडे फॉर्मेट के लिए एक बड़ा खतरा है।

## रियो ओपन खिताब की रक्षा के लिए जीत के साथ कैमरून नोरी ने किया आगाज

**रियो डी जेनेरो, एजेंसी।** ब्रिटेन के कैमरून नोरी ने अपने रियो ओपन खिताब की रक्षा के लिए एक बेहतरीन शुरुआत करते हुए ह्यूगो डेलियन को 6-3, 6-2 से हराया। एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार, दूसरे वरीय ने अपने सामने आए एकमात्र ब्रेक प्वाइंट को बचाया और अपने सात अवसरों में से तीन को भुनाकर सोमवार रात को एक घंटे और 22 मिनट के बाद एटीपी 500 के दूसरे दौर में प्रवेश किया। नोरी का अगला मुकाबला चिली के टॉमस बारियोस से होगा, जिन्होंने ब्राजीलियाई वाइल्ड कार्ड गुस्तावो हेइड को 7-5, 6-3 से हराया



अन्य मैचों में चौथी वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने साथी अर्जेंटीना फ्रांसिस्को कोमेसाना के खिलाफ 6-1, 1-6, 6-2 से जीत के साथ तीन मैचों की हार का सिलसिला तोड़ दिया। दो बार के एटीपी टूर टाइटलिस्ट का दूसरे दौर में स्पैनियार्ड अल्बर्ट रामोस-विनोलास से मुकाबला होगा। एटीपी रैंकिंग में पूर्व नंबर 17 खिलाड़ी, रामोस-विनोलास ने पेरू के जुआन पाब्लो वरिल्लास को दो घंटे और 44 मिनट के बाद 3-6, 6-3, 7-5 से हराया।

# डब्ल्यूपीएल 2024 में आरसीबी का संतुलन बेहतर: स्मृति मंधाना

**बेंगलुरु, एजेंसी।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की कप्तान स्मृति मंधाना का मानना है कि 2024 सीज़न से पहले उनकी टीम का संतुलन बेहतर हुआ है। कई स्टार खिलाड़ियों के बावजूद आरसीबी पिछले साल डब्ल्यूपीएल के उद्घाटन सत्र में नॉकआउट में प्रवेश करने में विफल रही और अंक तालिका में चौथे स्थान पर रही।



फ्रेंचाइजी अपने डब्ल्यूपीएल 2024 सीज़न की शुरुआत तब करेगी जब वे अपना पहला मैच 24 फरवरी को अपने घरेलू मैदान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में यूपी वारियर्स के खिलाफ खेलेंगे। आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना ने जियो सिनेमा पर कहा, ÷मैं निश्चित रूप से चाहूंगी कि हमारा प्रदर्शन पहले सीजन से बेहतर हो। आरसीबी के दृष्टिकोण से काफी खिलाड़ियों को रिलीज़ किया गया और हम नए खिलाड़ियों को लेकर आए। इसलिए, निश्चित रूप से संतुलन में सुधार हुआ है और हम अपनी क्षमता के अनुसार प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं। घरेलू सीज़न में खेलने से मुझे अच्छा अभ्यास करने में मदद मिली और हमने कई ऐसी लड़कियों को देखा, जिनके खिलाफ हमने पहले नहीं खेला है।

इन लड़कियों को देखने के बाद मैं अपनी फ्रेंचाइजी को कुछ नामों की सिफारिश करने में सक्षम हुई। पिछले साल, जब हम टूर्नामेंट से दो दिन पहले टीम में शामिल हुए, तो हम 90 प्रतिशत खिलाड़ियों के बारे में नहीं जानते थे। हमें नहीं पता था कि उन्होंने क्या किया और क्या नहीं किया। इस साल, उनकी ताकत और कमजोरियों को जानना महत्वपूर्ण था, ताकि हम बेहतर खेल सकें। डब्ल्यूपीएल एक छोटा टूर्नामेंट है और टूर्नामेंट के दौरान चीजों को बदलना मुश्किल होता है। यह पूछे जाने पर कि क्या आरसीबी डब्ल्यूपीएल 2024 के खिताब के दावेदार के रूप में तैयार है। स्मृति ने कहा, हम बहुत आगे के बारे में नहीं सोचना चाहते हैं। हम निश्चित रूप से पिछले वर्ष से बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं और ऐसा करने के लिए प्रेरित हैं।

# नासिर हुसैन ने बेन डकेट के बयान की आलोचना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने बेन डकेट के बयान की आलोचना की है। इंग्लिश टीम के ओपनर डकेट ने यशस्वी की पारी पर कहा था कि इंग्लैंड के बैजबॉल को देखकर ही भारतीय खिलाड़ी भी तेज खेल रहे हैं। इस पर नासिर हुसैन ने स्काई स्पोर्ट्स के पॉडकास्ट शो में कहा, यशस्वी जायसवाल ने तुमसे कुछ नहीं सीखा है, उसने अपने जीवन की कठिनाइयों से सीखा है। उसने इंडियन प्रीमियर लीग से सीखा है। इंग्लैंड की टीम को उनसे (यशस्वी जायसवाल) से सीखना चाहिए।



### यशस्वी के तेज खेलने का क्रेडिट हमें जाना चाहिए- डकेट

यशस्वी तीसरे मैच के तीसरे दिन दूसरी पारी में बैक इंजरी की वजह से अपने 104 रन के स्कोर पर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। हालांकि, यशस्वी दूसरी पारी के चौथे दिन फिर बैटिंग करने उतरे और नाबाद 214 की पारी खेली।

तीसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद डकेट ने कहा, उन्होंने (यशस्वी) जिस अंदाज में बल्लेबाजी की उसका श्रेय इंग्लैंड की टीम को जाना चाहिए। क्योंकि इंग्लैंड की (बैजबॉल) बल्लेबाजी को देखकर ही उन्होंने तेजी से रन बनाने का सोचा, जिसमें वो सफल रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, जब आप विपक्षी टीम के खिलाड़ियों को इस तरह से बैटिंग करते देखते हैं, तो ऐसा लगता है कि हमें कुछ क्रेडिट लेना चाहिए.

### इंग्लैंड टीम चौथी पारी में 122 रन ही बना सकी

टीम इंडिया ने रविवार को राजकोट टेस्ट रिकॉर्ड 434 रन से जीत लिया। मैच के चौथे दिन 557 रन के टारगेट के सामने इंग्लैंड टीम चौथी पारी में 122 रन ही बना सकी।

## विराट -सचिन भी परेशान थे, स्टोक्स से पहले अंपायर्स कॉल पर ये दिग्गज भी भड़क चुके

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट में अंपायर डिसिजन रिव्यू के 'अंपायर्स कॉल' नियम को लेकर फिर बहस छिड़ गई है। इस बार अंपायर्स कॉल को लेकर नाराजगी इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने जाहिर की है। इससे पहले भी कई दिग्गज इस नियम पर विरोध दर्ज करवा चुके हैं।

क्रिकेट का खेल सिर्फ बैट और बल्ले से नहीं खेला जाता बल्कि इसमें साइंस भी जुड़ा होता है। आउट, नॉटआउट का फैसला अब पूरी तरह अंपायर के पास न होकर साइंटिफिक तरीकों से भी होता है, जिसमें



डीआरएस जैसी टेक्निक शामिल है। इसी को लेकर भारत और इंग्लैंड के बीच जारी टेस्ट सीरीज में भी बवाल देखने को मिल रहा है। इंग्लैंड को राजकोट टेस्ट में 434 रन की रिकॉर्ड हार मिली तो विपक्षी कप्तान बेन स्टोक्स ने इशारों ही इशारों में इसके पीछे अंपायर्स कॉल का हाथ बता दिया।

दूसरी पारी में इंग्लैंड के ओपनर जैक क्राउली के जसप्रीत बुमराह की गेंद पर आउट होने के फैसले पर नाराज दिखे।

स्टोक्स और हेड कोच ब्रेंडन मैकुलम ने मैच के बाद अंपायर के डीआरएस फैसले के बारे में मैच रैफरी जेफ क्रो से भी बात की। वैसे ये कोई पहली बार नहीं है जब किसी खिलाड़ी या कप्तान ने जब अंपायर्स कॉल को लेकर कप्तानों ने नारागी जाहिर की है।

### विराट ने जताई थी नाराजगी

साल 2021 में इंग्लैंड के दौरे पर भारतीय कप्तान विराट कोहली ने भी अंपायर्स कॉल को लेकर नाराजगी जताई थी और अपनी टीम के खिलाफ गए फैसले को गलत बताया था।

तब भी इस तकनीक को लेकर बड़ी बहस छिड़ी थी। तब इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने तकनीक का समर्थन करते हुए समझाया था कि जब डीआरएस में बॉल विकेट को हिट करता दिखाया जाता है तो यह विकेट को हिट नहीं कर रहा होता है। वह सिर्फ एक अनुमान होता है। इसलिए इसमें संदेह का लाभ बल्लेबाज को मिलना चाहिए।

# अनुष अगरवाल्ला ने ड्रेसेज में दिलाया पेरिस ओलंपिक का कोटा

### पेरिस ओलंपिक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 24 वर्षीय अनुष ने कहा कि ओलंपिक में खेलना उनका बचपन का सपना है, वह देश के लिए इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए गौरवान्वित महसूस करेंगे। टोक्यो ओलंपिक में फवाद मिर्जा खेले थे। हांगझोऊ एशियाई खेलों में ड्रेसेज का ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने वाले घुड़सवार अनुष अगरवाल्ला ने देश को घुड़सवारी में पहला पेरिस ओलंपिक का कोटा दिलाया है। देश को यह कोटा अनुष के अंतरराष्ट्रीय घुड़सवारी संघ की चार इवेंट में दिखाए गए प्रदर्शन की बदौलत मिला है।

अनुष ने वारक्ला (पोलैंड) में 73.485 प्रतिशत, क्रोनेनबर्ग, नीदरलैंड में 74.4 प्रतिशत, फ्रैंकफर्ट, जर्मनी में



72.9 प्रतिशत, मिचलेन, बेल्जियम में 74.2 प्रतिशत अंक जुटाए। भारतीय घुड़सवारी संघ का कहना है कि यह कोटा देश के लिए है, आयोजकों को घुड़सवार का नाम भेजने के लिए ट्रायल कराए जाएंगे। 24 वर्षीय अनुष ने कहा कि ओलंपिक में खेलना उनका बचपन का सपना है, वह देश के लिए इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए गौरवान्वित महसूस करेंगे। टोक्यो ओलंपिक में फवाद मिर्जा खेले थे। अनुष ने कहा, पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत के लिए कोटा हासिल करने में सफल होने पर मुझे बहुत गर्व और आभारी हूं।

ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करना हमेशा से मेरे लिए बचपन का सपना रहा है और मुझे देश के लिए इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनने पर गर्व है। मैं वही करता रहूंगा जो मैं हमेशा से करता आया हूं। हमेशा खुद को लक्ष्य पर केंद्रित करना, अनुशासित रहना, कड़ी मेहनत करना, लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करना। मुझे विश्वास है कि मुझे इस प्रतिष्ठित मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना जाएगा।

युवा राइडर को उम्मीद थी कि वह कोटा बरकरार रखने में सफल रहेंगे। भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) महासचिव कर्नल जयवीर सिंह ने भी अनुष को बधाई दी है। जयवीर ने कहा, हमें ड्रेसेज इवेंट में व्यक्तिगत कोटा के आवंटन के बारे में ईएफआई से पुष्टि मिल गई है। यह गर्व की बात है कि ईएफआई इवेंट में अनुष के लगातार प्रदर्शन के कारण भारत को कोटा मिला है।

ईएफआई स्पर्धाओं में और यह बिल्कुल भी आश्चर्य की बात नहीं है कि घुड़सवारी स्पर्धाओं में भारत को एक बार फिर ओलंपिक में प्रतिनिधित्व मिलेगा।

### अब तक तीन लोगों ने प्रतिनिधित्व किया

मशहूर फवाद मिर्जा ने 2020 टोक्यो खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था और उनसे पहले केवल इम्तियाज अनीस (2000), इंद्रजीत लांबा (1996) और दरिया सिंह (1980) ही सबसे बड़े खेल मंच पर प्रतिस्पर्धा कर सके थे।

## एक नजर

### गोदाम से 12 लाख रूपये की धान की हुई चोरी

**रफीगंज (औरंगाबाद) (कां सं.)।** रफीगंज के धरहारा गांव मोड़ स्थित बिजली विभाग के पास से निजी गोदाम से लगभग 12 लाख रूपये का धान चोरी का मामला प्रकाश मे आया है। लट्ठा गांव निवासी कृष्ण कुमार शर्मा उर्फ कन्हैया शर्मा ने रफीगंज थाना में आवेदन दिया है। जिसमें बताया कि रफीगंज के कलाली मोड पर हमारा कुमार गला भंडार के नाम से धान खरीद का फर्म है।खरीदे गये धान को रफीगंज के कियाखाप गांव के धरहरा मोड के पास संतोष चौरसिया की गोदाम के सामने गोदाम में रखे थे। 17 फरवरी की रात अज्ञात चोरों द्वारा गोदाम का ताला तोड़ कर लगभग 1200 धान का बोरा चोरी कर लिया गया। मुझे 18 फरवरी की शाम को जानकारी मिला।संभावना है कि ट्रक से ही चोरी किया गया है। धान का किमत लगभग 12 लाख रुपए है।19 तारीख को प्राथमिकी दर्ज किया गया। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

### नाराईच गांव में पुलिस बल की तैनाती

**रफीगंज (औरंगाबाद) (कां सं.)।** नराईच गांव में दो पक्षों के बीच हुई झड़प को लेकर दूसरे दिन भी पुलिस बल की तैनाती रही।थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि चौकीदार राजकुमार पासवान के बयान पर दोनों पक्ष के 38 नामजद एवं 50 अज्ञात लोगों के विरूद्ध तोड़ फोड़, सरकारी कार्य में बाधा डालने एवं पत्थर बाजी करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज किया गया। प्राथमिकी उपरांत गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। तथा विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारी एवं पुलिस बल द्वारा गांव में कैंप किया जा रहा है।इस मामले में स्थानीय राजद विधायक नेहलुद्दीन ने गंभीरता को लेते हुए विधानसभा में आवाज उठाया। जिनका वीडियो क्लिप शहर में तेजी वायरल हुआ है।वायरल वीडियो में उन्होंने कहा है कि यह मामला विगत एक वर्षो से प्रशासनिक तौर पर नजरंदाज किया गया है। उन्होंने कब्रिस्तान घेराबंदी का मामला भी उठाया है।

### शराब के नशे में शराबी हुआ गिरफ्तार

**नवीनगर (औरंगाबाद) (कां सं.)।** नवीनगर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड 14 शिवराजपुर निवासी मो. अजीम अंसारी को पुलिस गश्ती के दौरान एसआई देव कुमार एवं सशस्त्र बल द्वारा शराब के नशे में पकड़ा गया है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि शराबी की रेफरल अस्पताल में मेडिकल जांच कराने के दौरान शराब पीने की पुष्टि होने पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### देशी महुआ शराब बरामद, कारोबारी गिरफ्तार, गया जेल

**गोह (औरंगाबाद ) (नि.सं.)।** गोह के देवकुंड थाना क्षेत्र के हथियारा गांव से मंगलवार को महुआ शराब के साथ कारोबारी को गिरफ्तार कर थाना लाया गया है। देवकुंड थानाध्यक्ष अनन्त कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि हथियारा गांव में शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर देवकुंड पुलिस सत्यापन के लिए गई तो हथिआरा निवासी कुंदन कुमार को चार लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। कुंदन कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है।

### राजद ने तेजस्वी यादव की विश्वास यात्रा को ले की बैठक

**नवीनगर (औरंगाबाद ) (नि.सं.)।** नबीनगर के महाराणा प्रताप चौक के पास मंगलवार को राष्ट्रीय जनता दल की एम बैठक संपन्न हुई। बैठक में जन विश्वास यात्रा पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के औरंगाबाद के गांधी मैदान में होने जा रहे आगमन की तैयारी पर चर्चा की गई। सभी लोगों से मिलजुल कर कार्यक्रम को सफल बनाने पर जोर दिया गया। साथ ही सभी कार्यकर्ताओ से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई। बैठक में राजद के प्रखंड अध्यक्ष जगन यादव, नगर अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, युवा राजद के प्रखंड अध्यक्ष निखिल कुमार सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष रमजान अली, उपाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह, जिला महासचिव रामविलास यादव, धर्मेंद्र कुमार, उदय यादव, पूनम यादव, राजमणि बारी, गौतम कुमार, विनोद यादव, प्रमोद यादव, अनूप ठाकुर, सुभाष यादव, विकास प्रजापति, मालती देवी, रामाशीष चंद्रवंशी, हरेंद्र यादव एवं सुदय यादव समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को ले डीएलएसए के सचिव ने की न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक



कार्यालयसंवाददाता

**औरंगाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम ने मंगलवार को अपने प्रकोष्ठ में आगामी 09 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर न्यायिक पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आनंद भूषण, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम सौरभ सिंह, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी माधवी सिंह, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजेश सिंह, अनुमंडलीय न्यायिक दण्डाधिकारी योगेश कुमार मिश्रा, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी नेहा दयाल, साद रज्जाक एवं ओम प्रकाश नारायण सिंह आदि मौजूद रहे। बैठक में सचिव ने लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु अब तक की गई कार्रवाई की समीक्षा की। साथ ही आगे की रूप रेखा तय की। सचिव ने न्यायिक पदाधिकारियों को अपने न्यायालय से संबंधित चिन्हित सुलहनीय वादों वादों को लेकर संबंधित पक्षकारों को दी गई नोटिस की अद्यतन जानकारी प्राधिकार को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। कहा कि यह काम समय रहते पूरा करे ताकि संबंधित पक्षकारों से प्री-काउंसिलिंग कर ज्यादा-से ज्यादा वादों का निष्पादन कराया जा सके। इसे लेकर बैठक में मौजूद न्यायिक पदाधिकारियों ने अपने-अपने न्यायालय से संबंधित पूरी सूची प्राधिकार को उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि 09 मार्च को वर्ष का प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्राधिकार में वृहद रूप से तैयारी की जा रही है। सचिव ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत वादों का सुलह के आधार पर निस्तारण का एक सशक्त माध्यम है, जहां संबंधित को त्वरित न्याय मिलता है। सचिव ने आमजनों से भी अपील किया कि 09 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाए। जिस किसी भी व्यक्ति को अपने सुलहनीय वाद का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में कराना हैं तो किसी भी कार्य दिवस में जिला विधिक सेवा प्राधिकार में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## नाबालिग बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**औरंगाबाद(का.सं.)।** ओबरा थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म के एक आरोपी को पुलिस ने घटना के 24 घंटे के अंदर रोहतास से गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार के अपराह्न समाहरणालय स्थित एसडीपीओ कार्यालय में प्रेसवार्ता कर मुख्यालय डीएसपी 1 नभ वैभव ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि 18-19 फरवरी की रात ओबरा थानाध्यक्ष अजय कुमार को थाना क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म होने की जानकारी प्राप्त हुई। जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और पूरे मामले की तहकीकात करते हुए गांव के ही अनुज कुमार सिंह के पुत्र प्रिंस कुमार उर्फ गोलू एवं एक अज्ञात के विरुद्ध भारतीय दंड विधान की धारा 376 एडी एवं 3/4 पोक्सो एक्ट के तहत कांड संख्या 59/24 दर्ज की गई।

## जिंदा है मानवता : शिक्षक ने दूसरे टीचर का गिरा हुआ मोबाइल मिलने पर वापस कर पेश की ईमानदारी की मिसाल

- ओबरा निवासी शिक्षक अजय कुमार को उनका खोया हुआ मोबाइल वापस कर मानवता और इमानदारी का अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है।



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** यह तस्वीर महज एक तस्वीर नही है। यह तस्वीर किसी को मोबाइल देने की नहीं बल्कि इमानदारी की है। तस्वीर में सामने वाले को मोबाइल दे रहे शख्स रितेश कुमार शहर के करमा रोड भास्कर नगर के निवासी है, जो मदनपुर के एक सरकारी स्कूल के शिक्षक है। रितेश ने ओबरा निवासी शिक्षक अजय कुमार को उनका खोया हुआ मोबाइल वापस कर मानवता और इमानदारी का अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है। मामला यह है कि रफीगंज के बद्दोपुर के राजकीय इंटर स्कूल में पदस्थापित शिक्षक अजय कुमार की मैट्रिक की बोर्ड परीक्षा में यारी रोड स्थित एक निजी स्कूल के परीक्षा केंद्र में ड्यूटी लगी है। वीक्षक की ड्यूटी करने अजय मंगलवार को बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान अजय की जेब से उनका मोबाइल हाइवे पर गिर गया। संयोग से शिक्षक रितेश भी हाईवे से होकर ही अपनी ड्यूटी करने बाइक से अपने स्कूल घटराइन जा रहे थे। आगे के बाइकर की मोबाइल को गिरते देखते ही पीछे से चल रहे शिक्षक रितेश ने बाइक रोक कर मोबाइल उठाई। उन्होंने आगे वाले बाइकर को आवाज भी दी। बाइक से कुछ दूर पीछा कर ओवरटेक करने की भी कोशिश की पर दूसरा वाहन बीच में आ जाने से वें ऐसा नही कर पाए। बाद में शिक्षक अजय ने मोबाइल गुम होने का पता चलने पर अपने बड़े भाई को कॉल किया। बड़े भाई ने शिक्षक भाई के मोबाइल पर कॉल किया तो शिक्षक रितेश ने कॉल उठाया। चूंकि गुम हुए मोबाइल में टीचर के बड़े भाई का नंबर भैया के रूप में सेव था। इस कारण कॉल उठाते ही शिक्षक रितेश ने कहा कि यह मोबाईल आपके छोटे भाई का है, जो मुझे मिला है। यह सुरक्षित हाथ में है। मैं अपनी ड्यूटी करने जा रहा हूं। शाम में ड्यूटी से लौटते ही आपको कॉल कर यह मोबाइल आपकी मौजूदगी में आपके भाई को वापस कर दूंगा। शाम में शिक्षक रितेश अपने वादे के अनुरूप आए और गुम हुआ मोबाइल वापस कर मानवता और इमानदारी की मिसाल पेश की।

# प्रखंड स्तरीय कबड्डी एवं दौड़ प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** युवा कबड्डी क्लब रफीगंज द्वारा शहर के आर बी आर खेल मैदान में प्रखंड स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता एवं दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के लक्ष्यद्वीप, हैवन्स, बोस्को,आर बी आर,गुड बिल्स, न्यू दिल्ली पब्लिक स्कूल, सहित कई अन्य विद्यालय के छात्र भाग लिये। युवा कबड्डी क्लब के अध्यक्ष पप्पू यादव बाबा ने बताया कि निःशुल्क खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस खेल प्रतियोगिता में दो ग्रुप में लडके एवं लडकियां को अंडर 14 एवं अंडर 17 के रूप में बांटा गया।कबड्डी टीम को भी दो ग्रुपों में बांटा गया था। कबड्डी अंडर 14 लडकियां में नई दिल्ली पब्लिक स्कूल विजेता टीम रही। कबड्डी अंडर 17 लडकियां में विजेता लक्ष्य दीप टीम रहा। कबड्डी अंदर 14 लडके में हैवेल्स ब्लॉसम विजेता टीम रही।अंडर 17 कबड्डी में हैवेंल्स ब्लॉसम टीम रहा। दौड़ में अंडर 14 में प्रथम स्थान तान्या सिंह, द्वितीय सानिया कुमारी, तृतीय आरजू खान,लडके में प्रथम विकी कुमार, द्वितीय शुभम कुमार, तृतीय रितिक शर्मा एवं दौड़ प्रतियोगिता अंडर 17 में प्रथम स्थान पर मेजान शेख, द्वितीय सुमित सिंह,तृतीय स्थान पर नीरज कुमार लडकियां में प्रथम अमीषा कुमारी, द्वितीय अनिशा कुमारी, तृतीय ब्यूटी कुमारी रही। सभी विजेता एवं उपविजेता टीम को मेडल एवं कप देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपाध्यक्ष किशु गुप्ता,एवं संचालन प्रधान सचिव विनोद कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, जाप प्रदेश महासचिव संदीप सिंह समदर्शी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, जिला पार्षद प्रदीप चौरसिया,भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह, राजद नेता रणविजय यादव, शाहजाद शाही, भाजपा नेत्री संगीता प्रसाद, भाजपा नेता संतोष कुमार साव, बबलू सिंह, विमलेश पासवान, शुभम सिंह, कौशल चंद्रवंशी ने खिलाड़ियों से अभिवादन कर एवं फीता काटकर मंच का उद्घाटन किया। सभी अतिथियों ने युवा कबड्डी क्लब का सराहना किया और कहा कि इस तरह का निशुल्क खेल प्रतियोगिता से गरीब तबके के खिलाड़ियों में खेल के प्रति उत्साह बढेगी। इस मौके पर युवा कबड्डी क्लब के अध्यक्ष पप्पू यादव बाबा, उपाध्यक्ष किशु गुप्ता, सचिव निखिल कुमार उर्फ पिंटू, संयोजक कौशल कुमार चंद्रवंशी, महासचिव संजीत अंबेडकर, सलाहकार रोहित कुमार, प्रधान महासचिव विनोद कुमार, कोषाध्यक्ष प्रांशु सिंह राजपूत, उपकोषाध्यक्ष उज्जवल मिश्रा, सदस्य बसंत यादव, मोहित सोनी, अंकित कुमार, रोहन गुप्ता, राहुल गुप्ता,प्रशांत कुमार,ओम प्रकाश कुमार, कुंदन कुमार, विक्की कश्यप, राज स्तरीय खिलाड़ी दिनेश राज, उत्तम राज, ऋषभ सिंह राजपूत सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## हत्यारोपी दोषी करार

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** मंगलवार को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडीजे वन सह स्पेशल कोर्ट पंकज मिश्रा ने हसपुरा थाना कांड संख्या 79/20, एसटीआर-09/22, में निर्णय पर सुनवाई करते हुए दो अभियुक्तों को हत्या के आरोप में दोषी ठहराया है, एपीपी रामनरेश प्रसाद ने बताया कि अभियुक्त नवीन राम और विपिन राम झोरीबिगहा हसपुरा को जघन्य अपराध के भादंवि धाराओं और आर्म्स एक्ट में दोषी करार दिया गया है, सज्ञा के बिन्दु पर सुनवाई के तिथि 05/03/24 निर्धारित किया गया है, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक संतोष राम फतेहपुर टोला झोरी बिगहा हसपुरा ने 09/04/20 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि मेरे चाचा जुदागीर राम सिहाडी बाजार से सब्जी खरीदने गये थे रास्ते में घेरकर अभियुक्तों ने गोली मारकर हत्या कर दी,इस वाद के अन्य अभियुक्तों को आज साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया गया है।

## महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री राम महायज्ञ का होगा आयोजन



निज संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड के जलवन में एक मार्च से 10 मार्च तक श्रीराम महायज्ञ एवं श्री राम कथा के साथ-साथ रामलीला महोत्सव का आयोजन होगा। जानकारी देते हुए महायज्ञ व्यवस्थापक ने बताया कि एक मार्च से भव्य कलश शोभायात्रा रामलीला एवं श्री राम कथा प्रारंभ होगा। 2 मार्च को पंचांग पूजन एवं मंडप प्रवेश। 3 मार्च को वेदी पूजन एवं देवता आहवान। 4 मार्च को अरणी मंथन द्वारा अग्नि प्रकट एवं हवन। 9 मार्च को रामलीला, श्री राम कथा विश्राम दिवस। 10 मार्च को यज्ञ पूर्णाहुति भंडारा एवं संत विदाई होगा। इस महायज्ञ में संतन बाबा, विकास बाबा, गोलू बाबा, भारत बाबा, संजय सिंह, विकास कुमार सिंह, राजपा के औरंगाबाद लोकसभा प्रभारी अजीत कुमार, राहुल कुमार सिंह, उदय कुमार यादव, प्रदीप मिश्रा जितेंद्र महतो मनोज कुमार संजय सिंह समर्पण की भावना से लगे हुए हैं।

## महिला को ट्रक ने रौंदा, मौके पर मौत



निज संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)।** बेटी की शादी के लिए एक मां आवश्यक खरीदारी करने बाजार जा रही थी। इसी दौरान एक अनियंत्रित ट्रक ने उसे रौंद डाला, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना बेल-पौथु रोड में औरंगाबाद के ओबरा थाना क्षेत्र में चपरी गांव के पास मंगलवार को दोपहर बाद की है। मृतका की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के करसांव निवासी अमोद शर्मा की पत्नी किरण देवी के रुप में की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक अमोद शर्मा की बेटी की शादी अगले ही महीने होने वाली है। इसी को लेकर उनकी पत्नी खरीदारी करने ओबरा बाजार जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में बेल-पौथु रोड पर चपरी स्थित धर्मकांटा के पास अनियंत्रित ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने महिला को घायल अवस्था में अचेत समझते हुए इलाज के लिए ओबरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल लाया है। वही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## चयनित अभ्यर्थियों को दिया गया नियोजन पत्र

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** मंगलवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष, त्मा, औरंगाबाद के द्वारा आत्मा योजनान्तर्गत प्रखंड स्तरीय संविदा आधारित प्रखंड तकनीकी प्रबंधक के 07 रिक्त पद एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक के 12 रिक्त पदों पर नियोजन हेतु चयनित अभ्यर्थियों को नियोजन पत्र प्रदान किया गया। जिसमें नियोजन पत्र प्राप्त करने हेतु प्रखंड तकनीकी प्रबंधक के 05 अभ्यर्थी एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक के 05 अभ्यर्थी उपस्थित हुए जिन्हें नियोजन पत्र दिया गया। नियोजन पत्र वितरण कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक, आत्मा, उप परियोजना निदेशक, आत्मा, औरंगाबाद एवं अभ्यर्थी उपस्थित हुए।

## पुलिस ने मंदिर के पुजारी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

निज संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)।** जिले के ओबरा थानान्तर्गत ओबरा देवी मंदिर के पुजारी द्वारा एक अज्ञात महिला के साथ अश्लील हरकत करने वाला पुजारी को ओबरा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस उपाधीक्षक नभ वैभव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि ओबरा थानाध्यक्ष को सूचना प्राप्त हुआ की मंदिर के पुजारी के द्वारा एक महिला के मन्दिर में छेड़खानी करने की सूचना मिली। ओबरा थानाध्यक्ष अजय कुमार चंद्रबन्सी के द्वारा मन्दिर पहुंच कर त्वरित कार्रवाई करते हुए ओबरा देवी मंदिर में लगे सी०सी०टी०वी० फुटेज का जांच किया। जाँच के कर्म में पुजारी द्वारा महिला के साथ अश्लील हरकत करने के मामला सत्य पाया गया। वहीं पुलिस उपाधीक्षक नभ वैभव ने बताया कि ओबरा थाना काण्ड सं0-60/24 धारा-354 भा०द०वि० दर्ज कर देवी मंदिर के पुजारी संजय पाण्डेय पे०-स्व० सत्यनारायण पाण्डेय ग्राम पंडित मुहल्ला थाना-ओबरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन

- युवा शक्ति के तीन काम शिक्षा सेवा और मतदान



निज संवाददाता

**बारुण (औरंगाबाद)।** सोमवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित संगोष्ठी बारुण प्रखंड के पिपरा पंचायत मुख्यालय में किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ पिपरा पंचायत के चर्चित समाजसेवी विकास कुमार सिंह, सौरभ कुमार, रीमा देवी, सूबा लाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि युवा शक्ति के तीन काम शिक्षा सेवा और मतदान। उन्होंने कहा कि देश को आगे बढ़ाने के लिए युवाओं को अपने अधिकार के प्रति जागरूक होना होगा। मत का अधिकार बहुत बड़ा अधिकार है। हमें इस अधिकार का सदुपयोग करना चाहिए। वक्ताओं ने उपस्थित युवाओं को संबोधित करते कहा कि आप मतदान करें और दूसरे को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। हमलोग संकल्प में की मत का अधिकार जरूर करेंगे। वक्ताओं ने नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान का सराहना करते हुए कहा कि समय-समय पर इस तरह के आयोजन से समाज में जागरूकता आती है। इस अवसर पर विनय कुमार, अजय कुमार, राकेश कुमार, मयंक सिंह, राजू कुमार, धर्मेंद्र सिंह, गजेंद्र कुमार, बंटी राम, सुरेंद्र राजवंशी, दीना पासवान, बैजनाथ गुप्ता, हरि नारायण सिंह, गोविंद कुमार आदि उपस्थित थे।


बिहार सरकार
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग






शीत लहर से पशुओं का बचाव

पशुओं की देखभाल के लिए आवश्यक सुझाव

**क्या करें**

1. स्थानीय मौसम पूर्वानुमान की जानकारी रखा जाए।
2. शीत लहर से पशुओं के बचाव की पूर्व तैयारी कर ली जाए।
3. पशुशाला को सभी तरफ से ढ़कने (विशेषकर रात्रि में) की व्यवस्था की जाए ताकि सीधे तौर पर शीत लहर से पशुओं को बचाया जा सके।
4. पशुओं के बिछावन हेतु सूखे पुआल की व्यवस्था कर ली जाए।
5. शीतदंश (Froast Bite) से बचाव हेतु पर्याप्त रोशनी तथा गर्मी प्रदान करने वाले उपकरणों की व्यवस्था पूर्व में कर ली जाए।
6. पशुओं को कीड़ा मारने वाली दवा जाड़े के पूर्व दे दी जानी चाहिए एवं खुरहा, पी0पी0आर0, इन्टेरोट्रॉकसीमिया रोग के विरूद्ध टीकाकरण कराना चाहिए।
7. पशुओं को सूखे एवं धुँआ रहित स्थानों पर रखा जाए।
8. मुर्गियों/पक्षियों को रखने के स्थान पर गर्मी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करनी चाहिए।
9. वाह्य परजीवियों से पशुओं को बचाने हेतु नारगुण्डी तथा लेमन ग्रास की पत्तियों को पशुशाला में टांगना चाहिए। नीम तेल से युक्त निस्क्रामक रसायनों (Disinfectant) का उपयोग किया जाना चाहिए।
10. जाड़े में पशुओं के शरीर को ढ़क कर रखा जाए।
11. पशुओं को संतुलित एवं नमक/इलेक्ट्रोलाईट से युक्त पूरक आहार देना चाहिए। खल्ली एवं गुड़ की अतिरिक्त मात्रा दिया जाना चाहिए ताकि शरीर गर्म रहे।
12. पशुओं को स्वच्छ नाद में हल्का गर्म पानी दिन में तीन–चार बार देना चाहिए।
13. पशुओं/पक्षियों के बीमार होने पर शीघ्र स्थानीय पशु चिकित्सालय से सम्पर्क करना चाहिए।
14. बीमार, कमजोर एवं गर्भवती पशुओं का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।
15. पशु शवों का निस्तारण वैज्ञानिक तरीके से एवं लोगों के निवास तथा जलस्त्रोतों से पर्याप्त दूरी रखते हुए किया जाना चाहिए।
16. आग के स्त्रोत पशुशाला से आवश्यक दूरी पर रखना चाहिए तथा अग्नि आपदा से बचाव के सभी नियमों का पालन किया जाना चाहिए।
17. पर्यावरण के अनुकूलन के साथ पशुशाला का निर्माण, जिसमें जाड़े में अधिकतम सूर्य–किरण एवं गर्मी में न्यूनतम रेडिएसन की उपलब्धता हो, कराया जाए।





**क्या न करें**

1. शीत ऋतु में पशुओं को खुले में नहीं छोड़ना चाहिए।
2. पशु मेला आदि का आयोजन शीत ऋतु में नहीं किया जाना चाहिए।
3. ठंडा भोजन एवं पानी पशुओं को नहीं देना चाहिए।
4. पशुओं एवं मुर्गियों/पक्षियों को नमीयुक्त या धुँआ वाले स्थान पर नहीं रखना चाहिए, इससे Pneumonia का खतरा बढ़ता है।
5. पशुओं के चारागाह के रास्ते में पशु शवों का निस्तारण नहीं करना चाहिए।
6. बीमार पशुओं की चिकित्सा फर्जी चिकित्सकों से नहीं कराना चाहिए।

PR. No. 017747 (Animal)D. 2023-24

पशुपालन निदेशालय, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना द्वारा जनहित में प्रचारित